सेंसेक्स 74,119.39 ▲ +33.40
डॉलर 82.718 ▼ -0.006

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 28.0 | 15.0 | 20.0 |
| धनबाद | 30.0 | 16.0 | 23.0 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 14.0 | 25.0 |
| पलामू | 30.0 | 14.0 | 22.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14, विक्रम संवत 2080 | रांची, शनिवार, 09 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-39, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय | मानवता की तबाही की कीमत ... 06


रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


'आप' ने शुरू किया लोकसभा चुनाव ...10 | देश-विदेश





PR No. 321940 (IPRD) 2023-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### दो दिवसीय निर्मल महतो मेला का होगा आयोजन

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली बुढ़ाम में दो दिवसीय शहीद निर्मल महतो झारखंड मेला का आयोजन महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर 9 एवं 10 मार्च को झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार की ओर से किया गया है। 9 मार्च को सुबह 11 बजे भगवान शिव की पूजा आराधना कमेटी के लोगों के द्वारा की जाएगी। 10 मार्च को 1 बजे शहीद निर्मल महतो को श्रद्धांजलि एवं माल्यार्पण कर मेला का शुभारंभ किया जाएगा। मेले में मुर्गा लड़ाई एवं छऊ नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस के पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय एवं मुख्य अतिथि के रूप में मेले के मुख्य संरक्षक झामुमो के रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया उपस्थित रहेंगे। मौके पर मेला कमेटी के संरक्षक हरिदास मुंडा, दशरथ महतो, रामपदो महतो, अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, उपाध्यक्ष दिलीप महतो, सचिव भागीरथ महतो, उप सचिव मिथुन चंद्र महतो, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार, उप कोषाध्यक्ष अनिल बेदिया, सक्रिय सदस्य के रूप में मुकेश कुमार महतो, दुलाल मोदक, फेंकना महतो उपस्थित रहेंगे।

### एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति को अझाश्र संघ ने दिया समर्थन

**रांची।** एचईसी मुख्यालय के समक्ष पिछले 51 दिनों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति को आजसू पार्टी के मजदूर संगठन अखिल झारखंड श्रमिक संघ ने समर्थन दिया है। आजसू पार्टी के केन्द्रीय संगठन सचिव एस अली ने शुक्रवार को कहा कि श्रमिक की लड़ाई केवल बकाया वेतन और ठेका श्रमिकों का कॉन्ट्रेक्ट रिन्यूअल करने की नहीं, बल्कि एचईसी बचाने का भी है। देश को सुपर पावर बनाने में एचईसी का बड़ा योगदान है। भारत के गौरव एचईसी का संचालन को फिर से सुचारू रूप हो इसके लिए मजदूरों की जायज मांग पर सरकार और प्रबंधन आपसी तालमेल बनाकर विचार करें। एस अली ने एचईसी के मामले पर झारखंड सरकार की रवैये पर भी सवाल खड़ा किया। साथ ही पड़ी जमीन को रैयतों को वापस करने के बजाए प्रबंधन द्वारा बेचन को असंवैधानिक व नियम विरुद्ध करार देते हुए एचईसी श्रमिकों का बकाया वेतन और कॉन्ट्रेक्ट रिन्युअल करने की मांग की।

### माकपा 13 को एसबीआई शाखाओं के सामने करेगा विरोध प्रदर्शन

**रांची।** माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा है कि 13 मार्च को राज्य के सभी एसबीआई शाखाओं के सामने पार्टी की ओर से विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में कहा कि प्रदर्शन की वजह एसबीआई सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश का पालन करने में विफल रहा है, जिसमें चुनावी बांड को असंवैधानिक घोषित करते हुए छह मार्च तक उसे चुनाव आयोग को चुनावी बांड का विवरण उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था । इस फैसले में एसबीआई को उक्त जानकारी देने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया गया था।





# खलारी में भक्तिभाव से मना महाशिवरात्रि का त्योहार

खलारी। खलारी में महाशिवरात्रि का पर्व भक्तिभाव से मनाया गया। शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की विधि पूर्वक उपासना की। मौसमी फल-फूल, बेलपत्र, भांग, दूध, घी, मधु तथा जल से उनका अभिषेक किया गया। क्षेत्र के प्रसिद्ध शिवालयों श्रीराम जानकी मंदिर शिवालय, पहाड़ी मंदिर शिवालय, खलारी बाजारटांड़ शिवालय, करकट्टा शिवालय, नौ नंबर मंदिर धमधमिया, खलारी महावीरनगर अमृतनगर स्थित बाबा अमृतेश्वर धाम शिवालय आदि में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। इधर खलारी थाना परिसर स्थित शिवालय में शिव पार्वती विवाह तथा भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यजमान के रूप में थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह सपत्नी पूजन किए। पुजारी बृजराज दुबे ने विधानपूर्वक पूजन कराया। इधर केदल भगत मोड़ स्थित शिव महेश्वर आश्रम सेवाधाम के सहेदा मंदिर में शिवरात्रि महापर्व धूमधाम से मनाया गया। आसपास के सैकड़ो श्रद्धालु शिवमहेश्वर धाम शिवालय में बोलबम व हर-हर महादेव का जयकारा लगाते हुए जलाभिषेक किए। इस अवसर पर वहां पारंपरिक मेला भी लगाया गया। शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। थाना क्षेत्र में महाशिवरात्रि के सभी आयोजनों में जिला पुलिस बल के महिला व पुरूष जवानों की तैनाती की गई थी।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रामगढ़।** पलाश जेएसएलपीएस रामगढ़ द्वारा संचालित सभी संकुल संगठनो में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण पर किए जा रहे कार्यों की चर्चा की गई। साथ ही संकुल संगठन के सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता रंगोली, रैली, मतदाता शपथ एवं महिला सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुजू पश्चिम पंचायत भवन में पुंडी आजीविका महिला संकुल संगठन के महिलाओं के द्वारा बड़ी धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीता सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही पंचायत मुखिया जय कुमार ओझा, बीपीओ भास्कर महापात्रा एवं जेडीएलपीएस कर्मचारी अनिल कुमार महतो, विकास उरांव , संकुल संगठन की पदाधिकारी साहिन खान ,संदीप केसरी ,पिंकी देवी , सरोज हसदा सैकड़ों की संख्या में स्वयं सहायता समूह एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित हुई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, महिला सामाजिक विकास, पेंटिंग प्रतियोगिता ,स्लोगन प्रतियोगिता, लोकगीत प्रतियोगिता में भाग लेकर लोगों को मनोरंजन कर जागरूक करने का कार्य किया उपस्थित मुख्य अतिथि डीपीएम रीता सिंह द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मनोबल को उत्साह भी करने का कार्य किया।

### टूटी सड़क व पुल निर्माण की मांग ग्रामीणों संग धरने पर बैठी विधायक

**मांडर।** बीते साल भर से टूटी मुर्गु पुल एवं आए दिन हो रहे दुर्घटनाओं से आहट ग्रामीण के साथ शुक्रवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की राष्ट्रीय राजमार्ग 39 रांची डालटेनगंज मार्ग में मुरगु के समीप धरने पर बैठ गई। सड़क जाम की सूचना पाकर आनन फानन में संबंधित पदाधिकारी पुल के समीप पहुंचे जहां विधायक ने उनकी जमकर क्लास लगाई। चेतावनी देते हुए अधिकारियों को विधायक ने कहा कि समय रहते महीने भर के अंदर सड़क एवं पुल को दुरुस्त करें ।अन्यथा आपके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि आज के बाद इस सड़क पर यदि दुर्घटना होती है तो मृतक के परिजनों को 10 लख रुपए मुआवजा एन एच ए आई द्वारा देना होगा। साथ ही घायलों का समुचित इलाज की व्यवस्था करनी होगी । काफी समझाने के बाद विधायक ने जाम तोड़ा।

## शिवरात्रि के मौके पर भव्य बारात का आयोजन

# ऐतिहासिक महादानी मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक महादानी मंदिर व खुखरागढ़ मुड़हर पहाड़ तथा हरिहरपुर जामटोली पहाड़ के ऊपर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के मौके पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों लोगों ने भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती के भक्ति और आस्था के सागर में डुबकी लगाई। महाशिवरात्रि के मौके पर आयोजित भगवान भोलेनाथ की बारात में हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। बारात में हरिहरपुर जामटोली के हरि गोप ने भगवान भोलेनाथ तथा शिवम गोप ने मां पार्वती के रुप में लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। बारात गायत्री नगर बेड़ो से निकाली गई। बारात में पुजारी अशोक पंडा, मेघनाथ गिरी, बाबा बजरंगी दास तथा महादानी सत्संग समिति के हरखनाथ महतो, जगदीश प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, हरि सोनी, हिंदु जागरण मंच के वाणी कुमार राय शिवेंद्र सौरभ, रमेश



प्रसाद गुप्ता राजेश प्रसाद, मुकेश कुमार राय सनातन सेना के राजा मिश्रा, आदित्य कुमार गुप्ता, यशवंत बड़ाईक, कुश गुप्ता, अनुराग सोनी, परशुराम साहु, नकुल राम महथा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व संयोजक अंकित सोनी, आकाश रक्षित सहित सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के बारात में हिस्सा लिया। बारात गायत्री नगर, हरिहरपुर जामटोली रोड, बेड़ो बस्ती, बाजार टांड़ होते हुए मुख्य सड़क देवी मंडप से महावीर चौक होते हुए ऐतिहासिक महादानी मंदिर पहुंचा। यहां बारातियों का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात शिव पार्वती के विवाह पूरे विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया। बारात के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व अहले सुबह से ऐतिहासिक महादानी मंदिर सहित खुखरा गढ़, हरिहरपुर जामटोली पहाड़ तथा तुको सहित विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर में लंबी कतार देखी गई। श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की और माथा टेका।

## श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में महाशिवरात्रि पर हुआ महारुद्राभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर देवों के देव महादेव की विशेष पूजा अर्चना करके महारुद्राभिषेक किया गया। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली, निकुंज नारनौली व रतन शर्मा ने परिवार के साथ स्फटिक के महादेव कर महारुद्राभिषेक किया। सांयकाल शिव परिवार का विशेष शृंगार कर भोग लगाया गया। विशेष आरती भी की गई। केसरिया पेड़ा फल प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, कैलाश सिंघानिया, कोलकाता के अभिषेक जालान सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### फागुन महोत्सव को लेकर हुई बैठक

पांच दिवसीय फागुन महोत्सव को लेकर श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में एक बैठक आयोजित की गई। बड़ी संख्या में सदस्य एवं मंडल से जुड़े कार्यकर्ता श्याम प्रेमी ने इस बैठक में भाग लिया। इस उत्सव को लेकर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं महोत्सव संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने सदस्यों के बीच कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। सभी आए सदस्यों एवं श्याम प्रेमियों ने अपने-अपने तरफ से कई तरह के सुझाव भी दिए।

### रूडसेट में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि मेरी अलमा रुंडा वार्डेन कस्तूरबा गांधी स्कूल सिल्ली के द्वारा उदघाटन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अथिति ने महिलाओ की सम्मान की बात करते हुए सभी महिलाओ को कंधे से कंधे मिलाकर चलने की बात कही। रुडसेट संस्थान के निदेशक ने कहा की काफी लंबी लड़ाई करने के बाद महिलाओ को अपना अधिकार और सम्मान मिला क्योंकि महिलाएं भी किसी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है।

## न्यूज बॉक्स

### खलारी के नए डीएसपी ने संभाला पदभार



**खलारी।** खलारी पुलिस अनुमंडल के नए पुलिस उप अधीक्षक रामनारायण चौधरी ने शुक्रवार को पदभार संभाल लिया। पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय खलारी में उन्होंने पदभार लेने की आवश्यक औपचारिकता पूरी की। नए डीएसपी ने कहा कि खलारी पुलिस अनुमंडल के सभी थानाक्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए सभी स्थानीय पुलिस पदाधिकारियों, स्थानीय जनता, पत्रकारों का सहयोग अपेक्षित है। आम जनता किसी भी तरह की जानकारी दे सकती है। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। आम जनता व कारोबारियों के लिए भयमुक्त वातावरण बनाएंगे। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वे गिरिडीह में थे।

### महाशिवरात्रि के अवसर पर निकाली गयी शिवजी की बारात सह शोभा यात्रा



**सिल्ली/मुरी।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजकीय रेल थाना मुरी के बैरक में स्थित शिव मंदिर से संध्या 6 बजे थाना प्रभारी जमादार मुंडा के नेतृत्व में शिवजी की बारात सह शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा रेलवे बाजार छोटा मुरी एवं रेलवे कॉलोनी भ्रमण करते हुए ए टाइप मंदिर पहुंची एवं रात्रि में 8 बजे शिव जी का रुद्राभिषेक किया गया। तदोपरांत उपरोहित के द्वारा पूरे विधि विधान एवं मंत्र उच्चारण के साथ शिव पार्वती का शुभ विवाह कराया गया। बारात में भक्तों की संख्या काफी थी। कुछ भक्तगण भूत बैताल का रूप धारण किए हुए थे जो काफी आकर्षक दिख रहे थे। भक्तगण नाचते गाते शिवजी का जयकारा लगा रहे थे। बारात भ्रमण के पश्चात महाभोग एवं भंडारा का भी आयोजन किया गया था जिसका भक्त जनों ने आनंद उठाया। मौके पर मुरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार, सांसद प्रतिनिधि विनोद साहू, रितेश वर्मा मुंशी,अवर निरीक्षक बहुरन भगत, प्रयाग तिवारी, रंजन सिंह,इंद्रसेन सिंह,अनिल कुमार, कमलेश दुबे, राकेश सिन्हा,रविंद्र नाथ महतो, प्रवीण पांडे, दिनेश बनर्जी, अंजनी कुमार, जयचंद पासवान, अरुण कुमार यादव,संदीप साहू,समेत सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।

### क्षेत्र में शिवरात्रि पूजा की धूम, सुबह से मंदिरों में भक्तों की लगी लंबी कतार



**मांडर ।** प्रखंड स्थित तिगोईअम्बाटोली में शिवरात्रि पर आज शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ पूजा अर्चना किया। मंदिर में पुजारी सुधाकर पाठक द्वारा पुरे विधि - विधान के साथ पूजा कराया गया। जलेश्वर धाम में धूम धाम से महाशिवरात्रि की पूजा अर्चना श्रद्धापूर्वक की गई। हजारों की संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे। सुबह से ही श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना की गई। दोपहर से मेला भी लगाई गई। मंदिर में सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम मांडर थाना से किए गए हैं। मंदिर और मेले में सुरक्षा के लिए जगह-जगह पुलिस कर्मी सुरक्षा में लगे हैं। मंदिर परिसर में विधि - व्यवस्था को बनाए रखने में पूजा समिति के अध्यक्ष बंधन महतो, उपाध्यक्ष बिगल महतो, कार्यकारणी अध्यक्ष किसुन पहान, सचिव विनोद महतो, रबुल अंसारी, सदस्य रमा महतो, हरिराम करमाली, देवमोहन, सचिन्द्र, उमाशंकर, शिवम पाठक, पप्पू, विकाश, दुखना मुंडा सहित अन्य का योगदान रहा ।

# भोपाल के इंद्राणी महोत्सव में नागपुरी डोमकच नृत्य की धूम



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, मध्य प्रदेश की संस्कृति परिषद द्वारा भोपाल में 8 से 10 मार्च 2024 तक जनजातीय संग्रहालय भोपाल में आयोजित इंद्राणी समारोह में झारखंड की सुलेखा कुमारी के नेतृत्व में कलाकारों ने 'छोटे-मोटे गलती में न तो गरियाबे आयो, बेटी छऊवा हेको माय दु दिन के मेहमान' के बोल पर नागपुरी डोमकच नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने को मजबूर कर दिया। इस महोत्सव में झारखंड के अलावा असम, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना आदि राज्य के लोक कलाकारों ने भी अपनी अपनी प्रस्तुति दी। वादक दल में शामिल मुख्य कलाकार बांसुरी में खेलावन लोहरा, मांदर राजेश बड़ाइक, नागड़ा स्वीटी प्रदीप लाकड़ा एवं सुखराम मुंडा, नृत्य में दल नेत्री सुलेखा कुमारी के आलावा मीणा कच्छप, किरण कुमारी, मनिता तिर्की, मनीषा सैमुर्गा, निधि तिर्की, निकिता तिर्की, अंजली कच्छप, ज्योति टोप्पो, सती उरांव आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### रांचीवासियों का भा रहा इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर

**रांची।** मोरहबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के सातवें दिन शुक्रवार को भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। महाशिवरात्रि की छुट्टी होने के कारण लोग अपने परिवार और दोस्तों के संग ट्रेड फेयर में खरीदारी की। साथ ही, खाने का भी लुफ्त उठाया। वहीं, लोग तीन हजार या इससे अधिक की खरीदारी पर सुनिश्चित उपहार दिया जा रहा है, जिसका लाभ लोग उठा रहे हैं। ट्रेड फेयर के इंटरनेशनल हैंगर 2 में लगे पाई एंड थाईज, जो कि प्रीमियम बेकर हाउस कैफे है, उसमें केक की कई वेरायटी उपलब्ध है। केक पर लोगों को 10 प्रतिशत की छूट मिल रही है। टिकट काउंटर पर इसकी जानकारी लोगों को दी जा रही है। ट्रेड फेयर में फेयर में दुबई, थाईलैंड ईरान अफगानिस्तान बांग्लादेश तुर्की मलेशिया समेत 12 देश और राज्यों के स्टॉल लगे हुए हैं, जहां तरह-तरह के उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है। एक ही प्लेटफार्म के नीचे हर आयुवर्ग के लिए उत्पाद उपलब्ध होने के चलते शहरवासी विविध प्रकार की स्टॉल में मनपसंद की चीजें खरीदने में मशगूल रहे। साथ ही, मनोरंजन का भी लुत्फ उठाया।


बैठक सूचना

॥ श्री हरि ॥



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है

स्व. श्री हरि कृष्ण बजाज

का गोकुलावास मांगलवार, 5 मार्च, 2024 को हो गया है

बैठक

दिनांक : 9 एवं 10 मार्च 2024

दिन : शनिवार एवं रविवार

समय : अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक

स्थान :401, बालाजी गार्डन, आदित्य प्रकाश जालान पथ, कांके रोड, रांची

फर्म :

जेठमल रामकुमार

9835167479

8897425411

शोकाकुल

श्याम कृष्ण बजाज (भ्राता)

राम करण बजाज (भ्राता)

रवि बजाज (पुत्र)

एवं बजाज परिवार

संसेक्स 74,119.39 ▲ +33.40
डॉलर 82.718 ▼ -0.006

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 28.0 | 15.0 | 20.0 |
| धनबाद | 30.0 | 16.0 | 23.0 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 14.0 | 25.0 |
| पलामू | 30.0 | 14.0 | 22.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14, विक्रम संवत 2080 | रांची, शनिवार, 09 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-39, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय — मानवता की तबाही की कीमत ... 06
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
'आप' ने शुरू किया लोकसभा चुनाव ...10 — देश-विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 61,700

चांदी (1 किलो) 78,500

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

# ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर को संरक्षित करेगी मेरी सरकार : मुख्यमंत्री चंपाई

■ सीएम ने बाबा भोलेनाथ से झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि और उन्नति की कामना की ■ चंपाई सोरेन पहाड़ी मंदिर परिसर में आयोजित शिव बारात कार्यक्रम में हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर परिसर में आयोजित श्री शिव बारात कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने यहां पूरे विधि-विधान से बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर समस्त राज्यवासियों के सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी लोग देवों के देव महादेव की पूजा-अर्चना कर महाशिवरात्रि का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार रांची स्थित ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर को संरक्षित करेगी। इस धार्मिक धरोहर को देश में अलग पहचान दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए जाएंगे। उन्होंने शिव बारात आयोजन महासमिति को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने पहाड़ी मंदिर परिसर में उपस्थित सभी महिला श्रद्धालुओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, विधायक सीपी सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



## बाबा बैद्यनाथ मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**देवघर।** महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को बाबानगरी देवघर का दृश्य देखते ही बन रहा था। तड़के 3:05 बजे बाबा बैद्यनाथ के मंदिर का पट खुला। सबसे पहले कांचा जल पूजा हुई। इसके बाद 4:35 बजे से हजारों की संख्या में आम भक्तों ने पूजा-अर्चना शुरू की। दर्शन के लिए मंदिर से पांच किलोमीटर तक लाइन लगी रही। श्रद्धालु के कतारबद्ध तरीके से होकर बाबा बैद्यनाथ मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर बाबा को जल अर्पण किया। राज्य के अलावा कई राज्यों के श्रद्धालुओं की भीड़ से पूरा परिसर भक्ति में गोते लगा रहा था। पूरा मंदिर बोल बम, ओम नमः शिवाय, जय शिव के नारों से गूंज रहा था। भोलेनाथ के दर्शन को लेकर बीते गुरुवार की शाम से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचने लगी थी। शिवरात्रि को लेकर बैद्यनाथ मंदिर में कई परंपराओं का भी आज निर्वाह किया जाता है, जिसमें सिंदूरदान की परंपरा गठबंधन की परंपरा बाबा बैद्यनाथ मंदिर में चार पहर की पूजा की परंपरा के अलावा रात्रि में भव्य बारात निकली जाती है।



## एक नजर

### जेपीएससी की परीक्षा 17 को, अभी तक जारी नहीं हुआ एडमिट कार्ड

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) सिविल सेवा की परीक्षा 17 मार्च को है लेकिन अब तक इसका एडमिट कार्ड जारी नहीं हुआ है। कुल 342 पदों पर होनी वाली इस परीक्षा में मात्र नौ दिन बाकी हैं। राज्य गठन के 24 वर्षों में आठवीं बार जेपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा के लिए आवेदन फरवरी के पहले सप्ताह से लिया गया था।

**इन पदों पर होगी नियुक्ति :** उप समाहर्ता (डिप्टी कलेक्टर)-207, पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी)-35, राज्य कर पदाधिकारी-56, कारा अधीक्षक-2, झारखंड शिक्षा सेवा (कैटेगरी-2)-10, जिला समादेष्टा-1, सहायक निबंधक-8, श्रम अधीक्षक-14, प्रोबेशन पदाधिकारी-6, उत्पाद निरीक्षक-3 पद।

### धारदार हथियार से बेटी की हत्या कर शव जंगल में दफनाया

**मेदिनीनगर/चैनपुर।** थाना क्षेत्र के सलतुआ गांव में बाप ने बेटी की धारदार हथियार से हत्या कर शव को जंगल में दफना कर फरार हो गया। तीन दिन बाद जब ग्रामीणों को इसकी भनक लगी तो पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों संग जंगल में जाकर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में किशोरी के शव को गड्ढे से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेजवाया। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के सलतुआ गांव में मथुरा सिंह अपनी 16 वर्षीय बेटी पम्मी के साथ रहता था। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले उसका अपनी बेटी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान उसने अपनी बेटी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इसके बाद शव को जंगल में ले जाकर एक गड्ढे में दफनाकर फरार हो गया। पुलिस फरार हत्यारोपी की तलाश कर रही है।

# कांग्रेस ने 39 नामों की पहली सूची जारी की

## लोकसभा चुनाव : राहुल गांधी वायनाड से ही लड़ेंगे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 39 उम्मीदवारों के नाम की पहली सूची जारी की है। इसमें पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पार्टी नेता शशि थरूर, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित कई नेताओं के नाम हैं।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पार्टी की पहली सूची जारी की है। राजनांदगांव से भूपेश बघेल, दुर्ग से राजेंद्र साहू, तिरुवनंतपुरम से डॉ. शशि थरूर और अलप्पुझा से केसी वेणुगोपाल का नाम शामिल है। कांग्रेस की जारी सूची के अनुसार जांजगीर-चांपा (एससी) से ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

### हर ग्रेजुएट को अप्रेंटिसशिप का अवसर व एक लाख रुपये देंगे

कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र में युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरियां देने के वादे सहित पेपर लीक से मुक्ति, गिग कर्मियों के लिए सामाजिक सुरक्षा और युवा रोशनी के तहत जिलों में स्टार्ट अप के लिए 5,000 करोड़ रुपए की योजना वाले होंगे। राहुल ने राजस्थान के बांसवाड़ा में अपनी न्याय यात्रा के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, युवाओं के लिए कांग्रेस पार्टी क्या करने जा रही है? सबसे पहला कदम, हमने गिनती की है- हिंदुस्तान में 30 लाख सरकारी पद खाली हैं। भाजपा इन्हें भरवाती नहीं है। सरकार में आने के बाद एक दम पहला काम होगा कि ये 30 लाख सरकारी नौकरियां हम दे देंगे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी देने का वादा किया गया है। ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

# कोल डंप पर वर्चस्व की लड़ाई में फायरिंग और बमबारी

**गोलीबारी-बमबाजी में एक दर्जन घायल, मजिस्ट्रेट-मीडिया के वाहनों में भी तोड़फोड़**

### पुलिस ने छह जिंदा बम और कई खोखा बरामद किए, पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील

### कोयले के उठाव व लोडिंग के लिए विधायक ढुल्लू महतो समर्थक और संयुक्त मोर्चा आमने-सामने



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

धनबाद में एक बार फिर कोयला में वर्चस्व को लेकर एक बार फिर जमकर बवाल हुआ है। इस खूनी झड़प के दौरान करीब 20 से 25 राउंड गोली और आधा दर्जन बम विस्फोट किया गया। इसमें करीब एक दर्जन लोगों के घायल होने की सूचना है। इसके साथ ही वहां मौजूद कई गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई है। घटना की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस और सीआईएसएफ जवानों के पहुंचने के बाद दोनों गुटों संघर्ष थमा। इसके बाद पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया।

बताया जा रहा है कि बीसीसीएल एरिया-5 के सिजुआ मोदीडीह कोलियरी स्थित तेतुलमुरी कोल डंप पर कोयले के उठाव और लोडिंग के काम को लेकर दो गुटों के बीच एक हफ्ते से तनाव की स्थिति बनी हुई थी। इनमें से एक गुट स्थानीय भाजपा विधायक ढुल्लू महतो के समर्थकों का है तो दूसरा गुट संयुक्त मोर्चा के बैनर तले एकजुट है। बताया जा रहा है कि उठाव और लोडिंग के काम में अवैध वसूली भी होती है। इनमें से एक गुट ने कुछ दिनों से ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

## अबु बकर सिद्दीकी फिर बने कृषि पशुपालन व सहकारिता के सचिव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राज्य सरकार ने पांच आईएएस का तबादला किया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना के अनुसार अबु बकर सिद्दीकी को फिर से कृषि विभाग की कमान सौंप दी है। पांच मार्च को अबुबकर को खान विभाग का सचिव बनाया गया था। साथ ही जेएसएमडीसी का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था। राज्य सरकार ने इस आदेश को विलोपित करते हुए फिर से अबुबकर को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का सचिव के पद पर यथावत बने रहने का आदेश जारी कर दिया है।

इसी प्रकार जितेन्द्र कुमार सिंह उद्योग विभाग के सचिव को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया है। वह अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष तथा खान आयुक्त के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इससे पहले पांच मार्च को जारी आदेश के अनुसार उन्हें कृषि विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई थी। ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 12 मार्च को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 12 मार्च को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने बताया कि मंत्रिपरिषद की बैठक अपराह्न चार बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। इसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे जाने की उम्मीद है।

### रिश्वत लेते लोहरदगा के अंचल कर्मचारी गिरफ्तार



**लोहरदगा।** लोहरदगा के अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी रामा महतो को एसीबी ने छह हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उसे अपने साथ एसीबी की टीम रांची ले गई है।

## ओहो बाबा 'पैर मत छुओ'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत मडंपम में पहले 'राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार' देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उस समय असहज हो उठे जब सर्वश्रेष्ठ कहानीकार के तौर पर पुरस्कृत कीर्तिका गोविंदासामी प्रधानमंत्री के पैर छूने के लिए बढ़ीं। कीर्तिका ने जैसे ही पैर छूने के लिए झुकी प्रधानमंत्री दो कदम पीछे हो गए। उनके मूंह से दो शब्द निकले ओहो बाबा पैर मत छुओ। यही नहीं प्रधानमंत्री ने दो बार झुककर कीर्तिका का अभिवादन किया। कीर्तिका गोविंदासीम को पुरस्कार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कला जगत में पैर छूना सम्मान की बात हो सकती है लेकिन राजनीति में पता नहीं है यह कैसी परंपरा बन गई है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि मैं पैर छूने से आकुल और अशांत हो जाता हूं। उस समय जब कोई बेटी पैर छूए तो मैं डिस्टर्ब हो जाता हूं। इसी तरह की घटना एक साल पहले 13 मार्च को कर्नाटक में भी हुई थी। जब एक महिला कार्यकर्ता ने मंच पर प्रधानमंत्री पैर छू लिए उसी समय प्रधानमंत्री ने खुद उनके पैर छूकर सभी को चौंका दिया था। 24 जून 2023 को अमेरिकी गायिका मैरी मिलिबेन ने भारत का राष्ट्रगान गाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पैर छुए थे। मैरी मिलबेन को पैर छूते देख प्रधानमंत्री ने उन्हें ऐसा करने से रोका और उनसे गर्मजोशी के साथ हाथ मिलाया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने मैरी मिलबेन को भारतीय अंदाज में ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर



### सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए मनोनीत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रसिद्ध समाजसेविका, शिक्षिका और लेखिका सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी जानकारी देते हुए उनके सफल संसदीय कार्यकाल की कामना की है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि मुझे खुशी है कि भारत की राष्ट्रपति ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। सुधा मूर्ति इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष भी हैं। उनके पति इंफोसिस के सह-संस्थापक एन आर नारायण मूर्ति हैं। यह इंग्लैंड के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की सास भी हैं।

## इंडिया आधी आबादी को साथ लेकर ही साकार होगा विकसित भारत का सपना



सुनील बादल

भारत 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के सपने का पीछा करता हुआ तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने और 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने की दौड़ में शामिल है। लेकिन इस सपने को साकार करने के लिए जरूरी है कि हम अपनी आधी आबादी यानी महिलाओं को घरों के अंदर समेट कर रखने के बजाय सशक्त बनाने के लिए ठोस कार्य करें। खेल, व्यवसाय,सेना से लेकर अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तक जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी दमदार उपस्थिति के साथ अपना महत्व साबित किया है। उनकी पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए उनका वित्तीय सशक्तीकरण आवश्यक है, ताकि वे देश के विकास को प्रगतिशील और समावेशी बनाने में बदलाव की भागीदार बन सकें। भारत और विशेषकर झारखंड में ग्रामीण महिलाएं पारंपरिक रूप से सक्रिय रही हैं पर मध्ययुग के कुप्रभाव से एक नव अविजात्य वर्ग ने उन्हें घरों की शोभा बना दिया था। आज महिला सशक्तीकरण महज एक नारा नहीं है, बल्कि आर्थिक-सामाजिक क्षेत्र में महानगरों के बाद अब छोटे और मझोले शहरों में भी महिलाओं ने खास तौर और सेवा, प्रबंधन और आईटी क्षेत्र में ठोस परिणाम देकर अपनी विशेषज्ञता का लोहा मनवाया है। श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर उन्हें सशक्त बनाने से न केवल जीडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, बल्कि अर्थव्यवस्था और भी मजबूत बनेगी। एक रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश लैंगिक रूप से समान अर्थव्यवस्था वाले देशों में लैंगिक रूप से असमान अर्थव्यवस्था वाले देशों की तुलना में औसत वार्षिक जीडीपी वृद्धि दर 0.8 प्रतिशत अधिक है। विकास दर में यह अंतर 15 साल की अवधि में जीडीपी के अतिरिक्त 20 फीसदी के बराबर है। मैकिंजे की एक रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने से 2025 तक भारत की जीडीपी 770 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ सकती है। इसलिए मजबूत आर्थिक विकास करने वाले भारत द्वारा श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उनका समर्थन करने से उसकी ताकत कई गुना बढ़ सकती है। इसे हासिल करने के लिए संगठनों को श्रमबल में विविधता लाने के महत्व और आवश्यकता को महसूस करने की जरूरत है। इसे सुनिश्चित करने से अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ सकती है और विविध विचारों और दृष्टिकोण वाली कंपनियों को लाभ भी हो सकता है। चूंकि महिलाएं कई भूमिकाएं निभाती हैं और व्यक्तिगत एवं पेशेवर स्तर पर विभिन्न तरह की जिम्मेदारियां संभालती हैं, इसलिए संगठनों को उन्हें काम एवं जीवन में बेहतर संतुलन बनाने में मदद करने के लिए आगे आना चाहिए, ताकि वित्तीय विकास के लिए उन्हें अपने निजी जीवन का त्याग न करना पड़े। लचीली कार्य-व्यवस्था प्रदान करने, प्रगतिशील अवकाश नीति अपनाने, बाल-देखभाल सहायता सुनिश्चित करने एवं उन्हें अन्य सुविधाएं देने से इसे आसानी से हासिल किया जा सकता है। झारखंड जैसे राज्य में खेल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपलब्धियों से देश को गौरान्वित करने वाली महिलाओं की पृष्ठभूमि बहुत ही मामूली अर्थव्यवस्था वाली रही है जिन्हें कई बार पौष्टिक भोजन और खेल के लिए बाहर जाने के लिए या तो आंदोलन करना पड़ा है या चंदा करना पड़ा है। आज स्थितियां जरूर सुधरी हैं और एफआइएच अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी मैच का रांची में आयोजन से झारखंड की साख बढ़ी है। झारखंड की जनजातीय समुदाय की लाखों महिलाएं सदियों से अन्य राज्यों में काम करने जाती रहीं हैं कई बार उनके साथ दुर्व्यवहार और यौन शोषण तक हुआ है उनकी सुरक्षा और उनके हितों की रक्षा के लिए विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।



## जमशेदपुर में फोर लेन कॉरिडोर के लिए 936 करोड़ की मंजूरी

### नितिन गडकरी ने कहा, कालीमंदिर-डिमना चौक-बालीगुमा खंड पर 10 किमी लंबा कॉरिडोर बनेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने झारखंड और गुजरात के राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए 2468.52 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। केंद्रीय मंत्री ने शुक्रवार को अपने एक्स हैंडल पर यह जानकारी साझा की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड के जमशेदपुर शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग -33 (नया -18) के कालीमंदिर-डिमना चौक-बालीगुमा खंड पर 10 किमी लंबे 4-लेन एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण के लिए 936.26 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। जमशेदपुर शहर में भीड़भाड़ को कम करने के लिए परियोजना सड़क को 4-लेन सिंगल-एलिवेटेड कॉरिडोर के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से बनाई गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि गुजरात में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के उन्नयन के लिए 1532.97 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।

# महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़





**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर सहित कई शिवालयों में शुक्रवार को महाशिवरात्रि को लेकर दिनभर भक्तों की भीड़ लगी रही। मंदिरों के पट प्रातः पूजा के बाद भक्तों के लिए खोल दिए गए थे। सुरक्षा को लेकर रांची में लगभग एक हजार पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। चुटिया के सुरेश्वर धाम, कोकर, बूटी मोड़, बरियातू, डोरंडा, हिनू, लालपुर, हरमू, अरगोड़ा आदि के मंदिरों में लोगों का तांता लगा रहा। मंदिरों में भक्ति गीत गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने सुबह से ही विभिन्न शिवालयों में जाकर शिवलिंग पर जल, दूध, सुगंध, फल-फूल अर्पित किया। रांची के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में सबसे अधिक भीड़ देखी गई। ओम नमः शिवाय और भोलेनाथ की जय-जयकार से मंदिर गूंजते रहे। पहाड़ी मंदिर में जल अर्पित करने के लिए अरघा की व्यवस्था की गई थी। वहीं, पहाड़ी मंदिर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए गए थे। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए और सुखदेव नगर थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी लगातार मॉनीटरिंग करते रहे। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि महाशिवरात्रि को लेकर रांची जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। अलग से पर्याप्त संख्या में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी गई है।

### दिनभर होता रहा जलाभिषेक

पहाड़ी मंदिर में प्रातः 3:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक जलाभिषेक होता रहा। यहां अत्यधिक भीड़ को देखते हुए बारी-बारी से भक्तों को बाबा के दरबार में जलाभिषेक करने के लिए भेजा जाता रहा। मुख्य मंदिर से लेकर सभी मंदिरों में जलाभिषेक के लिए अरघा लगाया गया था। भक्त इसी में बाबा को जल सहित अन्य पूजा सामग्री अर्पित करते रहे। पहाड़ी विकास समिति के सचिव राकेश सिंह ने कहा कि सुबह से शाम तक एक लाख से अधिक भक्तों ने बाबा का जलाभिषेक किया है।

### मुख्यमंत्री ने किया बाबा का दर्शन

मौसम साफ होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए। इस बीच, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बाबा के दर्शन के लिए आए। हर हर महादेव के नारे के साथ बाबा से हाथ जोड़ कर राज्य के कल्याण की कामना की। मौके पर पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, विधायक सीपी सिंह, आजसू नेता जितेंद्र सिंह, विनय सरावगी, राजेश साहू, बादल सिंह, रंजीत बिहारी प्रसाद, आरुण वर्मा सहित अन्य कई लोगों ने बाबा का जलाभिषेक किया।

### शिब बारात में उमड़ा जन समुद्र

पहाड़ी मंदिर सहित शहर के कई जगहों से शिव बारात निकाली गई। मैट्रो गली के कृष्ण नगर कालोनी, चंदेल के द्वारा किशोरगंज, रमेश सिंह द्वारा इंद्रपुरी से भव्य शिव बारात निकाली गई। वाहन में विराजे शिव पार्वती और उनके साथ शामिल भूत-पिशाच बने लोगों ने बाबा के संगीत पर नृत्य करते हुए झूमते रहे।

### पहाड़ी मंदिर के चारों ओर लगा जाम

पहाड़ी मंदिर मुख्य मार्ग पूरी तरह से जाम रहा। सड़क के दोनों ओर नारियल, फूल-पत्ती तथा अन्य सामानों के स्टॉल लगे हुए थे। वहीं, मंदिर से गुजरने वाली हरमू रोड की ओर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने बैरियर लगाये रखा। बालाजी मंदिर के पास भक्तो की भीड़ से सड़क घंटों जाम लगा रहा।

### सैकड़ों पाहन बाबा की सेवा में लगे रहे

बुधवा पाहन ने भोले बाबा की सेवा में अपना जीवन अर्पित कर दिया था। अब उनके वंशज बाबा की सेवा में लगे हुए है। रातू प्रखंड के कुडू बाजपूर के कई पाहन बाबा की सेवा करने के लिए रोज पहाड़ी मंदिर आते है। महाशिवरात्रि पर बुधवा पाहन के वंशज के लोग सुबह से ही मंदिर परिसर की साफ-सफाई सहित अन्य कार्यों में लगे रहे।

## पुलिस लाइन में अधिकारियों ने की भगवान शिव की पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ की आराधना की गई। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा अपनी मां और पत्नी के साथ पुलिस लाइन स्थित भगवान शिव के मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान एसएसपी ने पत्नी के साथ कीर्तन भी गाया।

इस दौरान सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ट्रैफिक एसपी सुमित कुमार अग्रवाल सहित कई अधिकारियों ने भी पूजा-अर्चना की। सभी ने भगवान शिव और मां पार्वती की आराधना की।

उल्लेखनीय है कि रांची पुलिस केंद्र में भगवान शिव का भव्य मंदिर है। यहां हर साल महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा का आयोजन होता है।

### रांची प्रेस क्लब में महिला दिवस समारोह में झासा अध्यक्ष ने कहा, कुछ भी असंभव नही

## यह नीला आकाश हमारा है : रंजीता हेंब्रम

**क्लब में महिला दिवस पर लगाया गया तीन दिवसीय बसंत मेला एवं रक्तदान शिविर**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है। यदि हम निश्छल व्यवहार करें, तो सबकुछ पा सकते हैं। यह कहना है झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झासा) की पहली महिला अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम का। वे शुक्रवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित महिला दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि बोल रहीं थीं। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह नीला आकाश हमारे लिए है, जैसे चाहें उड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुरुष हमारे प्रतिद्वंदी नहीं हैं, बल्कि पूरक हैं। उनके साथ मिलकर हम बेहतर समाज बना सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने महिला पत्रकारों को पत्रकारिता के मानवीय मूल्यों पर जोर देने की सलाह दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद आईपीएस सरोजनी लकड़ा ने अपने जीवन के अनछुए पहलुओं से महिलाओं को रूबरू करते हुए उन्हें हर मोर्चे पर मजबूती से अपनी लड़ाई लड़ने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि पुलिस में वरिष्ठ पदों पर रहते हुए कैसे उन्होंने अपने पारिवारिक, सामाजिक और प्रोफशनल दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुई हाईकोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता रिचा संचित ने बताया कि महिलाओं को सशक्त होना होगा। उन्होंने बताया कि जब वे हाईकोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की थीं, उस वक्त 15-20 महिला अधिवक्ता थीं। जबकि, आज 500 से अधिक है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ मृणालिनी ने कहा कि महिलाओं की शत्रु महिलाएं ही हैं। उन्होंने बताया कि जब वे लेबर रूम से बाहर निकलती हैं, तो उन्हें पता चल जाता है कि बाहर मां खड़ी हैं या सास। मां पूछती है कि बेटी कैसी है और सास पोते का हाल पूछती हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ महिला पत्रकार अनुपमा सिंह, शीला कुमारी और रजनीश सहित राजधानी में कार्यरत महिला पत्रकारों को प्रेस क्लब की ओर से पौधा और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। महिला दिवस पर प्रेस क्लब में पहली बार लगाए गए तीन दिवसीय बसंत मेला का उद्घाटन अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब ने रक्तदान शिविर का आयोजन हेल्थ प्वांइट हॉस्पिटल के सहयोग से किया। वरिष्ठ पत्रकार विजयकांत पाठक ने अपना 50वां रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, सचिव अमरकांत, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरि, सह सचिव रतनलाल, कार्यकारिणी सदस्य संजय सुमन, अरविंद प्रताप, विजय मिश्र, चंदन भट्टाचार्य, मोनू कुमार, सौरव शुक्ला व महिला पत्रकार शर्मिष्ठा मजूमदार, रेखा पाठक, करबी दत्ता, प्रियंका मिश्रा, प्रतिमा सिंह, सुषमा, नीलू, सुमेधा, नेहा वारशी, जया सिंह, लता रानी, पूजा बोस, आरती, नूतन, मृदुला आदि शामिल रहे।

## सेल रांची ने मनाया महिला दिवस



**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के संयंत्रों एवं सेल रांची ने शुक्रवार को एमटीआई रांची में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस अवसर पर सेल की महिला कर्मियों के साथ ऑनलाइन गोष्ठी में अमरेंदु प्रकाश, अध्यक्ष, सेल, अतानु भौमिक, निदेशक प्रभारी (आरएसपी), केके सिंह, निदेशक (कार्मिक) और एसएन गुप्ता सीवीओ एवं प्रत्येक इकाइयों के वरीय अफसरों ने भाग लिया। सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने जीवन के सभी क्षेत्रों की महिलाओं के योगदान की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेल को नंबर वन बनने के लिए हमें स्मार्ट वर्किंग पर ध्यान देना होगा और लोगों में भी निवेश करना होगा, क्योंकि लोग ही निर्णायक हैं, जो सेल को नंबर वन बनाने में मदद करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि परिवार और काम साथ-साथ चलते हैं। उन्होंने महिला कर्मचारियों के विकास के प्रति सेल की प्रतिबद्धता दोहराई। आरएसपी के निदेशक प्रभारी अतानु भौमिक ने विभिन्न विभागों का नेतृत्व करने वाली और इस अवसर पर आगे आने वाली महिलाओं की भूमिका की सराहना की। निदेशक (कार्मिक) श्री केके सिंह ने सेल की महिला कर्मचारियों, विशेषकर शॉप फ्लोर में काम करने वाले गैर-कार्यपालकों द्वारा किए गए अच्छे काम की सराहना की। सेल के सीवीओ श्री एसएन गुप्ता ने जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका को स्वीकार किया और उसकी सराहना की। इस अवसर पर सेल रांची इकाइयों से कार्यपालक निदेशक निर्विक बनर्जी, वेदप्रकाश एवं संदीप कुमार कर मौजूद थे।

## सर्कुलर रोड में खुला चाय सूट्टा बार का नया आउटलेट



**रांची।** राजधानी रांची के सर्कुलर रोड में अप्सरा होटल के सामने रोहिणी कांप्लेक्स में शुक्रवार को चाय सूट्टा बार का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सांसद संजय सेठ, ओनर रंजन सिंह की बेटी शनाया सिंह ने फीता काट कर किया। मौके पर रंजन सिंह की पत्नी प्रियदर्शनी सिंह, बहन अनीता सिंह और परिवार के लोग उपस्थित थे। ओनर रंजन सिंह ने बताया कि हमारे यहां चाय-काफी की बड़ी रेंज है, जिसके नाम भी कॉकटेल की तर्ज पर रखे गए है। साथ ही, उन्होंने बताया कि हमारे यहां स्नैक्स और फूड आइटम्स की भी अलग-अलग रेंज उपलब्ध है। चाय प्रेमियों के लिए चाय की वेराइटी रखी गई है। ये चाय लोगों को कुल्हड़ में परोसे जाएंगे। वहीं, कोल्ड ड्रिंक्स के साथ सॉफ्ट ड्रिंक भी रखे गए है। ब्राउनी, आइसक्रीम और डेजर्ट्स भी लोगों की पसंद को देखते हुए रखा गया है। कॉफी में बियर कॉफी, रम कॉफी, व्हीस्की कॉफी, रेड वाइन कॉफी, ब्रांडी कॉफी है। जबकि, कोल्ड कॉफी में वोडका कोल्ड कॉफी, स्कॉच कोल्ड कॉफी जैसी कई वेरायटी अवेलेवल है। इसके अलावा, चाइनीज, बेकरी, पिज्जा, सैंडविच, बर्गर, मोमोज की भी बहुत सारी किस्में हमारे आउटलेट में हैं।

## पारस हॉस्पिटल में वीपी शंट माइग्रेशन के साथ दुर्लभ इंसीजनल हर्निया का इलाज

**न्यूरोसर्जरी टीम और एमआईएस (मिनिमल इनवेसिव सर्जरी) टीम ने करीब तीन घंटे तक सर्जरी कर मरीज की जान बचाई**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पारस अस्पताल के डॉक्टरों ने वीपी शंट माइग्रेशन के साथ दुर्लभ इंसीजनल हर्निया का सफल ऑपरेशन कर मरीज की जान बचाई। 50 साल की एक महिला मरीज दाहिने पेट में गंभीर दर्द और सूजन की शिकायत लेकर पारस अस्पताल पहुंची। महिला ने बताया कि वह असहनीय दर्द से गुजर रही है। उसने इसे कई सरकारी और निजी अस्पतालों में दिखाया था, मगर कहीं उसका इलाज नहीं हो पाया। पारस अस्पतालके डॉक्टरों ने महिला को अस्पताल में एडमिट कर लिया। फिर उनका इलाज शुरू किया। जांच में पाया कि बड़े आकार का सिस्टिक सूजन था। साथ ही, दाहिने पेट क्षेत्र में भी छोटा सिस्टिक सूजन था। डॉक्टरों ने जब पूरे पेट का सीटी स्कैन कराया, तो पाया गया कि बड़े आकार का ब्रेन का पानी सिस्ट के रूप में जमा है। न्यूरोसर्जन डॉ संजय कुमार एवं डॉ पैट्रिक मिज ने शंट के नली को दुरुस्त कर, पेट के अंदर दूरबीन के मदद से सिस्ट को काट कर निकाला।डॉ मेजर रमेश दास एवं डॉ ओमप्रकाश, मिनिमली इंवेशिव लेप्रोस्कोपिक सर्जन की टीम ने दूरबीन के द्वारा बड़े से हर्निया का ऑपरेट कर मेस डाल कर रिपेयर किया। इसे टीम सहयोग से, एक ही बेहोशी में, सभी विभाग के विशेषज्ञ के मौजूद रहने के कारण, यह संभव हो पाया तथा मरीज को जल्द राहत और कम खर्च में अस्पताल से छुट्टी दे पाना संभव हो पाया। पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने बताया की यहां मरीजों का विशेष ख्याल रखा जाता है।

## महिलाओं की उन्नति ही देश की प्रगति एवं समृद्धि : आशा लकड़ा

**आधी आबादी के बगैर विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है : डॉ अजीत कुमार सिन्हा**

**महिलाओं के विकास में सबका सहयोग जरूरी : हनी सिन्हा**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची विश्वविद्यालय की महिला कोषांग, आईक्यूएसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष 2024 के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के थीम 'एक ऐसी दुनिया, जहां हर किसी को बराबर का हक और सम्मान मिले' विषय पर संगोष्ठी एवं महिला जागरूकता रैली का आयोजन रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आरयू के मुख्य प्रशासनिक भवन परिसर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची नगर निगम की पूर्व महापौर डॉ आशा लकड़ा थीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की उन्नति में ही देश की प्रगति एवं समृद्धि है। उन्होंने कहा कि महिला और पुरुष के आपसी सामंजस्य से परिवार चलता है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी महिलाओं की है एवं प्रत्येक घर को महिला ही संभालती है। उन्होंने झारखंड की महिलाओं के बारे में बताया कि यहां की महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में सक्रिय योगदान दे रही हैं। इसका वर्तमान उदाहरण चामी मुर्मू हैं, जिन्हें पद्मश्री से नवाजा गया है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि आधी आबादी के बगैर विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं स्टार्टअप के क्षेत्र में भी पुरुष के बराबरी में खड़ी होकर अपनी पहचान बना रही हैं एवं अपने हुनर की डंका बजा रही हैं। उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं को विकसित भारत बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देने की अपील की। नेहरू युवा केंद्र संगठन की राज्य निदेशक हनी सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं के विकास में सबका सहयोग जरूरी है एवं जब महिलाएं खुशहाल होंगी तो देश भी विकसित होगी।

## आर्ट ऑफ लिविंग ने मनाया महाशिवरात्रि पर्व



**रांची।** आर्ट ऑफ लिविंग के रांची चैप्टर ने जेल रोड स्थित राज्य योग केंद्र में शुक्रवार को भक्तिपूर्ण महाशिवरात्रि मनाया। स्वामी शिवानंद ने रूद्र पूजा एवं रूद्र अभिषेक कराया। इसके पश्चात भक्तों ने मधुर भजनों के साथ सत्संग किया। इस अवसर पर रांची एवं आसपास क्षेत्रों से आए हुए भक्तों के अलावा झारखंड एपैक्स बॉडी के वर्तमान सदस्यगण राज्य शिक्षक समन्वयक राकेश भ्रमर, रांची के प्रशिक्षक, महिलाएं एवं बच्चे मौजूद थे।

## ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि में मनाया गया शिवरात्रि महोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के पिठौरिया स्थित बाडू में स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शुक्रवार को शिवरात्रि महोत्सव धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्मकुमारी शिव बाबा के झंडोतोलन के साथ हुआ। इस अवसर पर द्वादश ज्योतिर्लिंग की विधिवत पूजा अर्चना और विशेष आरती की गई है। साथ ही शिव भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर बी के राजमती ने शिवरात्रि के वास्तविक अर्थ पर प्रकाश डाला और बताया कि मनुष्य बड़ी श्रद्धा और उत्साह से शिवरात्रि मनाते हैं। अर्ध रात्रि से ही लाइन में लग जाते हैं। शिवजी पर जल और दूध के साथ साथ अर्क के फूल , धतूरा,बेलपत्र आदि चढ़ाते हैं। क्या कभी सोचा है क्यों। देवी देवताओं पर खुशबू दार फूल और मिठाई एवं शिव पर भांग, धतूरा इत्यादि,बेर अर्थात अंदर की ईर्ष्या बैर भाव को चढ़ाना। जबकि धतूरा विषय विकारों के अर्पण का प्रतीक है। भांग का अर्थ है कि परमात्मा के प्यार का नशा करना है। बेल पत्र तीनों कालों को दशार्ते है। शिवलिंग पर तीन लाइन और बिंदु दशार्ता है कि शिव तीनों लोकों के स्वामी हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी गांधीनगर स्कूल के प्रचार्य एस के सिन्हा, सुजला सिन्हा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव रंजन, भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी,नीतू अग्रवाल,विवेक अग्रवाल , संपत्ति देवी सहित कई लोग शामिल हुए।

### सीसीएल में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

## महिलाएं सभी क्षेत्रों में कर रहीं श्रेष्ठ प्रदर्शन





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय, रांची सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। बता दें कि दुनिया भर में महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए हर वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

इस वर्ष के उत्सव का थीम 'इंवेस्ट इन वीमेन एंपावरमेंट : एक्सेलरेटे प्रोग्रेस' है। वीमेन इन पब्लिक सेक्टर, सीसीएल द्वारा अवसर विशेष पर सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मौके पर जस्टिस रंजना अस्थाना, ईडी, आईआईसीएम, कामाक्षी रमन, कर्नल श्रद्धा, ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों और मुख्यालय से महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर कंपनी की 16 महिला कर्मचारियों एवं अन्य अचीवर्स को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सीसीएल के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने महिला दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने के महत्व पर भी जोर दिया। जस्टिस रंजना अस्थाना ने कहा कि आज के परिवेश में महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ मिलकर काम कर रही हैं और अव्व्ल प्रदर्शन कर रही हैं। कहा कि ऐसी महिलाओं की कमी नहीं है, जिन्होंने खुद को साबित करने के लिए कठिन बाधाओं को पार किया है। कामाक्षी रमन, ईडी, आईआईसीएम ने कहा कि महिलाओं को हर समय अपने ऊपर विश्वास रखना चाहिए और प्रतिदिन कुछ नया सिखने के लिए अपने आप को समय देना चाहिए।

### भौतिकता और आध्यात्मिकता के बीच संतुलन बना कर चलना जरूरी : ब्रह्माकुमारी

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि आधुनिकता से नहीं, अपितु अध्यात्म से महिला सशकतिकरण होगा। महिलाओं को पाश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण नहीं करना चाहिए, बल्कि अपने जीवन में भौतिकता और आध्यात्मिकता का संतुलन बनाकर चलना चाहिए। स्वतंत्रता का मतलब स्वच्छंदता नहीं है। आदि काल में जब महिला अध्यात्मिक शक्ति से संपन्न थीं, तब उसकी पूजा होती थी। मनुष्य शक्ति मांगने के लिए दुर्गा या अन्य देवियों के पास जाते हैं, किसी को धन चाहिए तो लक्ष्मी के पास जाते हैं, किसी को बुद्धि चाहिए, तो सरस्वती की अराधना करते हैं।

## क्लबरोड में मनाई गई महाशिवरात्रि



**रांची।** स्थानीय सुजाता चौक के समीप क्लब रोड स्थित श्री शिव मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा-भक्ति के साथ महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। मंदिर के पुजारी सिद्धेश्वर मिश्र ने बताया कि यहां पहली बार महाशिवरात्रि पर्व 1974 में मनाया गया था। महाशिवरात्रि पूजन समारोह को सफल बनाने में संयोजक महेंद्र सिंह, लक्खी अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, आशीष भाटिया, नगीना सिंह, दुर्गा सिंह अरुण नाथ शिखर, नवीन पासवान, नितिन, अजय, कर्मा पासवान, कुणाल आदि ने सक्रिय योगदान किया।

## एमएचटी के सदस्यों के 'स्नेह मिलन' का हुआ आयोजन

**रांची।** महिला हाउसिंग ट्रस्ट रांची और खूंटी शहर के विभिन्न क्षेत्रों के बिल्डर/कांट्रैक्टर, महिला मिस्त्री और एमएचटी के सदस्यों के साथ शुक्रवार को एकदिवसीय 'स्नेह मिलन' का आयोजन किया गया। इस दौरान 'निर्माण उद्योग में रानी मिस्त्री का योगदान और आगे का रास्ता' के विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रम, रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग, झारखंड सरकार के उप श्रमायुक्त प्रदीप रॉबर्ट लाकड़ा थे। उन्होंने महिला निर्माण श्रमिकों के कौशल विकास की आवश्यकता के बारे में बात की, जिससे उन्हें अधिक मजदूरी अर्जित करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने निर्माण श्रमिकों के लिए विभिन्न योजनाओं और अधिकारों के बारे में भी बात की, जिससे वे श्रमिक कार्ड बनवाकर लाभ उठा सकते हैं।

# ताबड़तोड़ तबादले से राज्य के अधिकारियों में नाराजगी

## एक दिन ट्रांसफर-पोस्टिंग का नोटिफिकेशन, अगले ही दिन फैसला विलोपित

**उपेंद्र गुप्ता। रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पदभार संभालने के बाद और लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड में अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग ताबड़तोड़ की जा रही है। इससे राज्य के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के कार्य पर सवाल उठने लगे हैं। विभाग एक दिन आईएएस अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का नोटिफिकेशन निकाल रहा है, तो दूसरे ही दिन राज्यसंवर्ग के अधिकारियों के तबादले की अधिसूचना जारी की जा रही है। लेकिन, इसमें कई तरह की गड़बड़ियां भी देखी जा रही हैं। इससे कई अधिकारी नाराज भी हैं। वे असमंजस की स्थिति में भी हैं कि न जाने किस दिन फिर तबादला हो जाए। राज्य में ट्रांसफर-पोस्टिंग का अजीबोगरीब खेल शुरू हो गया है। इस ट्रांसफर-पोस्टिंग के खेल पर भाजपा ने भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

### कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग पर उठ रहे सवाल



सबसे अधिक चर्चा आईएएस अधिकारियों के तबादले को लेकर की जा रही है। राज्य कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग एक नोटिफिकेशन जारी कर आईएएस अधिकारियों के विभाग को बदला नहीं कि कुछ घंटे या एक दो-दिन में ही अपने ही फैसले को विलोपित कर दे रही है। 5 मार्च को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी को तबादला खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव के पद पर कर दिया, और उनकी जगह आईएएस अधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह को कृषि सचिव पद की जिम्मेवारी दी। लेकिन, 7 मार्च को देर रात कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग का यह फैसला बदल गया। 48 घंटे में दोनों का विभाग बदल दिया गया। अबु बकर सिद्दिकी फिर से कृषि सचिव बना दिए गए और उनकी जगह कृषि सचिव बने आईएएस अधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह को खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव पद की जिम्मेवारी दे दी गई।

विगत 5 मार्च को ही राज्य कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर 1995 बैच के आईएएस अजय कुमार सिंह, 1999 बैच के आईएएस विनय कुमार चौबे, 2003 बैच के प्रवीण कुमार टोप्पो, 2008 बैच के चंद्रशेखर और 2008 बैच के ही जितेंद्र कुमार सिंह के विभाग बदल दिया था। लेकिन, इस ट्रांसफर-पोस्टिंग में सबसे ज्यादा विनय कुमार चौबे को लेकर चर्चा हो रही थी। पहले विनय चौबे हेमंत सोरेन के प्रधान सचिव थे। हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद उन्होंने भी मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन अगले ही दिन जब चंपाई सोरेन ने मुख्यमंत्री का पद संभाला तो फिर से विनय चौबे सीएम के प्रधान सचिव नियुक्त कर लिए गए। अब एक माह बाद ही विनय चौबे को हटा कर पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव की जिम्मेदारी दी गई। इसी तरह, एक माह पहले गृह सचिव अविनाश कुमार को हटा दिया गया था, अब उन्हें विनय चौबे की जगह सीएम का प्रधान सचिव बना दिया गया है।

### दो घंटे में बदल गए चाईबासा और बोकारो के डीसी

झारखंड में बड़े स्तर पर आईएएस अफसरों का यह अजीबो-गरीब ट्रांसफर-पोस्टिंग महिला आईएएस अधिकारी जाधव विजया नारायण राव की चर्चा के बिना अधूरी है। 12 मार्च को राज्य कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर योजना एवं विकास विभाग की अपर सचिव जाधव विजया राव का तबादला चाईबासा डीसी के पद पर कर दिया। लेकिन, महज कुछ घंटे ही बीते होंगे कि जाधव विजया राव का तबादला बोकारो डीसी के पद पर कर दिया गया और बोकारो के डीसी कुलदीप चौधरी को चाईबासा डीसी के पद तबादला कर दिया गया।

### तबादले से पुलिस अधिकारियों में भी भारी नाराजगी

जिस तरह नियमों को ताक पर रख कर ट्रांसफर-पोस्टिंग की जा रही है, उससे ने केवल प्रशासनिक अधिकारी ही नाराज हैं, बल्कि पुलिस अधिकारियों में तो और भी ज्यादा नाराजगी है। इसके खिलाफ अब आवाज भी उठने लगे हैं। राज्य के डीएसपी रैंक के अधिकारियों के तबादले पर कई डीएसपी ने सार्वजनिक रूप से अपनी नाराजगी जाहिर की है और सोशल मीडिया पर नौकरी से ही इस्तीफा देने की बात तक कह दी। गिरिडीह के खोरी महुआ के डीएसपी साजिद जफर ने अपने स्थानांतरण को अन्यायपूर्ण बताया और सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि तबादले का अन्यायपूर्ण फैसला देखकर मैंने नौकरी से इस्तीफा देने के फैसला लिया है। डीएसपी साजिद जफर की तरह और भी कई पुलिस अधिकारी हैं, जो तबादले से काफी नाराज हैं। कुछ जिलों में ऐसे एसपी का भी तबादला किया गया है, जो पांच से आठ माह पहले ही आए थे। इसमें बोकारो, गुमला और देवघर जिला शामिल है।

### कई जिलों में एक साल और 6 माह तक ही रहे डीसी

इसी तरह, कई और जिलों के अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। सबसे ज्यादा चर्चा लातेहार में उपायुक्तों के ट्रांसफर को लेकर हो रही है। लातेहार में तीन साल के भीतर चार उपायुक्तों का तबादला हो चुका है। अबु इमरान को नवंबर 2020 में लातेहार का डीसी बनाया गया था। लेकिन, 11 जुलाई 2022 को उनका तबादला हो गया। अबु इमरान की जगह भोर सिंह यादव डीसी बनकर आए थे, लेकिन एक साल में ही हटा दिए गए। उनका ट्रांसफर 26 जुलाई 2023 को हो गया और उनकी जगह हिमांशु मोहन को डीसी बनाया गया, लेकिन 6 माह बाद ही 13 फरवरी 2024 को उनका भी तबादला हो गया। उनकी जगह अब लातेहार की जिम्मेदारी गरिमा सिंह को दी गई है। इसी तरह, जमशेदपुर के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री को भी हटाकर सुवर्णरेखा परियोजना, जमशेदपुर का प्रशासक बना दिया गया है। हाल ही में देवघर के डीसी से जमशेदपुर के डीसी पद पर तबादला हुआ था।

### तबादले में पैरवी और पैसे का जमकर हो रहा खेल : भाजपा

हेमंत और चंपाई सरकार में पिछले दो-तीन माह में जिस तरह वरीय से लेकर कनीय प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों का तबादला हुआ है, उस पर भाजपा ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। राज्य में कई बड़े पदों पर कार्य करने वाले पूर्व आईएएस अधिकारी और वर्तमान में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद ने कहा कि सरकार जिस तरह ताबड़तोड़ तबादले कर रही है और अपना ही फैसला वापस ले रही है, उससे कोई भी समझ सकता है कि सरकार बिना सोचे-समझे और बिना विचार-विमर्श के फैसले लेकर तबादले कर रही है। इस कारण ही उसे तबादले का फैसला वापस लेना भी पड़ रहा है।

पूर्व आईएएस अधिकारी और भाजपा नेता ने कहा कि इसमें साफ तौर पर भ्रष्टाचार भी है। ऐसे ट्रांसफर-पोस्टिंग में जमकर पैरवी और पैसे का खेल होता है। चहेतों का भी खास ख्याल रखा जाता है, मनचाही जगह पर उनकी पोस्टिंग कराई जाती है। लेकिन, इससे ईमानदार, कर्मठ और गुणवत्ता वाले अधिकारियों पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उनका मनोबल गिरता है और इसका नुकसान राज्य की जनता को झेलना पड़ता है। पूर्व आईएएस अधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए भी सरकार अपने पंसदीदा प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को जिलों में पदस्थापित कर रही है, जिससे वे चुनाव में लाभ ले सकें। दूसरी तरफ, कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिंहा ने कहा कि सरकार के संचालन के लिए ट्रांसफर-पोस्टिंग एक हिस्सा होता है। जहां तक भाजपा के आरोप का सवाल है, तो भाजपा की सरकार में भी ट्रांसफर-पोस्टिंग होते थे। फिर ये बताएं कि उनके समय में ऐसा क्यों होता था? यहां अधिकारियों की कमी है और केंद्र सरकार से बार-बार अनुरोध के बाद भी वे अधिकारी नहीं दे रहे हैं।

## झारखंड की सबसे हॉट सीट बनी खूंटी, अर्जुन मुंडा की प्रतिष्ठा दांव पर

### गुटबाजी दूर नहीं हुई, तो भाजपा की बढ़ेगी परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी।** अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित खूंटी संसदीय सीट लोकसभा चुनाव में झारखंड की सबसे हॉट सीट बन गई है। यहां से जनजातीय मामलों और कृषि एवं किसान मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा दूसरी बार भाजपा के टिकट पर चुनावी मैदान में हैं। झारखंड के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके अर्जुन मुंडा की प्रतिष्ठा एक बार फिर दांव पर लग गई है। राजनीति के जानकारों का मानना है अर्जुन मुंडा के खिलाफ संभवतः काली चरण मुंडा ही विपक्ष के उम्मीदवार होंगे।

2019 के लोकसभा चुनाव में भी इन्हीं दोनों राजनीतिक योद्धाओं के बीच कांटे का मुकाबला हुआ था और अर्जुन मुंडा 1445 वोटों के अंतर से बाजी मार ले गये थे।हर ओर एक ही चर्चा है कि क्या भाजपा अपनी परंपरागत सीट को बचा पाएगी या कांग्रेस की हार का सिलसिला टूटेगा। आनेवाला लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। ऐसा इसलिए क्योंकि यही चुनाव देश की दशा और दिशा तय करने वाला साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अबकी बार चार सौ पार का नारा देकर पार्टी के समक्ष एक लंबी लकीर खींच दी है।

### मतदाताओं पर नहीं पड़ेगा असर

भाजपा नेताओं में व्याप्त गुटबाजी के बारे में पार्टी समर्थकों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर उत्पन्न इस गुटबाजी का मतदाताओं में कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि भाजपा समर्थक यहां के मतदाता हमेशा से केंद्रीय नेताओं के प्रभाव में अपना मत का प्रयोग करते रहे हैं, लेकिन फिर भी इस गुटबाजी का कहीं ना कहीं थोड़ा बहुत असर पड़ने की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा रहा है। ऐसे में गुटबाजी को पाटने के लिए भाजपा नेताओं के उदासीन रवैये पर भी सवाल उठने लगे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी पार्टी में गुटबाजी की चर्चा जारों पर थी। भाजपा की प्रचंड लहर के बाद भी अर्जुन मुंडा हरत-हारते 1445 मतों से जीत गये।

## मोदी के कार्यकाल में बेरोजगारी एक चिंतनीय मुद्दा : राजेश ठाकुर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में बेरोजगारी एक चिंतनीय मुद्दा बनकर सामने आई है। इसे देखते हुए राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत बांसवाड़ा राजस्थान में आयोजित रैली में कई घोषणाएं की हैं। ठाकुर शुक्रवार को कांग्रेस भवन, रांची में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। ठाकुर ने कहा कि यदि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो पारदर्शी जॉब कैलेंडर के साथ 30 लाख पद सृजित किए जाएंगे। वर्तमान में केंद्र सरकार में 10 लाख पद खाली हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्मी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी अन्य पद खाली हैं। इसके अलावा भी हम नई नौकरियां सृजित करेंगे, जिसे हम चुनावी घोषणा पत्र में रेखांकित करेंगे। उन्होंने कहा कि 25 वर्ष तक के प्रत्येक स्नातक और डिप्लोमा धारी को अप्रेंटिसशिप के अधिकार के तहत निजी एवं सार्वजनिक कंपनियों में प्रत्येक वर्ष एक लाख रुपये पारिश्रमिक भत्ता दिया जाएगा। ठाकुर ने कहा कि एक सर्वे के अनुसार देश के 15 राज्यों में 41 पेपर लीक पिछले पांच वर्षों के दौरान हुए हैं, जिसने 1.5 करोड़ आवेदकों का भविष्य बर्बाद कर दिया है। पेपर लीक से मुक्ति के लिए सख्त कानून बनाने के साथ भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शी बनाया जाएगा। इसके लिए हमने झारखंड में भी कानून बनाया है।

ठाकुर ने कहा कि गिग इकोनामी के तहत गिग वर्कर्स को बेहतर कार्य प्रणाली और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए नया कानून बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2019 से 2022 के बीच गिग वर्कर्स अन्य श्रमिकों की तुलना में कम कमाते हैं। कांग्रेस ने राजस्थान में गिग वर्कर्स के लिए 2023 में जो कानून पारित किया है उसे लागू करेंगे। कांग्रेस ने कर्नाटक में दो लाख का जीवन बीमा और दो लाख का दुर्घटना बीमा का प्रस्ताव पास किया है। कांग्रेस ने तेलंगाना में राजीव आरोग्यश्री योजना के तहत पांच लाख तक का दुर्घटना बीमा और दस लाख तक का स्वास्थ्य बीमा का वादा किया है।

**आमने-सामने**

## राहुल के झूठे वादे पर बहुत भारी है मोदी की गारंटी : प्रतुल शाहदेव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि देश को मोदी पर विश्वास है। मोदी की गारंटी पर विश्वास है। राहुल गांधी के झूठे वादों पर देश को बिलकुल भी भरोसा नहीं है। प्रतुल ने कहा कि राहुल गांधी 30 लाख नौकरियां की बात कर रहे हैं। लेकिन झारखंड में लगभग 3 लाख सरकारी पद बगैर नियुक्ति के खाली है।इस मुद्दे पर प्रदेश अध्यक्ष मौन रहे। प्रतुल ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष देश में पेपर लीक की बात तो कर रहे हैं लेकिन झारखंड में ही स्नातक स्तरीय परीक्षा के पेपर लीक के असली सूत्रधार को अभी तक नहीं पकड़ा गया है। सिर्फ प्यादों को पकड़कर यह सरकार अपनी पीठ ठोक रही है। राजेश ठाकुर युवाओं के लिए राहुल गांधी की युवा रोशनी योजना की बात कर रहे हैं। मोदी जी के नेतृत्व में देश के युवा मुद्रा लोन, स्टैंड अप इंडिया और विभिन्न स्टार्टअप के जरिए रोजगार देने वाले बन रहे हैं और दुनिया में नजीर पेश हो रही है। विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 18 प्रकार के हुनर रखने वाले लोगों को बिना गिरवी रखे ऋण उपलब्ध कराया जाएगा और वे भी बड़ी संख्या में रोजगार देंगे। प्रतुल ने कहा राजेश ठाकुर ने देश के युवाओं की देशभक्ति का अपमान किया है। अग्निवीरों का अपमान किया है। उनका यह कहना बेहद आपत्तिजनक है की पांच सात वर्षों की नौकरी के लिए कौन अपनी जान जोखिम में डालेगा? राजेश ठाकुर ने कहा की मिलिट्री कौशल के ट्रेनिंग लिए हुए अग्निवीर सेवानिवृत्ति के बाद देश के लिए खतरा हो सकते हैं। यह बेहद आपत्तिजनक है और इन युवाओं की राष्ट्रभक्ति पर प्रश्न करता है। प्रतुल ने कहा कि राहुल गांधी ने जब दक्षिण से उत्तर की न्याय यात्रा निकाली थी तो कांग्रेस तीन राज्यों में चुनाव हार गई। अब वह जैसे पूरब से पश्चिम की ओर बढ़ रहे हैं एक-एक कर उनके गठबंधन के साथी भी उनका साथ छोड़ते जा रहे हैं।

## भाजपा, कांग्रेस एवं राजद में दावेदारों की लंबी लिस्ट

# बाहरी और स्थानीय प्रत्याशी पर फंसी पार्टियां

### चतरा लोकसभा सीट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** चतरा लोकसभा सीट के लिए अभी ना तो भाजपा ने अपने उम्मीदवार की घोषणा की है, और ना ही कांग्रेस-राजद ने। इससे चतरा लोकसभा की इन दिनों राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चा हो रही है। यह न केवल काफी हॉट सीट बन गया है, बल्कि इस सीट पर सस्पेंस भी बरकरार है। सामान सीट होने के कारण भाजपा, कांग्रेस और राजद तीनों दलों में दावेदारों की काफी लंबी लिस्ट है। लेकिन, तीनों दलों के कोई भी नेता कुछ भी कहने से बच रहे हैं। चतरा से भाजपा ही अपना प्रत्याशी देगी, यह लगभग तय माना जा रहा है, लेकिन गठबंधन के किसी दल के खाते में जाने की चर्चा भी सामने आ रही है। वहीं, इस सीट पर कांग्रेस और राजद दोनों ने अपना दावा ठोंक दिया है, जिससे कांग्रेस और राजद दोनों दल अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा नहीं कर रहे हैं।









### कांग्रेस और राजद में भी खींचतान

चतरा लोकसभा सीट पर सिर्फ भाजपा ही उलझन में नहीं है, बल्कि कांग्रेस और राजद में भी जबरदस्त खींचतान जारी है। यहां भी दोनों दल के दावेदारों की लंबी लिस्ट है। पहले तो यह अभी तक तय नहीं हो पाया है कि कांग्रेस या राजद किसके खाते में चतरा सीट जाएगी। लेकिन, दावेदार अपनी सेंटिंग में लगे हैं और पार्टी के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। राजद की ओर से सबसे बड़े चेहरे राज्य के श्रम मंत्री और स्थानीय विधायक सत्यानंद भोक्ता का नाम सामने रहा है। सत्यानंद भोक्ता तेजस्वी यादव से सीधे संपर्क में हैं, लेकिन जानकारी के मुताबिक तेजस्वी ने कोई आश्वासन फिलहाल सत्यानंद भोक्ता को नहीं दिया है। इससे मंत्री सत्यानंद भोक्ता भाजपा के संपर्क में बताएं जा रहे हैं। जानकारों के मुताबिक राजद सत्यानंद भोक्ता को टिकट नहीं देती है, तो वे भाजपा में शामिल हो सकते हैं। सत्यानंद की मजबूरी यह है कि उनकी जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल कर दिया गया है, जिससे वे अब चतरा से विधानसभा चुनाव नहीं लड़ पाएंगे और आगे की राजनीति के लिए लोकसभा उनके लिए उपयुक्त जगह हो सकती है। दूसरी तरफ, कांग्रेस से बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के पिता योगेंद्र साहू, पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी, सांसद धीरज साहू के नाम दावेदारों की सूची में सबसे आगे है।

बहरहाल, चतरा लोकसभा सीट पर भाजपा, राजद और कांग्रेस तीनों एक-दूसरे पर नजर रखे हुए हैं। तीनों इस इंतजार में हैं कि पहले जो अपने प्रत्याशी की घोषणा करेगा, उसी के अनुरूप वे अपना फैसला करेंगे।

### बाहरी उम्मीदवारों ने ही लहराया परचम

चतरा लोकसभा सीट झारखंड का ऐसा संसदीय क्षेत्र है, जहां से अब तक कोई भी स्थानीय नेता संसद नहीं पहुंच पाया है। यहां के लोगों ने हमेशा ही बाहरी नेता पर अपना भरोसा जताया है। इसलिए बाहरी उम्मीदवार ही हमेशा परचम लहराते आएं हैं। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने तीन-तीन बार जीत दर्ज की है। जबकि, जनता दल और राजद यहां से दो-दो बार जीत चुके हैं। कई निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जीत दर्ज की है, लेकिन वे सब भी बाहर के ही उम्मीदवार थे। धीरेंद्र अग्रवाल भाजपा और राजद दोनों के टिकट पर जीत दर्ज कर संसद तक पहुंचे, जबकि इंदर सिंह नामधारी निर्दलीय चुनाव जीते। वहीं, भाजपा के सुनील सिंह पिछले दो बार से चतरा का संसद में प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं। लेकिन, इस बार उनकी राह आसान नहीं लग रही है। उनके खिलाफ स्थानीय भाजपा नेता पूरी तरह गोलबंद होकर स्थानीय प्रत्याशी देने की मांग कर रहे हैं।

### भाजपा के कई विधायक और नेता कर रहे दावेदारी

भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव में चतरा संसदीय क्षेत्र से सांसद सुनील कुमार सिंह पहले से ही अपनी दावेदारी पेश कर चुके हैं। इसके अलावा, पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक शशि भूषण मेहता, भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही, पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह, पूर्व विधायक मनोज यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेंद्र प्रसाद सिंह, किसलय तिवारी, डॉ अभिषेक रामाधीन के नामों की भी खूब चर्चा है। दावेदारों की लंबी सूची और बाहरी प्रत्याशियों के मुद्दे को लेकर भाजपा पशोपेश में है, जिससे अभी तक पार्टी ने अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है।

## संक्षिप्त खबरें



रांची में महाशिवरात्रि पर निकली शिव बारात की शोभायात्रा की झांकी।

### लोकसभा चुनाव में निर्णायक की भूमिका में होंगे झारखंड के युवा वोटर

**रांची।** लोकसभा चुनाव में राज्य के युवा मतदाता निर्णायक भूमिका निभायेंगे। यही वजह है कि चुनाव आयोग इन युवाओं पर ज्यादा भरोसा दिखा रहा है और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने की कोशिश कर रहा है। इस बार राज्य में 21.67 लाख युवा पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव आयोग की ओर से पांच जनवरी, 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची के आंकड़ों के मुताबिक 21.67 लाख युवा मतदाताओं में 10 लाख 64 हजार 282 युवक और 11 लाख 2 हजार 903 युवतियां हैं जबकि थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 85 है, जो पहली बार वोट डालेंगे। यह संख्या तो पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं की है, जो लोकसभा चुनाव के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करते नजर आएंगे लेकिन यदि 18 से 45 साल के मतदाताओं की संख्या का अनुमान लगाएं तो राज्य में इनकी संख्या 60 लाख के करीब होने की संभावना है। चुनाव आयोग के मुताबिक आने वाले समय में इनकी संख्या बढ़ने की संभावना है। मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद आवेदन करने वाले युवाओं का नाम भी मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। ऐसे में चुनाव आयोग इन मतदाताओं को इस बार आम चुनाव के दौरान मतदान करने के लिए प्रेरित करने में जुटा हुआ है। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए चुनाव आयोग का मुख्य फोकस युवा मतदाताओं पर है। शायद यही वजह है कि उनके बीच लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्कूल-कॉलेजों जैसे शिक्षण संस्थानों में विशेष कार्यक्रम चलाए गए हैं, जिसका परिणाम आगामी चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत में देखने को मिलेगा।

### राज्यसभा की दो सीटों के लिए खरीदे गए नामांकन पत्र

**रांची।** लोकसभा चुनाव के साथ राज्य में राज्यसभा की दो सीटों के लिए होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज है। राज्य में 21 मार्च को राज्यसभा की दो सीटों के लिए मतदान होना है लेकिन अब तक एनडीए और इंडिया किसी ओर से प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की गई है। हालांकि, दोनों ओर से नामांकन पत्र जरूर खरीद लिए गए हैं। गांडेय से जेएमएम के पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद और मुम्बई के बिजनेस मैन हरिहर महापात्रा ने नामांकन पत्र जरूर खरीदे हैं। ऐसे में नामांकन के अंतिम दिन 11 मार्च को पिक्चर साफ हो जाएगा कि चुनाव मैदान में कितने और कौन-कौन से प्रत्याशी हैं। यदि दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में होते हैं तो ऐसी स्थिति में वोटिंग की नौबत नहीं आएगी। इस संबंध में विधानसभा के प्रभारी सचिव सह निर्वाचन पदाधिकारी सैयद जावेद हैदर ने बताया कि शुक्रवार को महाशिवरात्रि की वजह से अवकाश है। इसी तरह शनिवार और रविवार छुट्टी होने की वजह से नामांकन दाखिल नहीं हो सकेगा। ऐसे में 11 मार्च को ही नामांकन पत्र दाखिल होगी। यदि दो से अधिक नामांकन होते हैं तभी मतदान की नौबत आएगी। इस तरह से 14 मार्च को नामांकन वापसी का समय समाप्त होने के बाद साफ होगा कि मतदान होगा या नहीं।

### सीएम से मिले डीआईजी कार्मिक, दिया निमंत्रण

**रांची।** डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम ने झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से आवासीय कार्यालय में शुक्रवार को शिष्टाचार मुलाकात की। डीआईजी कार्मिक ने मुख्यमंत्री को रिसेप्शन पार्टी का निमंत्रण पत्र भी दिया। डीआईजी नौशाद आलम की पुत्री शाजिया परवीन की शादी प्रोबेशन डीएसपी मोहम्मद अरमान उल हक से हुई है। नौ मार्च को रांची के जैप-1 के खुखरी गेस्ट हाउस में रिसेप्शन पार्टी का आयोजन किया गया है।

### पुलिस नशे के सौदागरों पर कसेगी शिकंजा

**रांची।** राजधानी रांची सहित कई बड़े शहरों में फैल रहे ड्रग्स के कारोबार के खिलाफ राज्य की पुलिस ने एक खास योजना बनाई है। इसके तहत मादक पदार्थों के तस्करों के मनी ट्रेल की जांच कर किंगपिन तक पहुंचने की तैयारी की गई है। इस संबंध में सीआईडी डीजी ने कई गाइडलाइंस जिलों के एसपी को दिए हैं। सीआईडी और जिला पुलिस की जांच में अब तक यह बात साफ हो चुकी है कि नशे के तस्करी के लिए नकदी से ज्यादा ऑनलाइन पेमेंट का प्रयोग किया जाता है। जांच में यह बात सामने आई है कि नशे के तस्कर 90 प्रतिशत मौके पर पैसे की लेनदेन ऑनलाइन तरीके से ही करते हैं। ऐसे में यदि गहराई से मादक पदार्थों के तस्करों की मनी ट्रेल की जांच की जाए तो इस धंधे में शामिल राज्य के भीतर और बाहर दोनों के ऊपर शिकंजा कसा जा सकता है। रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि मादक पदार्थों पर चल रही कार्रवाई को लेकर सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने समीक्षा बैठक की थी। बैठक में नशे के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कई रणनीति तैयार की गई है, जिसमें सबसे प्रमुख है कि नशे के तस्करों के बैंक खातों की पूरी जानकारी जुटाकर उसके मनी ट्रेल के बारे में पता लगाया जाए। मनी ट्रेल के जरिए यह पता चल जाएगा कि रांची में जो नशे के तस्कर ब्राउन शुगर, अफीम, गांजा और हेरोइन जैसे मादक पदार्थ बेचकर पैसा अपने खातों में लेते हैं वह पैसा आखिर किन-किन खातों में ट्रांसफर होता है। मनी ट्रेल का पता करने के लिए राज्यभर में गिरफ्तार नशे के तस्करों के बैंक खातों को खंगाला जा रहा है।

### तिलेश्वर साहु की 10वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**रांची।** झारखंड प्रदेश तेली समाज युवा मोर्चा ने मोरहाबादी परिसर में झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष तिलेश्वर साहु की 10वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी नौजवानों ने चित्र पर पुष्प अर्पित किया। झारखंड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष डॉ सुबास साहु ने इनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद तिलेश्वर साहु तेली समाज के आनबान और शान थे। उन्होंने न केवल झारखंड प्रदेश में, बल्कि संपूर्ण देश में तेली समाज को एक पहचान दिलाने का कार्य किया। समाज के हक, अधिकार व समाज के विकास के उनके अधूरे सपने को पूरा करने के लिए उनके पुत्र अरुण साहु ने बीड़ा उठाया है, जिसे झारखंड के तेली समाज के सभी लोगों ने पूरा समर्थन दिया है।

### हेमंत को इंसाफ मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष : झामुमो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 22वें दिन शुक्रवार को गुमला जिलाध्यक्ष सह गुमला विधायक भूषण तिर्की की अध्यक्षता में उपवास रखा। मौके पर विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि आज उपवास का 22वां दिन है। गुमला जिले सभी कार्यकर्ता आए हुए हैं। जब तक हेमंत सोरेन को इंसाफ नहीं मिल जाता है यह संघर्ष जारी रहेगा।

### एलपीजी सिलेंडर 100 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली :** महिला दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बड़ा ऐलान करते हुए एलपीजी सिलेंडर में 100 रुपये की छूट का ऐलान किया और इसे महिलाओं को समर्पित करते हुए उन्हें बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 100 रुपये की कटौती का ऐलान किया है।

## एक नजर

### जहरीले सांप के काटने से युवक की हुई मौत

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जामपानी में नितेश सोरेंग नाम की वक्त बीते गुरुवार को काम खत्म करके घर लौट के दौरान एक सांप को देखा तो उसे मारने लगा। इसी दौरान उसका हाथ सांप के ऊपर चला गया और सांप उसे काट लिया। हालांकि उसने सांप के काटने की बात को हल्के में लिया और अस्पताल नही गया। शुक्रवार की सुबह अचानक वह अचेत हो गया। जिसके बाद उसके घर वाले उसे सदर अस्पताल लेकर आए।जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में पुलिस द्वारा उसके शव को पोस्टमार्टम करवाने का पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया।

### अवैध बालू घाटों के खिलाफ चला अभियान

**कोडरमा।** जिले में बालू घाटों से अवैध बालू का उठाव को लेकर सुबह करीब तीन बजे एसडीओ रिया सिंह नेतृत्व में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इसमें डीटीओ विजय कुमार सोनी, खनन पदाधिकारी दारोगा राय, एसडीपीओ जीतनारायण उरावं, खनन इंस्पेक्टर अभिजीत मजुमदार, सीओ समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे। छापेमारी में पांच ट्रैक्टर को जब्त किया गया। जबकि एक ट्रैक्टर पदाधिकारियों को चकमा देकर भागने में सफल रहा।

### विधायक ने दो तालाबों के गहरीकरण व जीर्णोद्धार का किया शिलान्यास

**कोडरमा।** लघु सिंचाई प्रमंडल द्वारा कार्यान्वित और विधायक डॉ नीरा यादव द्वारा अनुशंसित दो तालाबों के जीर्णोद्धार योजनाओं का शिलान्यास किया गया। कोडरमा प्रखंड अंतर्गत रतिथमाई आहर का 57 लाख चार हजार 100 रु की लागत से जीर्णोंद्धार कार्य का शिलान्यास विधायक डॉ. नीरा ने विधि - विधान पूर्वक किया। इसके बाद ग्राम पंचायत लोकाई में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के निकट आठ लाख पांच हजार नौ सौ रू की लागत से तालाब के जीर्णोंद्धार कार्य का भी शिलान्यास किया। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि इसी तरह विकास का कार्य अनवरत लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा इसकी मांग की जा रही थी, उसे आज पूरा कर दिया गया। इसके लिए ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताया।

### मेले को लेकर दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

**कोडरमा।** जिले के प्रशिद्ध ध्वजाधारी धाम में महाशिवरात्री पर्व को लेकर दो दिनी मेले में विधि- व्यवस्था बनाए रखने को लेकर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। आठ और नौ मार्च को सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने चयनित स्थलों पर ड्यूटी करेंगे। दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति ध्वजाधारी धाम पहाड़ के नीचे से उपरी छोर पर बने मंदिर पर रहेगी। इसके अलावा भी मेला परिसर में लगने वाले झूले, मीना बाजार मुख्य गेट समेत वहां अन्य मंदिर के अलावा जेल गेट, पुलिस पदाधिकारी,जवान तैनात रहेंगे।

# सिमडेगा में शिवरात्रि की धूम, भक्तों ने किया जलाभिषेक





**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** महाशिवरात्रि का पर्व शुक्रवार को पूरे जिले भर में पूरी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। शिवभक्तों ने बड़ी श्रद्धापूर्वक व विधान से अपने आराध्य भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। शिवालयों में अहले सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए लंबी कतार लगी रही। शहर के सरना मंदिर, केलाघाघ, रामरेखाधाम,तामड़ा,भेलवाडीह केतुंगाधाम आदि प्रसिद्ध शिवालयों में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रूद्राभिषेक अनुष्ठान किया। भगवान शिव के प्रिय पीले फूल, धतूरा, भांग, फल-फूल आदि अर्पित किए। आरती के पश्चात भंडारा का भी आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। हजारों की संख्या में महिलाओं ने भी भगवान शिव की पूजा-आराधना कर अपने व अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।शिवालयों में पूरे दिन भर श्रद्धालुओं की तांता लगी रही। हर-हर बम-बम, ओम नमःशिवाय, भोलेनाथ की जय आदि के जयकारे लगाते रहे। इधर, मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समिति सदस्य व पुलिस प्रशासन भी सेवार्थ में जुटी रही। इधर महाशिवरात्रि के मौके पर कई जगहों पर शिवजी जी प्रतीक स्वरूप बारात भी निकाली गई। जिसमें शिव-पार्वती के रूप धरे कलाकारों ने आकर्षक्र प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया।

## महाशिवरात्रि स्वर धार्मिक मेले का आयोजन



**केरसई।** कंरगागुड़ी शिव धाम मंदिर में तीन दिवसीय महाशिवरात्रि स्वर धार्मिक मेला का आयोजन में भक्तों की भीड़ सुबह पांच बजे से लगी रही। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भोले शंकर को जलाभिषेक किया एवं पूजा अर्चना की। इस अवसर पर अखंड हरिकीर्तन में बासेन,बथान टोली, मकरबूढ़, सागजोर, कुल्लूकेरा, बेतमा सहित अन्य जगहों की कीर्तन मंडली ने भाग लिया। महाशिवरात्रि पूजन, प्रवचन, महाप्रसाद वितरण, संत सम्मेलन, शिवराज झांकी सिमडेगा बरपानी के द्वारा संस्कृत कार्यक्रम किया गया। वहीं अतिथि को साल एवं पट्टा ओढ़ा सम्मानित किया। महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की कुलुकेरा से मंदिर तक बारात निकाली गई। वहीं मंदिर प्रांगण में शिव-पार्वती विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ।शंकर के रूप में डमरु साहु एवं पार्वती के रूप में पितांबर दास थे।वहीं बाराती में बानर भालू सहित कई रूप में प्रदीप केसरी, विजय प्रसाद, लंबर नायक, सोमरा राम सहित कई लोग बराती में शामिल थे। इस अवसर पर भंडारा का भी आयोजन किया गया।महाशिवरात्रि एवं धार्मिक मेला के अवसर पर मुख्य अतिथि विहिप जिलाध्यक्ष कौशल राज सिंह देव, विजय अदित्य जूदेव जशपुर राजा, दीप नारायण दास श्रद्धानंद बेसरा आदि उपस्थित थे।महाशिवरात्रि सह धार्मिक मेला को सफल बनाने में गोपाल कुल्लुकेरा ,हीरा नाथ सहाय, , शिवचंद अग्रवाल फणिभूषण साहा, मानकी लाल, बैजनाथ केसरी वासुदेव कुमार,, कैलाश मेहर, संजय समीर सिधिया, विजय भूषण साय, द्वारिका प्रसाद, विनय प्रसाद, सहित कई लोग उपस्थित थे।मंच संचालक बैजनाथ केसरी ने किया।

## कुरडेग में धूमधाम से मना महाशिवरात्रि का पर्व

**कुरडेग।** प्रखंड के सभी शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाई। उमा महेश्वर महावीर, मंदिर, दल की टोली, फांक, घाघ मुंडा, लबडेरा, गड़ियाजोर, कसडेगा, गताडीह, रेंगारबहार, कुटमा कच्छार के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मुख्यालय स्थित उमा महेश्वर महावीर मंदिर में सैकडों श्रद्वालुओं ने जल व दूध से भगवान शिव का अभिषेक किया और भक्तिभाव के साथ बेलपत्र, धतुरा, फूल,फल से पूजा अर्चना की ।दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। ग्रामीण महिलायें भी भारी संख्या में पहूंची थी।इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष अनुज गुप्ता द्वारा रूद्राभिषेक किया गया। मौके पर पुजारी सूरज बीसी, रूपेश मिश्र, मंटू जयसवाल, बैजनाथ जयसवाल आदि उपस्थित थे।

## अज्ञात शव की पहचान ओड़िशा निवासी मंगल उराम के रूप में हुई

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के कोनमेरला खरवागढ़ा में विगत 1 मार्च को खेत में मिले शव की पहचान ओड़िशा जामबेरना निवासी मंगल उराम के रूप में की गई है। दरअसल खेत में मिले शव की खबर अखबारों एवं सोशल मीडिया में प्रकाशित की गई थी जिससे मृतक से सम्बंधित क्षेत्र में ग्रामीणों ने खबर के माध्यम से मृतक के बारे में पता लगाया वहीं शुक्रवार को ओड़िशा से राउरकेला एसएसपी एवं झिरपानी थाना के आईआईसी रविंद्र कुमार एवं बिरमित्रापुर विधायक शंकर उराम सहित सैकड़ों की संख्या में आये ग्रामीणों जलडेगा आये एवं मामले की जानकारी ली। ओड़िशा से आये मृतक के परिचित लोगों ने मामले पर खुलासा करते हुए बताया की मंगल उराम ओड़िशा के सुन्दरगढ़ जिले के बिसरा थाना अंतर्गत जामबेरना का निवासी था जो खेतीबारी करता था एवं अपने पिकअप वाहन से बाजार ले जाकर सब्जी का कारोबार करता था। ग्रामीणों ने बताया की मृतक लापता होने के दिन हमेशा की तरह सब्जी बेचने झिरपानी बाजार गया था वहीं से मंगल अपने पिकअप सहित गायब हो गया था वहीं कुछ दिनों बाद अखबारों से पता चला की जलडेगा में उसका शव बरामद हुआ है। मृतक के झिरपानी बाजार से गायब होने से क्षेत्र में पुलिस और कानून व्यवस्था के खिलाफ ग्रामीणों में काफी आक्रोश था वहीं मृतक के पता लगाने एवं दोषियों को पकड़ने हेतु बिरमित्रापुर विधायक शंकर उराम के नेतृत्व में एसपी कार्यालय का घेराव कर मामले के उदभेदन करने की मांग की गई थी।

## माहे ए रमजान के आगमन की खुशी में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**हजारीबाग।** माह ए रमजान के आगमन की खुशी में हजारीबाग समाज सेवी बाबर कुरैशी के द्वारा गुरुवार को सरदार रोड इस्तित खानकाह मैरेज हाल सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किए जिसमे सैकड़ो की संख्या में लोग ने अपना रक्त दान किया । इस आयोजन में हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी भी पहुंचे और बाबर कुरैशी के द्वारा आयोजित रक्त दान शिविर की सराहना भी किए ,रक्त दान शिविर का उद्घाटन सदर अनुमंडल पदाधिकारी समाज सेवी बाबर कुरैशी की मां जेडीयू के राकेश गुप्ता खुद बाबर कुरैशी के द्वारा फीता काट कर किया गया ।रक्त दान शिविर में रक्त लेने पहुंचे निर्मल जैन ने भी बाबर कुरैशी के द्वारा आयोजित रक्त दान शिविर को लेकर सहराना किए और कहे की अगर इसी तरह लोग जागरूक हो कर रक्त दान करते रहे तो जरूरत मंद लोगो को सही समय पर रक्त उपलब्ध हो पाए गा ।वही समाज सेवी बाबर कुरैशी ने कहा की हम लोगो के लिए माह ए रमजान बहुत ही पवित्र माना गया है।

### मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

## सेवा की भावना अपने अंदर करें आत्मसात, मिलेगी सफलता : निभा



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमे स्कूल के सचिव निभा मिश्रा ने सभी महिलाओं को एकजुट होकर समाज की कुरीतियों को दूर करने को कहा। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं पुरुषों से हरेक क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर पुरुषों से आगे निकल रही है ।स्कूल में आए अतिथि जगतमनी बैद ने महिला दिवस के बारे में प्रकाश डा1ला ।वहीं एचआर संगीता किंडो ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि निरन्तर सक्रिय भूमिका निभाते हुए महिलाएं निरन्तर आगे बढ़ रही हैं, आप सभी निरंतर लक्ष्य केंदित कर आगे बढ़े। वही निदेशक डॉ प्रहलाद मिश्रा ने भी कहा कि महिलाओं में अपरिमित शक्ति और अपार क्षमता होती है जो पूरे राज्य में नहीं बल्कि पूरे देश में एक नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। झारखंड की बेटियां भी पूरे देश में अपने राज्य का नाम रोशन की है। आज महिलाएं अदम्य साहस से एक अलग पहचान बना रही है। निदेशक ने कहा कि बेटियां ओस की बूंद जैसी होती है ।आज देश को मजबूत करने में पुरुष ही नहीं महिलाओं को ही समान रूप से भाग ले रही है उनके बिना किसी निर्माण की कल्पना ही असंभव है। आज के कार्यक्रम में जीएनएम की प्राचार्या एरेन बेक ने भी अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए महिलाओं को एक दूसरे के प्रति सम्मान के भाव के साथ निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। एएनएम की प्राचार्या प्रभा सुरीन , ट्यूटर अल्बीना टोपनो, ट्यूटर निभा खलखो, मटिल्दा तिर्की , लीलावती साहू एवं सभी छात्राएं मौजूद थी।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर चर्चा संवाद सम्मान कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा डाक बंगला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नेशनल कौंसिल ओफ वूमेन लीर्डरस, छोटानागपुर कल्याण निकेतन तथा एकल नारी सशक्ति संगठन एवं संत जेवियर कोलेज सामटोली सिमडेगा के संयुक्त तत्वाधान में विशेष चर्चा, संवाद तथा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सिमडेगा सन्दीप कुमार दोराईबुरु उपस्थित थे।उन्होंने कहा कि महिला दिवस महिलाओं के संघर्ष को याद करने के साथ आने वाले समय में पूर्ण समानता हासिल करने के प्रयासों तक होता रहेगा चूंकि अभी भी महिलाओं को पूर्ण अधिकार नहीं मिला है। कार्यक्रम की आयोजक एवं संचालक अगुस्टीना सोरेंग ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि..संयुक्त राष्ट्र के द्वारा 1975 में आधिकारिक घोषणा के पश्चात प्रत्येक वर्ष महिलाओं की बेहतर होती स्थिति पर खुशी जाहिर करने तथा लैंगिक समानता को लेकर जागरुकता लाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

### भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कार्यकर्ताओं संग मनाया जन्मदिन

## क्षेत्र का विकास हमारी पहली प्राथमिकता



### समर्थकों संग पूजा-अर्चना करने के बाद काटा केक, बधाई देने वालों का देर रात तक लगा रहा तांता

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने हर साल की तरह इस साल भी अपना जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के संग मनाया। मनीष जायसवाल का वर्तमान साल का जन्मदिन खास रहा। क्योंकि महाशिवरात्रि का पावन दिन और उनके जन्मदिन से पूर्व उन्हें भाजपा संगठन द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव-2024 में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का सांसद प्रत्याशी घोषित कर बड़ी सौगात दी गई है, ऐसे में उन्होंने अपने जन्मदिन को बेहद खास बनाया और महाशिवरात्रि पर जहां शंकरपुर शिवालय और डीपीएस स्कूल प्रांगण में धर्मपत्नी निशा जायसवाल सहित अपने परिजनों के साथ सुबह से ही भगवान शिव की आराधना में जुटे रहें। रुद्राभिषेक के उपरांत लोकसभा चुनाव का आगाज उन्होंने श्री सत्यनारायण भगवान कथा सुनकर किया। इस दौरान पूजन स्थल पर बेहद आकर्षक पुष्प से सुसज्जित शिवलिंग का निर्माण किया गया था। कार्यकर्ताओं से श्री जायसवाल ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता हजारीबाग का पूर्णरूप से विकास करना है और इस हर क्षेत्र में आगे की ओर बढ़ाना है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी चार जिले हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और कोडरमा के सभी 34 भाजपा मंडलों के प्रमुख कार्यकर्ताओं और अपने हजारों समर्थकों संग पूजा- अर्चना करके और केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। पहली बार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा का उम्मीदवार बनाए जाने पर दो बार लगातार सदर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे मनीष जायसवाल के नेक और मानवीय पहल के साथ उनके विकास के सार्थक प्रयासों के लिए बड़ी संख्या में यहां पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता और शुभचिंतकों ने अहले सुबह से तमाम माध्यम से उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देनी शुरू कर दी जो सिलसिला देर रात तक चलता रहा। मनीष जायसवाल के हजारों समर्थकों व चाहने वालों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर गले मिलकर एसएमएस व्हाट्सएप फेसबुक इंस्टाग्राम और ट्विटर के माध्यम से जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं दी साथ ही भावी सांसद के रूप में संबोधित करते हुए जीत की अग्रिम बधाई भी दी।

### फोरलेन सड़क की समस्या को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिले शहरवासी

**कोडरमा ।** झुमरी तिलैया बाईपास में फोरलेन सड़क निर्माण में आम लोगों को आ रही समस्या से शहरवासी केंद्रीय मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी से मिलकर जानकारी दी। उन्होंने महाराणा प्रताप चौक और सुभाष चौक पर फ्लाईओवर और राउंड अबाउट निर्माण को लेकर अपनी मांग पत्र भी सौंपा। उन्होंने वर्तमान में हो रही आवागमन की समस्या और सड़क दुर्घटनाओं से उन्हें बताया। इस दौरान मंत्री ने एनएचएआई के वरीय पदाधिकारी से फोन पर बात कर जन समस्याओं से अवगत कराया। महाराणा प्रताप चौक और सुभाष चौक पर आवश्यकता अनुसार फ्लाईओवर और राउंड अबाउट का निर्माण कार्य यथाशीघ्र आरंभ करने का निर्देश दिया, ताकि शहर वासियों को आवागमन के लिए सुविधा हो सके। स्थानीय लोगों में मिलने वालों में से अमरेश कुमार, प्रमोद कुमार, दीपक सिंह, अजीत कुमार सिंहा, सूरज प्रताप, बॉबी लंबा समेत अन्य लोग शामिल थे।

### विधायक में ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर की बैठक

## ग्रामीणों की समस्याओं का होगा शीघ्र समाधान : नमन विक्सल



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी अघरमा के जुरकेला में ग्रामीणों के संग एक बैठक कर क्षेत्र की समस्यायों की जानकारी ली। उन्होंने जल्द समस्या समाधान की बात कही। मौके पर ग्रामीणों ने पानी बिजली सड़क आदि की समस्यायों के साथ साथ राजनीतिक चर्चा भी ग्रामीण ने किया।ग्रामीणों की बातों को सुनकर विधायक ने कहा कि आपकी जो भी कठिनाइयां है उन सारे समस्याओं को झारखण्ड सरकार और आपका विधायक दूर करने का प्रयास शुरू से करते आ रहा है और अभी भी प्रयासरत है।अभी हमने जितनी भी राज्य सरकार द्वारा बनाई गई पूर्व की सड़कें हैं उन सभी सड़कों को मरम्मती के लिए सरकार को पत्र लिखकर अवगत कराया, जिसमें कई सड़क मरम्मती कार्य कराने का स्वीकृति मिल चुकी है और उसपर काम भी शुरू कर दिया गया है। बिजली की जो समस्या है उसपर सरकार से हमारी वार्ता हुई उसपर जहां जहां भी बिजली नहीं पहुंच पाई है उसके लिए राज्य सरकार ने निविदा कर लिया है बहुत जल्दी संवेदक बहाल कर काम शुरू कर दिया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### महिलाओं के हक और अधिकार के लिए कृत संकल्पित है झापाः एनोस एक्का



**ठेठईटांगर।** प्रखंड मुख्यालय में पूर्व मंत्री एनोस एका ने महिलाओं के साथ केक काटकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। मौके पर उन्होंने सभी महिलाओं को केक खिलाकर अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि महिला के अधिकार व सम्मान को लेकर सभी को मिलकर कार्य करना है। महिला की सुरक्षा के लिए कई कानून बनाये गये है। लेकिन इसकी जानकारी एवं लाभ सही तरीके से महिलाओं को नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि डायन कुप्रथा सहित नशापान, हड़िया-दारू बेचने की जो आदत है, उसे दूर करने का आज संकल्प लें। एनोस एक्का ने महिला के साथ हो रहे अन्याय के विरूद्ध मिलकर लड़ने की बात कहते हुए कहा कि झारखंड पार्टी महिलाओं को हक और अधिकार दिलाने के लिए कृत संकल्पित है। जब तक महिलाओं को उनका हक, अधिकार और सम्मान नहीं मिलता, झारखंड पार्टी संघर्ष करती रहेगी। वहीं पूर्व विस प्रत्याशी आईरिन एक्का ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को संगठित होने एवं राजनीति क्षेत्र में भी जागरुक होकर आगे आने की जरुरत है। कार्यक्रम में प्रियंका केरकेट्टा, पुण्या नागवार, सुंदर मणि बरवा, संपति इंदवार, हर्षित डुंगडुंग, दुलारी डुंगडुंग, नुरजहां खातून सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### कुरुमडेगी गांव में ट्रांसफार्मर जल जाने से महीनों से पसरा है अंधकार, ग्रामीण परेशान



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के ताराबोगा पंचायत के कुरुमडेगी गांव का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पूरे गांव के ग्रामीणों को एक महीनों से अंधकार में रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले 10केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था जो एक महीने पहले ही जल गया है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि बिजली विभाग के अधिकारियों को भी 25केवीए का नई ट्रांसफार्मर लगाने के लिए आवेदन दिया गया है लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है।कुरुमड़ेगी निवासी गोवर्धन सिंह ने कहा कि लगभग 70 घर से भी ज्यादा लोगों को बिजली नहीं रहने के कारण अनेकों परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से अनुरोध करते हुए कहा कि जल्द से जल्द नई 25केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाए नहीं तो पूरे गांव के ग्रामीण मिल कर आंदोलन करने की चेतावनी दी है साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों एवं जनप्रतिनिधियों से भी अनुरोध करते हुवे कहा है इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। मौके पर अनेकों ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग के ऊपर आक्रोश व्यक्त किया गया। खराब पड़े ट्रांसफार्मर पर काफी सांख्य में ग्रामीण उपस्थित होकर अपना विरोध दर्ज कराया।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला हॉकी खिलाड़ियों ने मतदान के लिए ली शपथ



**सिमडेगा।** स्वीप कार्यक्रम के तहत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सिमडेगा के महिला हॉकी खिलाड़ियों ने एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में मतदान के लिए शपथ ली। जिसमें 250 से भी अधिक महिला हाकी खिलाड़ियों ने मतदान के लिए शपथ ली। शपथ लेते हुए कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में हम अपने परिवार के सदस्यों एवं आस पड़ोस के सभी सदस्यों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे और उनका उत्साह बढ़ाएंगे। साथ उन्होंने यह भी शपथ लिया कि जब उनकी उम्र वोट देने की हो जाएगी तो वह हर चुनाव में अपना मताधिकार का प्रयोग जरूर करेंगे। मौके पर राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी नेहा कुमारी ने सभी खिलाड़ियों को मतदान के लिए शपथ दिलाई।कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी सह स्वीप प्रभारी आशा मैक्सिमा लकड़ा, हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी, सुनील तिर्की ,कमलेश मांझी,पंखरासियूस टोप्पो, फादर बेनेदिक कुजूर, प्रतिमा बरवा, काशी लाल नायक, जगन्नाथ राम, संजय डांग, जोहन,रोबिन , कोच आशा बा, सुभिल मिंज, एंटोनिया सोरेंग, मरियम सोरेंग इत्यादि उपस्थित थे।

### कल से पूसा कृषि विज्ञान मेले का आयोजन



**सिमडेगा।** हरित क्रांति की जन्म स्थली और देश की अग्रणी कृषि अनुसंधान शिक्षा और प्रसार का संस्थान भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा नई दिल्ली द्वारा 10-12 मार्च 2024 को सिमडेगा के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में पूसा कृषि विज्ञान मेला का आयोजित किया जाएगा। इस मेला का उदघाटन केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, द्वारा किया जाएगा। प्रतिवर्ष लाखों किसान द्वारा पसंद किया जाने वाला ये मेला, जो हर साल तीन दिनों तक नई दिल्ली में आयोजित होता है। इस बार पूर्वी भारत में कृषि क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए झारखंड में किया जा रहा है। मेले के दौरान देश भर से विभिन्न कृषि संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय व कृषि विज्ञान केंद्र नवीन तकनीकियों का प्रदर्शन करेंगे। इस मेले की मुख्य विषय 'कृषि उद्यमीता- समृद्ध किसान' है। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मूल्य संवर्धन और फसल विविधता पर चर्चा की जाएगी। साथ ही मेले में किसानों को आधुनिक कृषि और बागवानी की उन्नत तकनीकों को देखने का अवसर मिलेगा जो उत्पादकता को बढ़ाने में मदद करती हैं। इसके अतिरिक्त मेले मे कृषक संगठन, महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल भी लगाया जाएगा। पूसा संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा संगोष्ठी होगी जिससे किसानों को नवीन तकनीकों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा नई दिल्ली के निदेशक के मार्गदर्शन में यह मेला आयोजित किया जा रहा है। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ रविंद्र पडारिया ने जानकारी दी कि सिमडेगा की जिला कृषि अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र, आत्मा सहित अन्य विभागों द्वारा इस मेला में सहभागिता होगी। सभी कृषकों से अनुरोध है कि इस मेला में भाग लेकर लाभान्वित हों।

# खिरोद में विवादित जमीन पर निर्माण कार्य करने के दौरान दो पक्षों में हिंसक झड़प

**दोनों पक्षों से महिला-पुरुष समेत लगभग 11 लोग हुए घायल**

**मामले को लेकर दोनों पक्ष के हैं अपने-अपने दावे**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह।**

तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत खिरोद में शुक्रवार को पुराने विवादित जमीन पर निर्माण कार्य करने के दौरान दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। जिसमें दोनों पक्षों से महिला - पुरुष समेत लगभग 11 लोग घायल हुए हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि एक पक्ष द्वारा विवादित जमीन पर निर्माण कार्य करवाया जा रहा था तभी दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा इसका विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हुई। जिसमें दोनों और से जमकर लाठी-डंडे व ईंटें चलीं।

इस झड़प में एक पक्ष के खेमलाल पंडित, रामदेव पंडित, विजय पंडित, मंजू देवी, सुगिया देवी, सुनीता देवी और मंजू देवी घायल हो हुए हैं।

दूसरे पक्ष के बैजनाथ यादव, सत्यनारायण यादव, गुड्डू कुमार और सुदामिया देवी को भी चोटें आई हैं। जिसके बाद घायल दोनों पक्ष इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी आये। जहां डॉ अनीता टोप्पो और स्वास्थ्यकर्मी अनूप व अजित ने उनका प्राथमिक उपचार किया। इस झड़प में खेमलाल पंडित, विजय पंडित और सुनीता देवी, सत्यनारायण यादव और गुड्डू कुमार को सर में चोट होने की बात बताई जा रही है। विजय पंडित और खेमलाल पंडित को बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर कर दिया गया।

## जमीन पर दोनों पक्षों के हैं अपने-अपने दावे

झड़प का कारण बने विवादित जमीन पर दोनों पक्षों ने अपने-अपने दावे किये हैं। खेमलाल पंडित ने कहा कि उक्त विवादित जमीन का मामला न्यायालय में चल रहा है। न्यायालय के किसी भी नतीजे पर पहुंचने से पहले ही दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा उक्त जमीन पर निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। साक्ष्य के लिए वे और उनके परिवार फुटेज लेने उक्त स्थान पर गये थे। तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने उनका मोबाइल छीनकर उन लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। खेमलाल ने बताया कि बिल्टू कुमार के नाम पर उक्त जमीन का हुकुमनामा है। जिसमें 32 डिसमिल जमीन पर विवाद चल रहा है। इस संबंध में दूसरे पक्ष के बैजनाथ यादव ने बताया कि उक्त जमीन पर वे निर्माण कार्य कर रहे थे। इसी बीच प्रथम पक्ष के लोगों ने निर्माण कार्य रोकने का प्रयास किया। जिसके बाद दोनों के बीच हाथापाई और फिर मारपीट शुरू हो गई। बैजनाथ ने कहा कि उनके पूर्वज बालकिशुन यादव, पुणा यादव और देवी यादव के नाम से उक्त जमीन का केवाला है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त जमीन पर प्रशासन द्वारा कुछ समय पूर्व धारा 144 भी लागू किया गया था। निषेधता खत्म होने के बाद यह विवाद पुनः बढ़ गया। बहरहाल दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

## पिकअप वैन में अवैध कोयला को पुलिस ने किया जब्त

**गिरिडीह।** सरिया प्रखंड में लगातार अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अवैध कोयला के प्रति अभियान चलाया जा रहा है। इसी प्रकार अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय राम को गुप्त सूचना मिली की सरिया थाना क्षेत्र के ग्राम नावाडीह के रास्ते से सरिया राज धनवार मुख्य सड़क की ओर एक पिकअप वाहन में अवैध कोयला लेकर जाने की सूचना है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह एवं रात्रि गश्ती के पदाधिकारी सह अवर निरीक्षण सरवन कुमार सिंह तथा सशस्त्र बल के साथ ग्राम नावाडीह मुख्य सड़क पर पुलिस वाहन को देखकर उक्त पिकअप वैन से एक व्यक्ति उतरकर भागने लगा तथा रात्रि के समय अंधेरे में भाग गया। पिकअप वाहन चालक को सशस्त्र बल हवलदार रामविलास रजक और विश्वेश्वर दास के मदद से पकड़ लिया गया।

## बिरनी : अनियंत्रित होकर घर में घुसा 407 वाहन, बच्ची घायल



**राष्ट्रीय नवीन मेल। बिरनी (गिरीडीह)।** बिरनी थाना के भरकट्टा क्षेत्र के सारंडा में एक 407 वाहन अनियंत्रित होकर घर में घुस गया। इससे घर पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। वही घर में सोई हुई एक बच्ची घायल हो गई। घायल बच्ची की पहचान सारंडा गांव निवासी चौधरी दास के पुत्री ममता कुमारी के रूप में हुई है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि वाहन सरिया से द्वारपहरी सीमेंट लोड करके जा रही थी। इसी दरम्यान में सारंडा के पास वाहन घूमने के दौरान अनियंत्रित होकर घर मे घुस गया। जिसके बाद हो हल्ला होने के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना भरकट्टा ओपी पुलिस को दिया गया। भरकट्टा ओपी पुलिस अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**ग्रामीणों ने की मुआवजा की मांग :** वाहन घर में घुस जाने के बाद ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग किया है। जिसके बाद भरकट्टा पुलिस पहुंचने के बाद भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज ने ग्रामीणों से अपील किया वाहन को थाना जाने दीजिए। ग्रामीणों ने कहा कि घटना की सूचना वाहन मालिक को दिया गया है। जो भी होगा वाहन मालिक से समझौता किया जाएगा।

## चामी मुर्मू ने लगाये 30 लाख पेड़

**महिला दिवस विशेष**



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर।** चामी मुर्मू बचपन में स्कूल की किताबों में 'मदर टेरेसा' के बारे में पढ़ा, तभी लगता था कि जीवन वही सार्थक है, जिसमें इंसान के पास एक 'खास' मकसद हो। वह मदर टेरेसा की तरह बनने के सपने देखा करती थीं, लेकिन 10वीं पास करते ही उनके परिवार पर मुसीबतें टूट पड़ीं। पहले भाई और फिर पिता का आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने तीन भाई-बहनों और मां की अभिभावक बन गईं। दूसरे के खेतों में मजदूरी तक करनी पड़ी। संघर्ष करते हुए परिवार को संभाला, लेकिन जिम्मेदारियों के बीच बचपन में देखा गया सपना मरने नहीं दिया। तय कर लिया कि शादी नहीं करूंगी और उन्होंने अपनी जिंदगी एक मकसद के लिए समर्पित कर दी। यह मकसद था - पेड़ लगाना और उनकी देखभाल करना। तब का दिन है और आज का दिन, तीन दशक गुजर गए और उन्होंने इस दौरान 30 लाख से ज्यादा पेड़ लगा दिए। इनका नाम है चामी मुर्मू।

झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर नामक कस्बे में रहने वाली 51 वर्षीया चामी मुर्मू उन विशिष्ट हस्तियों में शामिल हैं, जिन्हें भारत सरकार ने वन-पर्यावरण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए इसी वर्ष पद्मश्री सम्मान के लिए चुना है। पेड़ लगाने और बचाने के व्यापक अभियान के चलते चामी मुर्मू अपने इलाके में 'लेडी टार्जन' के नाम से मशहूर हैं। उनके इस अभियान से 30,000 से ज्यादा महिलाएं जुड़ी हैं। इस दौरान उन्होंने लकड़ी माफिया से संघर्ष किया। नक्सलियों की गतिविधियों और कई धमकियों के बाद भी उनका हौसला नहीं डिगा। उन्होंने अभियान की शुरूआत 1988 में बगराईसाई गांव में 11 महिला सदस्यों के साथ मिलकर की थी। इलाके की बंजर जमीनों पर पेड़ लगाना शुरू किया। फिर राज्य सरकार की सामाजिक वानिकी योजना के तहत संस्था को मदद मिली और अंततः एक नर्सरी की शुरूआत हुई। वह बताती हैं एक लाख से अधिक पौधे लगाने के बाद 1996 में हमें एक बड़ा झटका लगा। गांव के दबंगों ने मेरे पूरे एक लाख पौधे नष्ट कर दिये। हमने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और दोषियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना के बाद भी उसी जोश के साथ काम करना शुरू कर दिया। वर्ष 1996 में जब उन्हें 'इंदिरा गांधी वृक्ष मित्र पुरस्कार' से सम्मानित किया गया तो उनकी चर्चा दूर-दूर तक होने लगी।

## वन विभाग ने अकेसिया लकड़ी किया जब्त



**गिरिडीह।** तिसरी वन क्षेत्र अंतर्गत खिरोद के बढ़नीयाटांड - मुर्गा पहाड़ी के समीप से शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने वन क्षेत्र से कटाई कर स्टोर किये गये अकेसिया की लकड़ी जब्त की है। जब्त लकड़ियों की कीमत हजारों में बताई जा रही है। बताया जाता है कि तिसरी के वनपाल अमर विश्वकर्मा को खिरोद जंगल से कुछ लोगों द्वारा हरे पेड़ों की कटाई कर बढ़नीयाटांड - मुर्गा पहाड़ी के समीप स्टोर किए जाने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके आधार पर वनपाल अमर विश्वकर्मा व उप वन परिसर पदाधिकारी अशोक कुमार ने अहले सुबह ही उक्त स्थान पर छापेमारी की। जहां रखे गए लगभग एक ट्रैक्टर अकेसिया वृक्ष की लकड़ियों को जब्त किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में महिला सशक्तीकरण उत्सव आयोजित



**गिरिडीह।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पीरटांड़ में वनवासी विकास आश्रम, गिरिडीह के द्वारा तथा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर महिला सशक्तीकरण उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन सरिता सिंह द्वारा किया गया। जिसके तहत उन्होंने कहा कि आज के महिलाओं तथा बच्चियों को उनके अपने अधिकार जानना बहुत जरूरी है। कस्तूरबा गांधी, ज्योतिबा फुले, इंदिरा गांधी जैसे देश के महान महिला हस्तियों के आदर्शों पर हम सबको चलना होगा तभी हम जिवन में आगे बढ़ सकते हैं साथ ही कहा कि हम सबको बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाना है तथा ऐसे कार्यक्रम में शामिल नहीं होना है। डॉ गौतम कुमार ने बच्चियों को बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया तथा कहा कि जब भी कहीं बाल विवाह की सूचना मिले तो अविलंब 1098 पर फोन करें। कार्यक्रम में शिक्षक डॉ गौतम कुमार, महेश प्रसाद गुप्ता, रंधीर कुमार दुबे शिक्षिका डॉ ममता कुमारी, उत्तम सिंह, चांदनी मरांडी, अनिता कुमारी,किरण कुमारी, रानी कुमारी, सरिता किस्कु, सितामुनी मुर्मू, लक्ष्मी कुमारी आदि की सराहनीय भूमिका रही तथा उत्तम कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम की समापन की गई।

### नक्सल प्रभावित पीरटांड़ के चतरो पहुंचे गिरिडीह डीसी, एसपी सहित कई अधिकारी

**गिरिडीह।** ग्रामीणों से नक्सलियों का भय निकालने और मतदान को लेकर ग्रामीणों की दिलचस्पी जानना उद्देश्य भयमुक्त और निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर गिरिडीह प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिख रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को ग्रामीणों से नक्सलियों का भय निकालने और मतदान को लेकर ग्रामीणों की दिलचस्पी जानने के उद्देश्य से उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी दीपक कुमार शर्मा समेत कई अधिकारी जिले के नक्सल प्रभावित पीरटांड़ के मधुबन स्थित चतरो पहुंचे और उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में आयोजित सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा व एसपी दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि हर हाल में ग्रामीणों को भय मुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराना है। मौके पर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद, डीएसपी अंबिका राय, डीएसपी कौसर अली समेत अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच कहा कि जिला प्रशासन आने वाले चुनाव में भय मुक्त माहौल देना है।

### कानूनी जागरूकता का शिविर आयोजित

**गिरिडीह।** जमुआ प्रखंड के पोबी पंचायत के अंतर्गत ग्राम शानडीह में समाजसेवी चंचला देवी की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच संचालन जलसहिया सह बीएलओ गुड़िया कुमारी ने किया। प्रखंड विधिक सहायता केंद्र जमुआ के पीएलवी सुबोध कुमार साव ने उपस्थित महिलाओं के साथ छेड़छाड़ से संबंधित अपराध और डायन प्रथा के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की यदि कोई भी व्यक्ति किसी औरत को डायन के रूप में पहचान कर उसे शारीरिक या मानसिक यातना जान-बूझकर देता है या अन्यथा किसी पकार प्रताड़ित करता है तो उसे छह माह तक की अवधि के लिए कारावास की सजा अथवा दो हजार रुपया जुर्माने अथवा दोनों सजाओं से दंडित किया जा सकता है।

**राज्यों से**

# भगवान शिव हैं भाषा, कला और क्रिएटिविटी के जनक

**नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कई युवा हस्तियों को किया सम्मानित**



**एजेंसी। नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पहले नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड से कई युवा हस्तियों को सम्मानित किया। भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कथा वाचक जया किशोरी को सामाजिक परिवर्तन के लिए सर्वश्रेष्ठ रचनाकार का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं लोकगायिका मैथली ठाकुर को सांस्कृतिक, कविता सिंह (कबिताज किचन) को खाद्य, मल्हार कलांबे को स्वच्छता, अमन गुप्ता को वर्ष के सेलिब्रिटी निर्माता, आरजे रौनक को सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक रचनाकार पुरुष पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान मल्हार कलांबे प्रधानमंत्री मोदी से कहते हैं। पिछले साल आपने अंकित बैयनपुरिया के साथ स्वच्छ भारत अभियान में हिस्सा लिया था। मेरी भी इच्छा है कि कभी आपके साथ सफाई अभियान में हिस्सा बनूं। इस पर पीएम मोदी मुस्कुराते हुए कहते हैं कि आपको जरूर मौका मिलेगा। हर प्रकार की सफाई में काम आ सकता है। इस चुनाव में भी सफाई होने वाली है। पीएम मोदी की ये बात सुनकर वहां मौजूद सभी क्रिएटर्स जोर-जोर से तालियां बजाने लगे।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा आज एक और संयोग है कि ये पहला नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड महाशिवरात्रि के शुभ दिन पर आयोजित हो रहा है और मेरे काशी में तो शिव जी के बिना कुछ नहीं चलता है।

भगवान शिव भाषा, कला और क्रिएटिविटी के जनक माने गए हैं। हमारे शिव नटराज हैं। शिव के डमरू से माहेश्वर सूत्र प्रकट हुए हैं। शिव का तांडवलय सृजन की नींव रखता है। महाशिवरात्रि के दिन यह आयोजित अपने आप में एक सुखद संयोग है और मैं आपको और सभी देशवासियों को महाशिवरात्रि की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि जब समय बदलता है। जब नए युग की शुरूआत होती है तो उसके साथ कदम से कदम मिलाना, ये देश का दायित्व होता है। आज भारत मंडपम में देश अपने उस दायित्व को पूरा कर रहा है।

नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड ये आयोजन नए दौर को समय से पहले पहचान देने का आयोजन है। पीएम मोदी ने कहा आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी है। आज जो अवॉर्ड मिले हैं उनमें भी बहुत सारी बेटियां मैदान मार गई हैं। उनको भी बधाई देता हूं। मैं देश की सभी महिलाओं, बहन-बेटियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देता हूं और आज गैस सिलेंडर के दाम भी 100 रुपए कम हुए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति व पीएम ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दी महिलाओं को बधाई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के मौके पर सभी महिलाओं को बधाई दी। आठ मार्च को विश्व भर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर महिलाओं की उपलब्धियों, अधिकारों, समानता, सशक्तिकरण सहित उनसे जुड़े अन्य मुद्दों को याद किया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर कहा महिला दिवस पर सभी महिलाओं को मेरी तरफ से बधाई। किसी भी समाज की प्रगति वहां रहने वाली महिलाओं की प्रगति से मापी जाती है। उन्होंने आगे कहा भारत की बेटियों ने जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। चाहे वो खेल हो या विज्ञान। हमारी बेटियों ने हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करके राष्ट्र को गौरवान्वित किया है, तो आइए हम सब मिलकर महिलाओं की राहों में मौजूदा चुनौतियों को दूर करने की दिशा में मिलकर काम करें, ताकि वो देश के आने वाले कल को नया आकार दे सकें। प्रधानमंत्री ने आगे कहा हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमी, कृषि, तकनीक सहित अन्य क्षेत्रों में नवाचारों से महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में प्रतिबद्ध है। यह पिछले दशक में हमारी उपलब्धियों में भी परिलक्षित होता है।

### डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल का अधीक्षक गिरफ्तार

**डिब्रूगढ़ (असम)।** डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल के अधीक्षक नृपेन दास को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जेल अधीक्षक पर खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह और उसके साथियों की मदद करने का आरोप लगा है। कुछ दिन पहले इन कैदियों के पास से मोबाइल फोन, सिम कार्ड, स्पाईकैम समेत कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई थी। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई थी। गत 17 फरवरी को पुलिस ने सिम कार्ड, टीवी रिमोट, जासूसी कैमरे सहित आपत्तिजनक सामग्री जब्त की थी। पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने घटना के बारे में ट्वीट किया था। नृपेन दास को इस घटना के सिलसिले में दर्ज एक मामले के आधार पर बीती रात को गिरफ्तार किया गया।

### सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए मनोनीत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लेखिका और और समाजसेविका सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को महिला दिवस के मौके पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा मुझे खुशी है कि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विविध क्षेत्रों में सुधा जी का योगदान अतुलनीय और प्रेरणादायक रहा है।

### बंगाल की जेलों में महिला कैदियों के गर्भवती होने पर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की विभिन्न जेलों में बंद महिला कैदियों के गर्भवती होने के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी है। शुक्रवार को न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची और अजय कुमार गुप्त की खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जो महिलाएं जेल में कैदी हैं, वे प्रेग्नेंट हो रही हैं। इससे बड़ी सुरक्षा चूक नहीं हो सकती। पांच अप्रैल तक राज्य सरकार लिखित में बताए कि आखिर ऐसा कैसे हो रहा है।

## चुनावी बांड मामले में एसबीआई पर उठा सवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी एसबीआई ने इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी व दस्तावेज चुनाव आयोग को 6 मार्च तक नहीं दिया। वहीं सुप्रीम कोर्ट में 4 मार्च को याचिका दायर कर समय सीमा 30 जून तक बढ़ाने का आग्रह किया। जिस पर चुनावी बॉन्ड की वैधता को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सुप्रीम कोर्ट में एसबीआई के विरूद्ध अवमानना का मामला चलाने की याचिका दायर कर दी। उस पर 11 मार्च को सुनवाई हो सकती है।

एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बांड का मुद्दा उठाते हुए कहा कि ये सीधे तौर पर अवमानना का मामला है। उन्होंने कहा कि हमारी अवमानना याचिका को भी एसबीआई की याचिका के साथ-साथ ही सुना जाए। जिस पर सीजेआई ने एडीआर का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील प्रशांत भूषण से ई-मेल भेजने को कहा और 11 मार्च को अवमानना याचिका सूचीबद्ध करने का आश्वासन दिया।

प्रशांत भूषण ने कहा, एसबीआई ने जानबूझकर माननीय न्यायालय की संविधान पीठ द्वारा पारित फैसले की अवज्ञा की है, और यह न केवल नागरिकों के सूचना के अधिकार को नकारता है, बल्कि इस माननीय न्यायालय के अधिकार को भी कमजोर करता है। एसबीआई 30 जून तक समय इसलिए मांग रहा है कि तब तक तो लोकसभा चुनाव हो जाएगा। नई सरकार बन जाएगी। उसके बाद यह आएगा कि किन-किन कंपनियों ने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है, जो कंपनी दिवालिया हो गई हैं या होने वाली है, उसने किस तरह बहुत चंदा दिया है, क्या किसी भगोड़े उद्योगपति ने भी भागने के पहले करोड़ों रुपये चंदा दिया है या विदेश से चंदा दिया है? यदि यह सब लोकसभा चुनाव बाद 30 जून को आएगा, तब तो कोई चुनावी मुद्दा नहीं बन पाएगा। इससे लाभान्वित नेता या पार्टी का कुछ नहीं बिगड़ेगा।

## भारत को मिला 'खसरा और रूबेला चैंपियन' पुरस्कार



**नई दिल्ली।** खसरा और रूबेला रोग की रोकथाम में अनुकरणीय प्रयासों के लिए भारत को 'खसरा और रूबेला चैंपियन' पुरस्कार दिया गया है। भारत को 6 मार्च को अमेरिका स्थित रेड क्रॉस मुख्यालय में दी मीजल्स एंड रूबेला पार्टनरशिप द्वारा आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित मीजल्स एंड रूबेला चैंपियन अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्रालय की तरफ से अमेरिका में भारतीय राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि खसरे और रूबेला की रोकथाम के लिए वैश्विक स्तर पर एक बहु-एजेंसी योजना समिति का गठन किया गया है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वायुसेना की चार इकाइयों को 'राष्ट्रपति मानक एवं रंग' पुरस्कार से सम्मानित किया



**एजेंसी। गाजियाबाद।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को भारतीय वायुसेना की चार इकाइयों को राष्ट्रपति मानक एवं रंग पुरस्कार से सम्मानित किया। भारतीय वायुसेना के इतिहास में पहली बार वायु सेना की चार इकाइयों को एक साथ इन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति मानक और रंग पुरस्कार किसी भी सशस्त्र बल इकाई के लिए सर्वोच्च सैन्य सम्मान है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुनी गई चारों इकाइयों का भारतीय वायुसेना के इतिहास में शानदार योगदान है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर पहुंची और एयरफोर्स के जवानों ने उन्हें परेड कर सलामी दी। आज गाजियाबाद में हिंडन वायु सेना स्टेशन में आयोजित एक समारोह में 45 स्क्वॉड्रन और 221 स्क्वॉड्रन को राष्ट्रपति के मानक और 11 बेस रिपेयर डिपो तथा 509 सिग्नल यूनिट को राष्ट्रपति के रंग पुरस्कार से सम्मानित किया।

इस मौके पर एयरचीफ मार्शल बीआर चौधरी केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह, जतिन प्रसाद चारों यूनिट की ओर से ग्रुप कैप्टन एम सुरेंद्रन, ग्रुप कैप्टन शुभांकन, एयर आफिसर कमांडिंग आशुतोष वैद्य और कमांडिंग आफिसर ग्रुप कैप्टन विवेक शर्मा उपस्थित रहे।

### राष्ट्रपति मुर्मू मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आधिकारिक निमंत्रण पर 12 मार्च को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के लिए 11 से 13 मार्च तक द्वीपीय देश की राजकीय यात्रा करेंगी। भारतीय नौसेना की एक टुकड़ी भारतीय नौसेना के पहले प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के दो जहाजों-आईएनएस तीर और सीजीएस सारथी के साथ समारोह में भाग लेगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मू मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनौथ के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। इसके अलावा राष्ट्रपति मुर्मू मॉरीशस नेशनल असेंबली के अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और महत्वपूर्ण नेताओं से मुलाकात करेंगी।

# नीलकंठ शिव और राजनीति

भगवान शिव जगत वंध होने के कारण सब के प्रिय आराध्य हैं। देवता और दैत्य परस्पर शत्रु होते हुए भी दोनों के वंदनीय हैं? दैत्य विष्णु से कभी कोई याचना नहीं करते परन्तु शिव के समक्ष सदा नतमस्तक मिलते हैं। शिव की इस सर्वप्रियता का रहस्य उनकी कल्याणकारी शक्ति और त्यागपूर्ण सरलता में निहित है। संभवतः धर्म के नाम पहले के अघोषित संविधान में यही सार छुपा था कि नेतृत्व यदि सर्वप्रिय होना चाहें तो उसे भी शिव के समान सहज सुलभ और सबके लिए कल्याणकारी होना चाहिए । अपने कंठ में गरल धारण करने वाले भोले बाबा का भारत में आज भी यह विविधता और ग्राह्यता प्रचलित है । महादेव दक्षिण के समान उत्तर भारत के भी आराध्य हैं । शिव का एक अर्थ कल्याणह्य भी होता है और कल्याण की कामना से किसी का विरोध नहीं होता। इसलिए शिव से भी किसी का विरोध नहीं है। शिव वैदिक- पौराणिक देवता होने के साथ- साथ लौकिक घरातल पर भी एक ऐसे नेहूत्व का प्रतीकार्थ देते हैं जो सबका भला चाहता है, सबका भला करता है, सबके लिए सुलभ है और भोला-भंडारी है। जो वीतरागी है, संन्यासी है, जिसका अपना अपने लिए कुछ नहीं, अपना सब कुछ सबके लिए हैं। जो समन्वय की सामर्थ्य से युक्त है और विरोधों में सामंजस्य बैठाना जानता है, जिसे अपयश, अपमान एवं निन्दा का विष पीना-पचाना और समाज के लिए घातक भयानक विषधरों को वश में करना आता है। ऐसा ही व्यक्तित्व शिव हो सकता है, लोक के लिए शुभ हो सकता है और सर्वप्रिय तथा जगतबंद्य बन सकता है। शिव के कंठ में, भुजाओं में नाग लिपटे हैं। नाग संसार के लिए भयकारी हैं किन्तु जब वे शिव के नियन्त्रण में उनकी देह पर मालाओं के समान शोभायमान होते हैं तब लोक के लिए भय का कारण नहीं रह जाते। लौकिक संदर्भ में नाग अपराधी ताकतों के प्रतीक हैं। लोक के कल्याण के लिए इनका नियंत्रण आवश्यक है। शिव वही हो सकता है जो इन पर नियंत्रण कर सके। नेतृत्व की शिवता शिव जैसी नियन्त्रण-शक्ति की अपेक्षा करती है।शिव को त्रिलोचन कहा गया है। दो नेत्र तो सबके पास हैं। सब उनसे देखते हैं, अनुमान लगाते हैं और निष्कर्ष निकालकर कार्य करते हैं किन्तु शिव ज्ञान के तृतीय नेत्र से देखकर विचार करते हैं। सही निष्कर्ष तक पहुँचने के लिए ज्ञान के तृतीय नेत्र का सदुपयोग शिव-नेतृत्व की परम उपलब्धि है। ज्ञान का यही तृतीय नेत्र लोक-कल्याण के लिए आवश्यकता पड़ने पर रुद्र रूप धारण कर अशिव शक्तियों के संहार का कारण भी बनता है। समाज की सुरक्षा के लिए नेतृत्व के तीसरे नेत्र का संहारक रौद्ररूप लेना और उसकी कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में उसका विचार सम्पन्न ज्ञान रूप में परिणत होना आवश्यक है। भगवान शंकर के इस तीसरे नेत्र का रहस्य समझकर ही कोई नेतृत्व समाज को समृद्धि और सुरक्षा देकर सर्वप्रिय बन सकता है। लच्छेदार बातों और कोरे वादों की बौछारें समाज को बहका सकती हैं, बहला सकती हैं उसे रिझाकर वोट बटोर सकती हैं लेकिन समाज का भला नहीं कर सकतीं। शिव की देह पर लगी भस्म का अंगराग उनकी निष्कामता, निर्लोभता और निर्लिप्तता का प्रतीक है। सर्वप्रिय बनने के लिए उत्सुक नेतृत्व को व्यक्तिगत सुख सुविधाओं और वैभवपूर्ण प्रदर्शनों की विलासप्रियता पर अंकुश लगाना चाहिए। निजी महत्वाकांक्षाएं नेता को इंद्र बना सकती हैं, शिव नहीं और इन्द्र कभी सर्वप्रिय नहीं हो सकते। इंद्र व्यवस्था चला सकते हैं किन्तु समाज पर आयी विपदाओं के निवारण के लिए सक्षम नहीं हो सकते। इस कार्य के लिए उन्हें शिव आदि अन्य शक्तियों की शरण में आना पड़ता है। नेतृत्व का इन्द्र बन जाना समाज के लिए शुभ नहीं होता। समाज की शुभता तो शिवता की विलासिता विहीन भस्मरागमयी भूमि में ही विलसती है। नेतृत्व की शुचिता समाज में भी सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करके समाज से भ्रष्टाचार दूर कर सकती है। लोकजीवन में आचरण की पवित्रता नेतृत्व के शिवत्व की शुचिता पर निर्भर है। शुद्धता के अभाव में सामाजिक लोकप्रियता संभव नहीं।

इन दिनों

# मानवता की तबाही की कीमत पर कमाई





डॉ. अनिल कुमार निगम

**युद्ध** हमेशा विनाश लाते हैं। इससे हमेशा मानवता का विनाश हुआ है। हर युद्ध अपने पीछे भयावह चिह्न छोड़ जाता है। भारत की भी नीति ''वसुधैव कुटुम्बकम'' की रही है, लेकिन अमेरिका और यूरोपीय संघ की रणनीति यह रही है कि विश्व में युद्ध चलते रहने चाहिए। संभवतः यही कारण है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को दो वर्ष से अधिक समय हो चुका है। वहीं हमास और इजराइल के बीच युद्ध छिड़े हुए लगभग पांच महीने का समय गुजर चुका है, लेकिन इनका कोई अंत दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध और हमास-इजराइल युद्ध मानवता के लिए बरबादी का सबब हैं, जबकि अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और कई यूरोपीय देशों के लिए ये कमाई का साधन बन गये हैं। संपूर्ण विश्व में युद्ध चलता रहे, अमेरिका व पश्चिमी देशों के लिए यह फायदे की बात है। तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद रूस-यूक्रेन युद्ध शांत नहीं हुआ। हमास के लड़ाकों ने 7 अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमला किया था। उसके बाद इजराइल ने हमास के ठिकाने वाली गाजा पट्टी पर ताबड़तोड़ हमले कर एक हिस्से को तो बकायदा कब्रिस्तान में तब्दील कर दिया। गौरतलब है कि यूक्रेन-रूस युद्ध को दो वर्ष से अधिक हो चुके हैं। परंतु इस युद्ध को रोकने के लिए न तो अमेरिका और न ही रूस गंभीर है। अहम सवाल यह है कि क्या कारण है, जिसके चलते ये देश युद्ध खत्म नहीं करना चाहते? वे इन युद्धों को लंबा क्यों खींचना चाहते हैं? क्या उन्हें इन युद्धों में मारे जाने वाले लोगों और इससे होने वाली क्षति की कोई चिंता नहीं है? इसके पीछे उनकी क्या मंशा है? सर्वविदित है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में हजारों लोगों की जान चली गई और बड़े पैमाने पर विनाश हुआ, फिर भी युद्ध का कोई अंत नहीं दिख रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि इस युद्ध से रूस की सेना की जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा बनी हुई थी, वह भी प्रभावित हुई है। दो वर्ष के लंबे संघर्ष के बावजूद रूस अब तक यूक्रेन के केवल 17 फीसदी हिस्से पर ही कब्जा कर सका है। इसी तरीके से देखा जाय तो हमास और इजराइल के बीच चलने वाला युद्ध भी अंतहीन लग रहा है, क्योंकि एक ओर जहां अमेरिका और नाटो देश इजराइल के साथ खड़े हैं। वहीं दूसरी ओर हमास के समर्थन में कई अरब देश हैं। ऐसे में दोनों पक्षों के बीच हथियारों का प्रयोग एवं प्रदर्शन जमकर हो रहा है। वास्तव में हमले के एक वर्ष बाद अमेरिका और रूस ने अपने सैन्य हथियारों का परीक्षण एवं प्रदर्शन करने के लिए युद्ध क्षेत्रों का उपयोग किया। ऐसा लगता है, मानो दोनों पक्ष अपने हथियारों की बिक्री और प्रदर्शन करना चाहते हैं। ध्यातव्य है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जनरल आइजनहावर ने स्वीकार किया था कि अमेरिका एक 'सैन्य औद्योगिक प्रतिष्ठान' है। यूक्रेन युद्ध और गाजा पट्टी पर इजराइल का हमला इस बात के ताजा उदाहरण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि युद्धविराम के जरिये समझौता किया जा सकता था, लेकिन अमेरिका और यूरोपीय संघ के निहितार्थों ने इस होने नहीं दिया। वर्ष 2023 में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन एवं ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा था, 'यदि आप रूस के आक्रमण से निपटने के लिए यूक्रेन की रक्षा में हमारे द्वारा किये गये निवेश को देखें, तो हमने जो सुरक्षा सहायता प्रदान की है, उसका 90 फीसदी वास्तव में अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग एवं प्रोडक्सन पर खर्च किया गया है। इसी का नतीजा है कि अमेरिका में रोजगार के अवसर पैदा हुए और अर्थव्यवस्था का ज्यादा विकास हुआ। यह हमारे लिए फायदे का सौदा है, जिसे हमें जारी रखने की जरूरत है।' अमेरिका की विदेश नीति पर नजर डाली जाय तो पता चलता है कि हथियार हस्तांतरण और रक्षा व्यापार अमेरिकी विदेश नीति के महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। अमेरिका के विदेश विभाग के अनुसार, अमेरिकी सरकार ने 80 अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सामग्री की बिक्री के लिए सीधे सौदा किया। यह सौदा वर्ष 2022 से 56 प्रतिशत अधिक है। यूक्रेन के विदेशमंत्री दिमित्रो इवानोविच कुलेबा ने हाल ही में एक बयान में कहा कि प्रतिदिन युद्ध की लागत 13.6 करोड़ डॉलर है। अमेरिकी हथियारों की विदेशों में बिक्री पिछले साल तेजी से बढ़ी, जो रिकॉर्ड कुल 238 अरब डॉलर तक पहुंच गई, क्योंकि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने हथियारों की मांग बढ़ा दी। यूक्रेन पर रूसी हमला शुरू होने के बाद से अमेरिका 113 अरब डॉलर और यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को 91 अरब डॉलर सैन्य और वित्तीय सहायता प्रदान की। अमेरिकी की प्रमुख समाचार एजेंसी पोलिटिको ने दावा किया है कि 'व्हाइट हाउस' चुपचाप दोनों दलों-डेमोक्रेट एवं रिपब्लिकन के सांसदों से आग्रह करता है कि वे घरेलू आर्थिक समृद्धि के लिए अन्य देशों में युद्धों को बढ़ावा दें। दोनों दलों के नेता रूस का प्रतिरोध करने के लिए यूक्रेन को सहायता देने का समर्थन करते रहे हैं, ताकि यह साबित किया जा सके कि ऐसा करना अमेरिका में रोजगार सृजन के लिए अच्छा है। यहां तक कि यह काम कुछ मीडिया घराने भी करते हैं। बड़े रक्षा निगमों के शीर्ष अधिकारियों की शक्तिशाली पदों पर बैठे अमेरिकी राजनेताओं के साथ गहरी सांठगांठ है। वास्तविकता तो यह है कि अमेरिकी सैन्य औद्योगिक प्रतिष्ठान के समर्थक पूरे सरकारी और अर्ध-सरकारी तंत्र में पैठ बनाये हुए हैं। लॉबिस्ट राजनेताओं के साथ सावधानीपूर्वक मिलीभगत करते हैं। बड़ी रक्षा कंपनियां, थिंक टैंक और अन्य संबद्ध संस्थानों के संरक्षक की भूमिका में होते हैं। ये ऐसे लोग हैं जो हथियार विक्रेताओं के लिए एजेंडा सेटिंग का काम करते हैं। यूक्रेन युद्ध में अमेरिका रूसी रक्षा उद्योग को पूरी तरह से विफल होता देखना चाहता है। वह विश्व में रूसी हथियार निर्माताओं को निकृष्ट साबित कर उनको निर्यात से मिलने वाले धन से वंचित करना चाहता है। लेकिन, यह कितनी अजीबो गरीब बात है कि युद्ध जो लगातार मानवता का विनाश कर रहे हैं। विभिन्न देशों के आधारभूत ढांचे को तबाह कर रहे हैं। हजारों लोगों की जान जा रही है लेकिन अमेरिका और यूरीपीय संघ के देश तबाही की कीमत पर अपने देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का काम कर रहे हैं। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि विश्व शांति के लिए गठित संयुक्त राष्ट्र संघ क्या कर रहा है? क्या ऐसे ही विनाश होता रहेगा और संयुक्त राष्ट्र संघ मौन बना रहेगा?

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## आपकी बात



### बात महिलाओं के सम्मान की



निशा वर्मा

यह दिन महिलाओं के सम्मान और उनके समाज में योगदान को महसूस कराने के लिए तय किया गया है। यह दिन एक उत्सव की भावना के साथ दुनिया भर में मनाया जाता है। महिलाओं ने समाज को विकसित बनाने में अहम भूमिका निभाई है। वे घरेलू कामों के अलावा समाज के साथ-साथ अलग-अलग क्षेत्रों में भी अपने कौशल का प्रदर्शन करती हैं। उनका योगदान शिक्षा, सेवा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और कई अन्य क्षेत्रों में बेहद खास है। हर साल 8 मार्च को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने का एक अवसर है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लैंगिक समानता हासिल करने के संघर्ष को याद करने का भी अवसर होता है। इस दिवस की शुरूआत 20वीं सदी की शुरूआत में हुई थी, जब महिलाएं बेहतर कामकाजी परिस्थितियों, मताधिकार और समान वेतन की मांग कर रही थीं। धीरे-धीरे यह आंदोलन दुनियाभर में बड़े स्तर पर बन गया और 1975 में संयुक्त राष्ट्र ने 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मान्यता दी। महिलाओं को पुरुषों के समान अवसर और अधिकार प्राप्त हों। शिक्षा महिलाओं को सशक्त बनाती है और उन्हें अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। महिलाओं को उचित स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच प्राप्त हो। महिला उद्यमिताः महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने और चलाने के लिए प्रोत्साहित करना। भारत जैसे देश में, जहां महिलाओं को सदियों से सामाजिक असमानता का सामना करना पड़ा है, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विशेष महत्व है। यह दिन महिलाओं को अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाने और लैंगिक समानता हासिल करने के लिए मिलकर काम करने का अवसर प्रदान करता है। हालांकि, यह जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ एक प्रतीकात्मक समारोह न बनकर, महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रयासों में बदल जाए। समाज को महिलाओं को शिक्षित करने, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे। महिलाएं अलग-अलग क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। कुछ भारतीय महिलाओं ने विज्ञान, कला, साहित्य, खेल और राजनीति जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। इन महिलाओं की सफलता अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और दिखाती हैं कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में सफल हो सकती हैं।

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

राजनीति

# लोकसभा चुनाव : यादें सुकुमार सेन और टीएन शेषन की



आरके सिन्हा

**एक** बार फिर देश लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है। लोकसभा चुनाव की घोषणा अब कभी भी हो सकती है। देश में चारों तरफ लोकसभा चुनाव का माहौल बनता ही चला जा रहा है। वास्तव में यह भारतीय लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण और खासमखास उत्सव भी है। इस उत्सव में इस बार 86 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें 47 करोड़ महिला वोटर होंगी। इस उत्सव में देश के 28 राज्य और नौ केंद्र शासित शामिल होंगे। लोकसभा चुनाव को सफलता पूर्वक करवाने की जिम्मेदारी डेढ़ करोड़ सरकारी अफसरों पर होगी। करीब सवा करोड़ मतदान केन्द्रों में जाकर मतदाता देश के 543 लोकसभा सांसदों का चुनाव करेंगे।

> **लोकसभा चुनाव को सफलता पूर्वक करवाने की जिम्मेदारी डेढ़ करोड़ सरकारी अफसरों पर होगी। करीब सवा करोड़ मतदान केन्द्रों में जाकर मतदाता देश के 543 लोकसभा सांसदों का चुनाव करेंगे।**

यह सब आंकड़े गवाह हैं कि भारत से बड़ा और व्यापक संसदीय चुनाव विश्व भर में कहीं और नहीं होता। बहरहाल, भारत में अब तक लोकसभा के 17 चुनाव हो चुके हैं। पहली लोकसभा के चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 के बीच कराए गये थे। उस समय लोकसभा में कुल 489 सीटें थीं। लेकिन, संसदीय क्षेत्रों की संख्या 401 थी। लोकसभा की 314 संसदीय सीटें ऐसी थीं जहां से सिर्फ एक-एक प्रतिनिधि चुने जाने थे। वहीं 86 संसदीय सीटें ऐसी थी जिनमें दो-दो लोगों को सांसद चुना जाना था। वहीं नॉर्थ बंगाल संसदीय क्षेत्र से तीन सांसद चुने गये थे। किसी संसदीय क्षेत्र में एक से अधिक सदस्य चुनने की यह व्यवस्था 1957 तक जारी रही। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन के सामने कांग्रेस के नेतृत्व वाला आई.एन.डी.आई.ए. के नाम से कई राजनीतिक दलों का एक समूह होगा। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि दो महत्वपूर्ण क्षेत्रीय दल, ओडिशा में बीजद और पंजाब में अकाली दल अकेले ही चुनाव लड़ेंगे। बहरहाल, हर बार की तरह से चुनाव कराने की जिम्मेदारी रिटर्निंग अधिकारियों की होगी। हरेक संसदीय क्षेत्र के लिए एक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त होता है। आमतौर पर, जिला मजिस्ट्रेट



बोधि वृक्ष

## बरवाडीह का पहाड़ी मंदिर



पंडित गिरधारी मिश्र बताते हैं कि 1995 में एक धर्म प्रेमी शारदा सिंह के स्वपन आने के कारण उनके और अन्य श्रद्धालुओं के सहयोग से श्री हनुमान मंदिर से थोड़ी दूर पहाड़ पर मां काली जी की प्रतिमा की स्थापना करते हुए मंदिर का निर्माण कराया गया। श्री हनुमान, शिव, पार्वती, मां काली,मां दुरजागिंन और रानी माई के मंदिरों में झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावे पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। महा शिव रात्रि और श्री रामनवमी पूजा पर पहाड़ी मंदिर परिसर में भव्य मेला भी लगता है। हजारों श्रद्धालु इन मंदिरों में मत्था टेकने आने से अपने को नहीं रोक पाते हैं। सभी मंदिर बरवाडीह स्टेशन के पास ही हैं। वही बस स्टैंड से सिर्फ एक किलोमीटर दूर पर स्थित है।

(समाप्त)

## फेसबुक वॉल से




## X - से



Babulal Marandi (Modi Ka Parivar )
@yourBabulal

जब अलग झारखंड राज्य ले लेने का अवसर सामने था, तब 1993 में शिबू सोरेन ने नरसिम्हा राव की सरकार बचाने के लिए अलग राज्य लेने के बदले पैसा(रिश्वत) ले लिया था। 2012 में उनकी बहु सीता सोरेन ने राज्यसभा चुनाव में मतदान के लिए दो-दो कैंडिडेट से तीन बार रिश्वत के पैसे लिए। ये दोनों लोग संसदीय विशेषाधिकार का हवाला देकर अपने अपराध को छुपाना चाहते थे, लेकिन माननीय सुप्रीम कोर्ट ने सर्वसम्मति से इनकी दलीलों को ठुकरा दिया।

राजनीतिक शुचिता बचाये रखने के लिहाज से माननीय सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय ऐतिहासिक है...

@BJP4India @narendramodi @JPNadda @AmitShah @blsanthosh @BJP4Jharkhand

Translate post

Post your reply

# बाबू बेचाऊ हैं



सुरेश कु. मिश्रा

**पिता** जी नौकरी से थक हारकर घर पहुँचे। घर पहुँचते ही भैया ने उनका लंच बॉक्स और बैग थाम लिया। ''पा ! ओ मॉय डियर पा !''– भैया पिता जी को मक्खन लगाने लगे। पिता जी को आश्चर्य हुआ। बोले – ''हर समय मोबाइल में घुसे रहने वाला बेटा मुझ पर कैसे मेहरबान हो गया? लगता है बरखूरदार को मुझसे काम पड़ गया है।'' ''काम? कैसा काम? क्या मैं आपका लंच बॉक्स और बैग भी नहीं थाम सकता?'' ''थाम तो सकते हो लेकिन तुम्हें मोबाइल और टीवी से फुर्सत मिले तो न। चौबीस घंटे उसी में घुसे रहते हो। तुम्हें पता भी है, मैं नौकरी कब जाता और आता हूँ?'' पिता जी ने भैया को चिढ़ाते हुए पूछा। ''हाँ, क्यों नहीं। मेरे उठने से पहले आप जाते हैं और रात को कभी भी आ जाते हैं। यह सब छोड़िये न। कभी आपको लगा नहीं कि मेरे बेटे की कुछ जरूरतें होती हैं। उन्हें पूरा भी करना चाहिए?'' ''अच्छा! इसका मतलब मैं तुम्हारी परवरिश नहीं कर रहा हूँ। तुम पेड़-पौधों की तरह हवा, पानी और सूरज की किरणों से बड़े होते जा रहे हो न?'' ''फिर नहीं तो और क्या! क्या भिखारियों के बच्चे बड़े नहीं हो रहे हैं? बच्चों का पालन-पोषण तो हर माता-पिता की जिम्मेदारी होती है। है कि नहीं?'' ''जुबान तो तुम्हारी कैंची की तरह चलती है। यही दिमाग कुछ पढ़ाई-लिखाई में लगाया होता तो चार-चार सब्जेक्टों के बैकलॉग लिये घर में बैठे नहीं रहते। यह सब छोड़ो। बताओ क्या काम है?'' ''क्या पा! मुझे आपको यह भी बताना पड़ेगा कि मुझे आपसे क्या काम है? एक ही छत के नीचे रहते हैं। कम से कम इतना तो मालूम करना चाहिए कि किसकी क्या जरूरतें हैं? आपसे तो विक्की के डैडी अच्छे हैं, जो उसके बिना पूछे उसकी हर जरूरत पूरा कर देते हैं।'' ''हाँ बेटा! कहने को तो हम एक ही छत के नीचे रहते हैं, लेकिन एक ही छत के नीचे चूहों की तरह अपने-अपने बिल बना रखे हैं। जरूरत पड़ने पर ही बाहर निकलते हैं। मैंने घर में कमरे इसलिए बनाये कि सभी को अपनी स्वतंत्रता रहे। मुझे क्या पता था कि तुम कमरे को ही अपना एक अलग घर बना लोगे। हमेशा दरवाजा बंद रखते हो। अंदर क्या करते हो किसे पता। जहाँ तक विक्की के डैडी की बात है तो यह मत भूलो कि न तुम विक्की हो और न मैं विक्की का डैडी। इस दुनिया की भलाई मैं को मैं और तुम को तुम बने रहने में है। अब बताओ तुम्हें क्या चाहिए?'' ''आजकल के डैडियों से यही परेशानी है। कुछ माँगने जाओ तो लंबा-चौड़ा भाषण देना शुरू कर देते हैं। मुझे आई फोन का लेटेस्ट मॉडल चाहिए। क्या आप मेरी इत्ती छोटी सी जरूरत भी पूरा नहीं कर सकते?'' 'अरे! दो महीने पहले ही तो लेटेस्ट मॉडल कहकर डेढ़ लाख का नया आई फोन लिया था। अब फिर से शुरू हो गये।'' ''पा! आप जैसी पुरानी पीढ़ियों से यही परेशानी है। कुछ समझते नहीं और झाड़ना शुरू कर देते हैं। लेटेस्ट आई फोन में कैमरा फीचर हाई क्वालिटी का है। मेरे सभी दोस्तों के पास है। मेरे पास

## टेक वर्ल्ड

### व्हाट्सएप ले कर आया है नया फीचर

**सबसे** पहले कैमरा आइकॉन पर क्लिक करके संबंधित फोटो सिलेक्ट कर सकते हैं और सबसे ऊपर आपको एचडी का ऑप्शन दिखेगा और वहां पर क्लिक करते ही आपकी इमेज एचडी में अपलोड हो जायेगी। अगर अलग-अलग फोटो के लिए आप एचडी ऑप्शन क्लिक नहीं करते हैं तो डिफॉल्ट में वह इमेज सेंड हो जाती है। कुछ समय तक आप इस ऑप्शन से काम चला लीजिए बाकी अगर आप एचडी क्वालिटी की फोटो रेगुलर भेजना या रिसीव करना चाहते हैं तो आने वाला अपडेट आपके लिए निश्चित रूप से मददगार होगा।

(समाप्त)

**Google Map पर जल्द आने वाला है जबरदस्त फीचर, पैसे और समय बचाने में**

**आएगा काम**

गूगल मैप में नया फीचर आने वाला है। इसकी मदद से आप अपने पैसे और समय दोनों बचा सकते हैं। यही वजह से कई लोग इसका यूज भी कर रहे हैं। समय के साथ-साथ कंपनी अपनी टेक्नोलॉजी में भी काफी बदलाव करती रहती है। ऐसे में गूगल मैप में नया फीचर को ऐड किया जा रहा है। गूगल तकनीकी को लेकर लगातार काम कर रहा है। समय के साथ-साथ कंपनी अपनी टेक्नोलॉजी में भी काफी बदलाव करती रहती है। ऐसे में गूगल मैप में नया फीचर को ऐड किया जा रहा है। इसकी हेल्प से आपको समय और पैसे दोनों ही बचाने की मदद मिलने वाली है।



(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### सपन कुमार महथा बने सदर थाना प्रभारी,रंजन चौधरी ने किया स्वागत



**हजारीबाग।** सदर थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में इंस्पेक्टर सपन कुमार महथा ने पदभार ग्रहण किया। उनके पदभार ग्रहण करने पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने उनका अंग-वस्त्र भेंटकर हजारीबाग में स्वागत किया। सपन कुमार महथा कुशल प्रशासक, सरल, सहज, मिलनसार, मृदुभाषी और कम्युनिटी पुलिसिंग पर विश्वास रखने वाले पुलिस अधिकारी है। उन्होंने नए थाना प्रभारी के रूप में सदर थाना में योगदान देने के बाद कहा कि हजारीबाग सदर थाना क्षेत्र की विधि- व्यवस्था को सुदृढ़ रखना, आगामी होली, रामनवमी, रमजान और लोकसभा चुनाव को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करना और कम्युनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता होगी।

### पीवीयूएनएल की ओर से 2036 बच्चों को मिले बोतल और स्कूल बैग

**रामगढ़ / पतरातू।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पीवीयूएनएल की ओर से एसएस प्लस टू हाई स्कूल पतरातू में 2036 बच्चों के बीच पानी की बोतल, स्कूल बैग और अन्य खेलकूद सामग्रियों का वितरण किया गया। इससे बच्चे काफी खुश हुए। जबकि स्वर्णरेखा महिला समिति और पीवीयूएन स्वास्थ्य केंद्र की ओर से छात्राओं के लिए माहवारी स्वास्थ्य पर सत्र का आयोजन किया गया। इसमें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के बाद छात्राओं के बीच सेनेटरी पैड का भी वितरण किया गया। साथ ही विद्यार्थियों के आंख की जांच की गई। इसके अलावा पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह ने एक नए कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया।

### तीन करोड़ की सड़क छह माह में ही गड्ढे में तब्दील

**रामगढ़ / गोला।** गोला प्रखंड के बड़की कोइया से छोटकी कोइया तक आरईयो विभाग से तीन करोड़ की लागत से बनी सड़क छह माह में ही उखड़कर गड्ढों में तब्दील हो गई है। विभागीय लापरवाही के कारण वाहन चालकों का आवागमन दूभर हो गया है। सड़क की दयनीय स्थिति से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मती की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक संतोष कुमार ने सड़क का निर्माण छह माह पूर्व ही पूरा किया है। सड़क पर जहां तहां गड्ढे बन गए हैं। बारिश के मौसम में सड़क की स्थिति और अधिक बदतर हो जाएगी। बारिश से पहले सड़क की मरम्मति अति आवश्यक है। शिकायत के बाद भी निर्माण कार्य के ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया क्षेत्र के सैकड़ों किसान इसी मार्ग से अपनी फसल को लेकर गोला डेली मार्केट जाते हैं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित हुईं महिला खिलाड़ी

## खिलाड़ियों ने प्रदेश स्तर पर बरही को पहचान दी : मन्नान



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** इंटरनेशनल वीमन डे पर बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया. कार्यक्रम का आयोजन बीएसए संरक्षक अब्दुल मन्नान वारसी की अगुवाई में हुई. जिसमे मुख्य रूप से संत कोलंबस कॉलेज के प्रोफेसर डॉ जयप्रकाश रविदास, डॉ राजुद्दीन,प्रभात रंजन, संतोष शर्मा सहित बीएसए के खिलाड़ी मौजूद रहे. महिला खिलाड़ियों का मनोबल बढाते प्रो रविदास ने कहा कि आज देश मे महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नही है. पीटी उषा, कर्णम मल्लेश्वरी आदि ऐसे कई नाम है जिन्हे देश में पहचान की आवश्यकता नहीं है. खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए उन्होंने खेल में भी बेहतर भविष्य निहित है. इस क्षेत्र में बेहतर करें और अपने गांव समाज व संस्था का नाम रौशन करें. मुख्य संरक्षक ने बताया कि बरही की बेटियां न केवल बरही अपितु राज्य स्तर पर खेलने का काम किया है. अंत में सबों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए महिला खिलाड़ियों को सम्मानित करने का काम किया.

बरही के विभिन्न शिवालयों से निकली जीवंत झांकी

## बरही क्षेत्र का माहौल हुआ शिवमय




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बरही प्रखंड के मनोकामनेश्वर मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ भव्य व आकर्षक शिव बारात झांकी निकाली गई। इसके अलावा पुराना शिव मंदिर से भी जीवंत झांकी निकाली गई। वहीं सूर्य मंदिर स्थित शिव मंदिर से भी झांकी निकाली गई। शिव बारात झांकी में भगवान महादेव व मईया पार्वती के अलावे भुत प्रेत की स्वरूप के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण शामील हो हरहर महादेव का जयघोष करते हुए झांकी निकाली। इस बारात में शिव भक्त नाचते-गाते और झूमते हुए आगे बढ़ते रहे। इस बारात में युवक-युवतियों द्वारा अबीर गुलाल भी खेला गया। वहीं बारात में भगवान शिव की आराधाना के साथ गीत भी गाए जा रहे थे। शिव बारात झांकी से बरही क्षेत्र का माहौल शिवमय हो गया।

जरूरतमंद लोगों की मदद का निर्णय

## टाइगर जयराम महतो की नीति और सिद्धांत का करें प्रचार : रमेश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई की 8 मार्च को रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 में कमेटी विस्तार के लिए बैठक हुई। अध्यक्षता तेजपाल प्रजापति एवं संचालन शंकर महतो ने किया । बैठक में जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो द्वारा बताया गया कि जेबीकेएसएस के प्रयास से रामगढ़ जिला में विभिन्न घटनाओं के पीड़ित परिवारों को लगभग 1 करोड़ रुपए मुआवजा के रूप में दिलवाया गया है । उन्होंने कहा गया कि जेबीकेएसएस के सदस्य टाइगर जयराम महतो कि नीतियों का अनुसरण करते हुए पीड़ित परिवारों कि मदद का कार्य जारी रखेंगे । बैठक में कहा गया कि टाइगर जयराम महतो द्वारा जेबीकेएसएस के सदस्यों को पीड़ित परिवारों कि हर प्रकार से मदद कि बात कही गई है जिसका संगठन के सदस्य अनुसरण करते हुए ऐसे लोगों कि मदद जारी रखेंगे। वहीं, कहा गया कि कार्यकर्ता जयराम महतो कि नीतियों का प्रचार प्रसार करें। वार्ड नंबर 24 कि कमेटी में संरक्षक पद के लिए सुनील मुंडा, अध्यक्ष शंकर महतो, उपाध्यक्ष विजेंद्र बेदिया, रामविलास करमाली, सचिव तेजपाल प्रजापति सह सचिव प्रदीप करमाली, रवीश बेदिया, कोषाध्यक्ष सिकंदर मांझी,

**जेबीकेएसएस के प्रयास से घटनाओं के पीड़ित परिवारों को लगभग 1 करोड़ रुपए मुआवजा के रूप में दिलवाया गया है**

संगठन सचिव अमरलाल महतो, नितिन मुंडा मीडिया प्रभारी अजीत मुंडा, रोसी मुंडा, कार्यकारणी सदस्य संदीप मांझी, मुन्ना मुंडा, सनी बेड़िया, अमित बेदिया, प्रकाश प्रजापति, दीपक करमाली, रोहित करमाली, सूरज करमाली, प्रभात करमाली, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, सुरेंद्र महतो, श्यामसुंदर महतो, संजीव साहू, गोपाल महतो आदि उपस्थित थे।

### हजारीबाग से रांची जा रहे रामरथ का कुजू में हुआ जोरदार स्वागत

**रामगढ़ / कुजू।** हजारीबाग से रांची खींचते ले जा रहे रामरथ व रामभक्तों की टोली का कुजू कोयलांचल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस रामरथ को बजरंग दल के लोग लेकर रांची पहुंच तीन सूत्री मांगों से संबंधित एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपेंगे। रांची जाने के क्रम में रामरथ का कुजू चौक व सांडी पहुंचने पर बजरंग दल, विहिप कार्यकर्ताओं सहित सनातनियों ने स्वागत किया। रथ के साथ चल रहे बजरंग दल के अमन कुमार, रोशन कुमार, विशाल वाल्मीकि, अजय ने बताया कि झारखंड में हजारीबाग का रामनवमी जुलूस को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने की मांग की जाएगी। बताया कि विगत वर्ष से रामनवमी जुलूस को लेकर सरकार रामभक्तों पर दबाव बनाते हुए मनोबल तोड़ने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना रही है। पर्व आने के पहले ही क्षेत्र में धारा 144 लगा प्रमुख कार्यकर्ताओं पर 107 का नोटिस जारी किया जाता है। हिन्दूओं के पर्व त्यौहार आते ही प्रशासन कठोर कदम उठाती है।

## यूथ विंग ने भगवान शिव के अभिषेक के बाद की गौ सेवा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** यूथ विंग द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कोलकाता पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला स्थित शिव मंदिर में 31 लीटर दूध से महाभिषेक किया गया। इसके बाद गौ माता की सेवा करते हुए सभी ने गुड, चोकर एवं अन्य सामग्री गौ माता को खिलाया,बाद इसके आसपास क्षेत्र के लोगों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। बताते चलें कि गौशाला के शिव मंदिर का जीर्णोद्धार हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा बीते 2 महीने पूर्व ही कराया गया है। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि महाशिवरात्रि पर गौशाला स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की गई 31 लीटर दूध से महाभिषेक भोलेनाथ का किया गया है। हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा मंदिर में घंटी लगाने का कार्य जल्द ही होगा। मौके पर संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, विकाश तिवारी, अभिषेक पांडे, अजीत चंद्रवंशी,उदित तिवारी, प्रिंस कसेरा सहित कई लोग मौजूद थे।

इंडी गठबंधन के चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

## 'मोदी सरकार की गारंटी झूठ का पुलिंदा'



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड मुख्यालय के समीप इंडिया गठबंधन के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के मौके पर कांग्रेस, राजद, झामुमो, भाकपा माले भाकपा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आनंद पांडेय, प्रदीप कोल, हसमत अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर नेताओं ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के शासन में देश के मजदूर और किसान, छात्र नौजवान, महिलाएं सभी तबके के लोग तबाह हैं। मोदी सरकार की गारंटी झूठ का पुलिंदा है। आम जनता से ज्यादा मोदी सरकार को अडाणी अंबानी की चिंता है। देश में नफरत और हिंसा के खिलाफ सदभाव और भाईचारे की जीत होगी। कोडरमा में इस बार इंडिया गठबंधन की जीत पक्की है। केंद्र सरकार के जन विरोधी नीतियों का दुष्परिणाम भाजपा सांसद को झेलना पड़ेगा। उद्घाटन के मौके पर माले राज्य कमिटी के सदस्य सह कोडरमा प्रभारी भूवनेश्वर केवट,प्रखंड सचिव, शेर मोहम्मद ,सीपीआई के आनंद पांडेय, सरजू सिंह, कांग्रेस नेता संतोष कुमार देव, सरफराज अहमद , नारायण दास, राजद के हसमत अंसारी, एजाज अहमद, जागेश्वर पांडेय कोंग्रेस से सरफराज अहमद नारायण प्रसाद, राष्ट्रीय स्वदेश पार्टी के टुकलाल नायक, कासिम अंसारी, किशुन मोदी, नारायन भगत, सामेल टुडू , अनुज पासवान, छोटी साहू, मोहन साव, दाऊद अंसारी, जुमराती मियां, शंकर मोदी,लक्ष्मण मोदी, रंजन कुमार मोदी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

तिलेश्वर साहू की 10वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

## पति ने लोगों का दिया है साथ, हमें चाहिए आपका साथ : साबी देवी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** उज्जैना स्थित बरही हाउस में तिलेश्वर साहू सेना के संस्थापक सह झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष स्व. तिलेश्वर साहू की 10वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. जिसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों सहित बरही विस क्षेत्र से हजारों लोगो ने हिस्सा लिया. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में महिलाओं की संख्या बहुतायत में रही. अहले सुबह पुत्र अरुण साहू व धर्मपत्नी साबी देवी ने अपने परिजनों व समर्थकों संग पूजा कर स्व साहू की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया. इसके बाद बरही हाउस परिसर में टीएसएस प्रमुख अरुण साहू की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा प्रारंभ हुआ. जिसका संचालन प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार ने किया. उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए साबी देवी ने कहा कि उनके पति बरही में विकास, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण सहित आर्थिक सहयोग का कार्य कर रहे थे. दिन प्रतिदिन उनके बढ़ते लोकप्रियता से विपक्षी ह्रास हो रहे थे. यही कारण था कि 8 दिसंबर 2014 को महिला दिवस के अवसर पर एक साजिश के तहत उनकी हत्या करवा दिया गया. स्व साहू की हत्या के बाद विकास की गति थम गई. हत्या के षड्यंत्रकारी आज जेल में आजीवन कारावास काट रहे है जबकि मुख्य आरोपी आज भी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है ? जो पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा करता है. उन्होंने उपस्थित लोगो से अपील किया कि उनके पति ने बिना किसी पद पर रहते हुए बरही विस में विकास की लकीर खींची. श्रद्धांजलि सभा में उमड़ी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि स्व साहू ने सदैव उनका साथ दिया है. उनके अधूरे सपने को पुरा करने के लिए वह और उनके बड़े पुत्र ने बीड़ा उठाया है. सिर्फ आप सबों के आशीर्वाद की आवश्यकता है. जो इस उमड़ती भीड़ ने उन्हें आश्वस्त किया है.

**पूरे विस क्षेत्र में मची है लूट, छोटे अपराधी को मिल रहा है जेल, बड़े बाहर कर रहे हैं खेल**

नए एसडीपीओ ने संभाला कार्यभार

## अपराध रोकने में पुलिस का करें सहयोग : सुरजीत



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** गुरुवार की देर संध्या बरही के नवपदस्थापित एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने बरही एसडीपीओ कार्यालय में योगदान दिया. जिन्हे निवर्तमान एसडीपीओ मो नौशाद आलम अपना पदभार सौंपा. जिनका निवर्तमान एसडीपीओ सहित कार्यालय कर्मियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. पदभार ग्रहण ने तुरंत बाद पत्रकारों से बात करते हुए नव पदस्थापित एसडीपीओ ने बरही वासियों से शांति व सुरक्षा की अपील किया. उन्होंने बताया कि पुलिस की पदस्थापना का मुख्य उद्देश्य विधि व्यवस्था बनाए रखना और अपराध नियंत्रण करना होता है. जो सभी के सहयोग से ही संभव है. उन्होंने लोगो से पुलिस का सहयोगी बनने और अपराधिक गतिविधियों से दूर रहकर विधि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील किया है. झारखंड पुलिस सेवा के तीसरे बैच के अधिकारी श्री कुमार का पलामू से बरही स्थानांतरण हुआ है. गौरतलब है कि एक माह पूर्व ही निवर्तमान एसडीपीओ ने बरही अनुमंडल का कमान संभाला था.परंतु उनका तबादला निकटतम संसदीय क्षेत्र बगोदर से होने के कारण चुनाव आयोग ने यह कदम उठाया और कुछ ही दिनों के अंदर उनका स्थानांतरण छतरपुर कर दिया गया. निवर्तमान एसडीपीओ ने बहुत कम समय में ही बरही में एक कार्तवायनिष्ठ पुलिस ऑफिसर्स के रूप में बरही वासियों के बीच पहचान बनाने में सफल रहे.

## न्यूज बॉक्स

### शिव मंदिर कुरूम में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने की भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की पूजा



**रामगढ़।** शिव मंदिर कुरूम में 8 मार्च को महाशिवरात्रि के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की विधि पूर्वक पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। इस मौके पर पूजा अर्चना संपन्न करवाते हुए पुजारी मिथलेश तिवारी ने कहा कि महाशिवरात्रि के मौके पर जो भी श्रद्धालु भगवान भालेनाथ व माता पार्वती की विधि पूर्वक पूजा अर्चना करते हैं उनके सभी संकट दूर होते हैं और जीवन में खुशहाली आती है। श्री तिवारी ने कहा कि इस तिथि को सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए पूजा अर्चना करती हैं। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर चार पहर की पूजा का विधान है। पहली पूजा शाम 6:22 बजे से रात 9:27 बजे तक, दूसरी पूजा रात 9:28 से 12:31 बजे तक, तीसरी पूजा 13:32 से सुबह 3:55 बजे तक और चौथी पूजा सुबह 3:35 से 6:40 बजे तक होगी।

### शिवरात्रि महोत्सव में बड़ी संख्या में शामिल हुए भक्त



**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित जय श्री महाकाल मंडली द्वारा आयोजित शिवरात्रि महोत्सव में शुक्रवार को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और महाकाल का आशीर्वाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने। इस मौके पर पुजारी विकास कुमार पांडे ने 10:00 बजे महाकाल दरबार की पूजा, 11:00 बजे गौ पूजा के बाद अटूट भंडारे का शुभारंभ, 2:00 बजे बाबा को दोपहर का भोग संपन्न करवाया। जबकि 6:00 बजे संध्या आरती व दूध व भांग के प्रसाद का वितरण, 7:00 बजे से आकर्षक झांकी एवं भजन प्रभु ईच्छा तक एवं रात 11 बजे महाकाल के उदघोष के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। महोत्सव को सफल बनाने में अमित कुमार पप्पू, रंजन भूषण, अनमोल सिंह, राजेश कुमार यादव, मनोज शर्मा, सन्नी गुप्ता, पंकज अग्रवाल, निशांत पांडे, सतीश, बबलू कुमार, पवन गुप्ता, राजीव, श्यामल, विक्रम सिंह, बीजू गोयंका आदि ने योगदान दिया।

### 255 छात्रों के बीच शैक्षणिक किट का वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कपका स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसरिया में कक्षा पहली से आठवीं तक के 255 छात्रों के बीच प्रधानाध्यापक हफीज अंसारी,प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्रोपदी देवी व पंसस प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद के द्वारा कलम, पेंसिल, कट्टर, रबर, ज्यामिति बोक्स का वितरण किया गया।मौके पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि गरीब,मेहनती और मेघावी छात्र छात्राएं जो संसाधन के अभाव में शिक्षा से वंचित रह जाते थे वैसे बच्चों के लिए सरकार का यह योजना सार्थक साबित हो रही है। वहीं बच्चों को संबोधित करते हुए पंसस प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के लिए सरकार अनेकों प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रही है ताकि गरीब तबके के बच्चे भी शिक्षा से वंचित न रह जाएं। उन्होंने सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष कमली देवी,संयोजिका सतनी देवी, सदस्य कारु महतो, अशोक प्रसाद,यमुना महतो,राहुल कुमार, शिक्षक कृष्णा कुमार चंद्रिका सिंह, सीताराम प्रसाद विवेक कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### महायज्ञ को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों ने की बैठक



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला में होने वाले श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा को सफल बनाने को लेकर बरकट्ठा में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई।अध्यक्षता पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव और संचालन रामखेलावन यादव ने किया। बैठक में 27 मार्च को ध्वजारोहण कार्यक्रम और 9 अप्रैल को निकलने वाला कलशयात्रा पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। नौ दिवसीय महायज्ञ को सफल बनाने को लेकर रामखेलावन यादव और जीवलाल साव को सरंक्षक बनाया गया। साथ ही 16 लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक में यज्ञ समिति अध्यक्ष ईश्वर यादव,जीवलाल साव, पूर्व मुखिया मुंशी पासवान,इंद्रदेव मोदी, भोला यादव, सतीश प्रसाद, किशोर साव, श्यामसुंदर यादव, उपेन्द्र यादव,प्रयाग साव, अशोक दास, मुकेश सोनी, महावीर यादव, जगदीश नायक,जीवन यादव, पिंकू यादव, शंभू यादव, शिवकुमार यादव, प्रकाश दास, मिथलेश कसेरा, मधुलाल यादव , शंभू साव, मनी यादव समेत दर्जनो लोग उपस्थित थे।

### प्लस टू उच्च विद्यालय कपका में शिक्षक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के कपका स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय कपका में शिक्षक विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में विधायक अमित कुमार यादव,पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद,जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रमुख रेणु देवी शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। अपने सेवा से निवृत्त हो रहे प्रभारी प्रधानाध्यापक रामचन्द्र प्रसाद को अतिथियों और शिक्षकों ने माला पहना व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया ।साथ ही शिक्षक महेश पासवान को प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में पदभार ग्रहण करने पर लोगों ने बधाई दी। मौके पर अजप्ता प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद,सचिव रामकिशुन महतो,पूर्व मुखिया गणेश यादव, रघुबीर मंडल, रामेश्वर यादव, राजकुमार रविदास, प्रदीप कुमार, गोपाल कुमार, चिरंजीवी लाल, कुलदीप प्रसाद, दिनेश पासवान, ईश्वरी सिंह, ललिता कुमारी, राकेश कुमार, संतोष कुमार दास, गोपाल दास, राकेश चौबे, जितेंद कुमार दास, अनिल नाथ, सावन दास, चंद्रिका प्रसाद, निशिष मिश्रा, निमित कुमार पांडेय, राधेश्याम यादव, सचीन कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# चोटिल हरलीन देओल बचे हुए डब्लूपीएल 2024 से बाहर



**एजेंसी। नई दिल्ली।** गुजरात जायंट्स की बल्लेबाज हरलीन देओल बचे डब्लूपीएल 2024 से बाहर हो गई हैं। उन्हें टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में चोट लगी थी। उनकी जगह बल्लेबाज भारती फुलमाली को चुना गया है। जायंट्स के तीसरे ग्रुप स्तर के मैच में क्षेत्ररक्षण करते समय बेंगलुरु में उनके घुटने में चोट लग गई थी। वॉरियर्स के पहले ओवर में डीप कवर पर तैनात हरलीन दायीं ओर बॉल लेने जा रही थी लेकिन तभी उनके बायें घुटने में चोट लग गई। इसके बाद वह मैदान से बाहर चली गई और फिर मैदान पर नहीं लौटी।

उनका डब्लूपीएल अभी तक अच्छा नहीं गया। वह गुजरात के पहले मैच में नंबर तीन पर उतरी और केवल आठ रन बना सकी। दूसरे मैच में वह ओपनर के तौर पर आई और 31 गेंद में 22 रन ही बना सकी। वॉरियर्स के खिलाफ मैच में वह नंबर तीन पर आई और 24 गेंद में केवल 18 रन बना सकी।

उनकी जगह चुनी गई 29 वर्षीय फुलमाली ने 2019 में भारत के लिए दो टी20 खेले थे। वह विदर्भ के लिए घरेलू क्रिकेट खेलती हैं। वह महिला टी20 चैलेंज में ट्रायलब्लेजर्स के लिए खेली थी। गुजरात फिलहाल तालिका में सबसे नीचे हैं। वे अपने पहले चार मैच हार चुके हैं लेकिन आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में उन्हें दिल्ली में 19 रन से जीत मिली। अब उन्हें अपना अगला मैच मुंबई इंडियंस के खिलाफ 9 मार्च को खेलना है।

# रोहित-गिल के शतक

## भारत 255 रन की बढ़त के साथ ड्राइवर सीट पर

**एजेंसी। धर्मशाला।** कप्तान रोहित शर्मा (103) और शुभमन गिल (110) के शानदार शतकों तथा उनके बीच दूसरे विकेट के लिए 171 रन की जबरदस्त साझेदारी की बदौलत भारत ने पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में दूसरे दिन शुक्रवार को आठ विकेट पर 473 रन बनाकर इंग्लैंड पर अपना शिकंजा कस दिया। भारत के पास अब 255 रन की भारी बढ़त हो गयी है।

रोहित और गिल के शतकों के अलावा डेब्यूटेंट देवदत्त पडिक्कल (65) तथा सरफराज खान (56 ) ने अर्धशतक बनाये और चौथे विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। स्टंप्स के समय कुलदीप यादव 27 और जसप्रीत बुमराह 19 रन बनाकर क्रीज पर है। दोनों के बीच नौवें विकेट के लिए 45 रन की अटूट साझेदारी हो गयी है।

भारत ने कल के एक विकेट पर 135 रन से आगे खेलना शुरू किया। दिन भर के खेल में इंग्लैंड ने सात विकेट निकाले, लेकिन शुरूआती पांच बल्लेबाजों की



शानदार पारियों की वजह से भारत इस मैच में बहुत आगे निकल गया है। तीसरे सेशन में इंग्लैंड को पांच विकेट मिले लेकिन उन्होंने 97 रन भी दिये। इंग्लैंड अपनी पहली पारी में 218 रन बनाकर ऑलआउट हो गया था। शुक्रवार को भारत ने 135/1 से अपनी पारी आगे बढ़ाई। फिलहाल दूसरे दिन लंच तक भारत ने एक विकेट के नुकसान पर 264 रन बना लिए थे। रोहित शर्मा और शुभमन गिल दोनों खिलाड़ी शतक लगा चुके थे। दोनों खिलाड़ी लंच के बाद आउट हुए।

रोहित शर्मा 162 गेंदों में 3 छक्के और 13 चौके लगाकर 103 रन बनाकर आउट हुए। वहीं गिल 150 गेंदों का सामना करते हुए 5 छक्के और 12 चौके लगाकर 110 रन बनाकर आउट हुए। एक चुनौतीपूर्ण सुबह के बाद इंग्लैंड ने आखिरकार सफलता हासिल की और वह कप्तान बेन स्टोक्स थे। जिन्होंने रोहित को बोल्ड कर अपनी टीम को सफलता दिलाई। घुटने की लगातार समस्या के कारण जून में लॉर्ड्स टेस्ट के बाद से स्टोक्स ने गेंदबाजी करने से परहेज किया था। इस दौरान पिछले साल उनकी सर्जरी भी हुई।

रोहित का विकेट 275 के स्कोर पर गिरा। उनके आउट होने के चार रन बाद गिल को जेम्स एंडरसन ने आउट कर दिया। लेकिन इसके बाद देवदत्त पडिक्कल (77 गेंदों पर नाबाद 44) और सरफराज (59 गेंदों पर नाबाद 56) ने चायकाल तक चौथे विकेट के लिए 131 गेंदों पर 97 रनों की साझेदारी की। स्पिनर शोएब बशीर ने चायकाल के बाद सरफराज और पडिक्कल को पवेलियन का रास्ता दिखाया। सरफराज ने 60 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाया जबकि पडिक्कल ने 103 गेंदों पर 10 चौके और एक छक्का लगाया। रवींद्र जडेजा 15, ध्रुव जुरेल 15 और आर अश्विन खाता खोले बिना आउट हुए और भारत का स्कोर आठ विकेट पर 428 रन हो गया लेकिन कुलदीप और बुमराह ने उसके बाद अविजित साझेदारी करते हुए भारत को स्टंप्स तक कोई और नुकसान नहीं होने दिया। दोनों ने 55-55 गेंदों का सामना किया है और दो-दो चौके लगाए हैं। इंग्लैंड की तरफ से बशीर 170 रन पर चार विकेट लेकर सबसे सफल रहे हैं।

# निशांत पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के प्री-क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी। बस्टो अर्सिजियो (इटली)।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने अपना प्रभावी प्रदर्शन जारी रखते हुए जॉर्जिया के मैडिव एस्केरखान को सर्वसम्मत अंतर से 5-0 से हराकर प्रथम विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के पुरुषों के 71 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत ने आत्मविश्वास के साथ मैच में प्रवेश किया। खासकर आखिरी मुकाबले में शानदार जीत के बाद और पूरे मुकाबले में प्रतिद्वंद्वी पर हावी होने के कारण और भी अधिक घातक दिखे।

टोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनलिस्ट एस्केरखान ज्यादातर समय भारतीय मुक्केबाज के आक्रमण के सामने अनजान दिखे और उन्होंने मुकाबले के दूसरे दौर में उबरने की पूरी कोशिश की लेकिन निशांत ने उन्हें मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। जो अंततः एकतरफा मैच के रूप में समाप्त हुआ। निशांत रविवार को अंतिम-16 मुकाबला खेलेंगे।



इस बीच युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किग्रा) और राष्ट्रीय चैंपियन संजीत (92 किग्रा) को शुरूआती दौर में विपरीत हार का सामना करना पड़ा। जहां अंकुशिता कड़े मुकाबले में फ्रांस की सोनविको एमिली से 2-3 से हार गईं। वहीं संजीत कजाकिस्तान के ऐबेक ओरलबे से 0-5 से हार गए।

पहला विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट 590 से अधिक मुक्केबाजों की मेजबानी कर रहा है और 2024 पेरिस ओलंपिक में पुरुषों के लिए 28 और महिलाओं के लिए 21 सहित कुल 49 कोटा प्रदान करेगा। 23 मई से 3 जून तक बैंकॉक में आयोजित होने वाले दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के माध्यम से 45 से 51 मुक्केबाज क्वालीफाई करेंगे।

भारत ने निखत जरीन (50 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) के साथ एशियाई खेलों में प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ पेरिस 2024 के लिए पहले ही चार कोटा हासिल कर लिए हैं।

## झारखंड राज्य कोर्फबॉल संघ का खुला चयन ट्रायल कल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर में आगामी रविवार (10 मार्च) से सब जूनियर (अंडर 15 आयु वर्ग) बालक/बालिका एवं सीनियर महिला/पुरुष कोर्फबॉल खेल के खुले चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। चयन ट्रायल सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक होगा।

झारखंड के किसी भी जिले के स्कूल, कॉलेज या अन्य कोई भी किसी भी खेल के बालक/ बालिका एवं महिला/ पुरुष खिलाड़ी इस चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं। इस चयन ट्रायल के आधार पर चयनित बालक/ बालिका एवं महिला/ पुरुष खिलाड़ी 17 से 20 मार्च 2024 तक शारदा यूनिवर्सिटी आगरा, उत्तर प्रदेश में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय सब जूनियर अंडर 15 आयु वर्ग एवं 35वीं सीनियर आयु वर्ग कोर्फबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड राज्य कोर्फबॉल टीम का प्रतिनिधत्व करेंगे।

# उर्वशी जोशी ब्रिस्टल ओपन स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में



**एजेंसी। ब्रिस्टल।** भारत की उर्वशी जोशी दूसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई सोफी फैडली पर 3-2 की उलटफेर भरी जीत के साथ ब्रिस्टन ओपन स्क्वैश के महिला क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं।

2023 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की सेमीफाइनलिस्ट उर्वशी ने 3000 अमेरिकी डॉलर के चल रहे पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के 35 मिनट के दूसरे दौर के कड़े मुकाबले में दो बार पिछड़ने के बाद 7-11, 11-6, 9-11, 11-5, 11-7 से जीत हासिल की। ।

महाराष्ट्र की खिलाड़ी, जिन्होंने पहले दौर में इंग्लैंड की जैस्मीन कलार को 21 मिनट में 11-4, 11-5, 9-11, 11-9 से हराया, क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त एरिन क्लासेन से भिड़ेंगी।

क्लासेन ने दूसरे दौर में इंग्लैंड की ओलिविया बेसेंट को 25 मिनट तक चले मुकाबले में 3-0 (11-5, 11-5, 14-12) से हरा दिया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में माल्टा की चौथी वरीयता प्राप्त कोलेट सुल्ताना का मुकाबला आयरलैंड की गैर वरीयता प्राप्त ब्रिएन फ्लिन से होगा।

इस टूर्नामेंट में प्रवेश करने वाले अन्य भारतीयों में, तनिष्का जैन 32 मिनट में ब्रिएन फ्लिन से 11-4, 11-7, 9-11, 11-7 से हार गई।

# झारखंड की टीम गुरुकुल चोटीपुरा अमरोहा उत्तर प्रदेश के लिए रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** चतुर्थ नेशनल महिला राष्ट्रीय स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के लिए 11,12,13 मार्च को झारखंड की टीम गुरुकूल चोटीपुरा अमरोहा उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुई। 12 खिलाड़ियों के साथ टीम की कोच पूजा सिंह और निशा रानी हैं। टीम में इंदु कुमारी, वंदना कुमारी, किरण तिवारी, अनमोल कौशिक, निलंजना, कोमल रॉय, उषा शर्मा, रंजना किशोर, सुनीता मिढ़ा, अनामिका राम, सरिता नीतू सिंह शामिल है। झारखंड के योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के झारखंड के सेक्रेटरी बिपिन पांडे, प्रेसिडेंट संजय सिंह और जिला सेक्रेटरी संतोषी कुमारी ने टीम को शुभकामनाएं दीं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चें आगे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत योगासन के तरफ से भाग लेंगे। योगासन झारखंड के समस्त सदस्यों ने भी भाग लेने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

## कैसे मिली संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स की कमान



**कोच्चि।** आईपीएल 2024 सीजन से पहले, राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने बताया है कि उन्हें 2021 में नेतृत्व का अवसर कैसे मिला और फ्रेंचाइजी के साथ अपनी यात्रा के बारे में जानकारी भी साझा की। संजू सैमसन के नेतृत्व में राजस्थान रॉयल्स 2022 सीजन में फाइनल में पहुंची। जहां उन्हें गुजरात टाइटन्स के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। हम दुबई में खेल रहे थे और आरआर के मालिक मनोज बडाले मेरे पास आये और पूछा कि क्या मैं टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार हूं। जिस पर मैंने कहा कि मैं तैयार हूं।

# भारत-इंग्लैंड मैच में ऐतिहासिक पलों का गवाह बना एचपीसीए स्टेडियम : अरूण धूमल

**एजेंसी। धर्मशाला।** आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा कि भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरिज के आखिरी मैच के दौरान एचपीसीए स्टेडियम ऐतिहासिक पलों का गवाह बना है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में यह ऐतिहासिक मैच हो रहा है क्योंकि 11 साल पूर्व जब यहां पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच हुआ था। वह भी भारत और इंग्लैंड के बीच ही खेला गया था। वहीं अब धर्मशाला में यह 25वां मैच है जो कि फिर भारत और इंग्लैंड के बीच ही खेला जा रहा है।

गौरतलब है कि एकदिवसीय मैच के रूप में पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच वर्ष 2013 में भारत और इंगलैंड के बीच ही खेला गया था। उन्होंने कहा कि यह मैच इसलिए



भी ऐतिहासिक है क्योंकि आर अश्विन और जॉनी बेयरेस्टो यहां अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे हैं। वहीं सबको उम्मीद है कि इंगलैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन यहां अपने 700 टेस्ट विकेट पूरे कर सकते हैं।

अरुण धूमल ने कहा कि आज इस मैच को देखने इंगलिश फ्रेंड्स भी काफी ज्यादा संख्या में यहां आये हुये हैं और सभी यहां की खूबसूरत वादियों और स्टेडियम की खूब सराहना भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे यहां के पर्यटन को निश्चित तौर पर पंख लगेंगे।

# महिला एथलीटों के लिए प्रेरणा है सिमरनजीत

**एजेंसी। नई दिल्ली।** पूरी दुनिया शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रही है। वहीं मुक्केबाज सिमरनजीत कौर की कहानी उन चुनौतियों की याद दिलाती है जिनका सामना अभी भी खेल में महिला एथलीटों को करना पड़ता है।

हम उपलब्धियों का जश्न तो मनाते हैं लेकिन उन लोगों के संघर्षों की बात नहीं करते जो इसे मुमकिन करते हैं। हर महिला की सफलता दूसरी महिला के लिए प्रेरणा होनी चाहिए। जब हम एक-दूसरे का हौसला बढ़ाते हैं तो हम सबसे मजबूत होते हैं। सेरेना विलियम्स का यह उद्धरण आज तक भारतीय महिला एथलीटों के बीच बहुत प्रसिद्ध है। जो मैदान में



अपना सर्वश्रेष्ठ देने के बावजूद अभी भी अपना उचित सम्मान पाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस लैंगिक समानता के मुद्दों के बारे में जागरूक होने का एक आदर्श अवसर है। लैंगिक समानता के वादों के बीच कई एथलीट खुद को उस मान्यता की प्रतीक्षा में पाते हैं जिसके वे असली हकदार हैं।

ऐसी ही एक ओलंपियन मुक्केबाज सिमरनजीत हैं, जो 2018 में दिल्ली में विश्व चैंपियनशिप में 64 किग्रा में कांस्य पदक जीतने पर वादे के अनुसार नौकरी पाने के लिए पिछले पांच-छह वर्षों से पंजाब सरकार के अधिकारियों के दरवाजे खटखटा रही हैं। उनकी यात्रा पर करीब से नजर रख रहा है और उसे पता चला है कि उसे केवल वादे मिलते हैं लेकिन वह पहचान नहीं मिलती जिसकी वह हकदार है।

2020 में आईएएनएस से बात करते हुए उन्होंने कहा था कि पंजाब सरकार के पास टिकटॉकर्स के लिए पैसा है लेकिन मेरे लिए नहीं। यह बयान वायरल हो गया और सिमरनजीत को उम्मीद हो गई कि अब उन्हें पंजाब सरकार से नौकरी मिल जाएगी लेकिन वास्तविकता यह है कि आश्वासनों के बावजूद नौकरी की पेशकश का इंतजार करते-करते उनकी उम्मीदें बार-बार टूटी।

इस सप्ताह मंगलवार को जब आईएएनएस ने उनकी नौकरी के बारे में पूछा, तो भावुक मुक्केबाज ने जवाब दिया, नौकरी नहीं है सर। लुधियाना के चकर गांव की रहने वाली सिमरनजीत अपने दो छोटे भाइयों, बड़ी बहन और मां सहित पांच लोगों के परिवार में कमाने वाली अकेली हैं।

उनके पिता जो एक स्थानीय किराने की दुकान पर काम करते थे। उनकी जुलाई 2018 में दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। तब से परिवार पूरी तरह से सिमरनजीत पर निर्भर है।

## क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा है विराट की फिटनेस : प्लेसिस



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान फाफ डू प्लेसिस ने अपने और विराट कोहली के बीच समानताओं पर प्रकाश डाला और कहा कि विराट कोहली की जबरदस्त फिटनेस महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा है। डू प्लेसिस ने खेल में दीर्घकालिक सफलता के लिए फिटनेस के महत्व पर जोर देते हुए महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा के प्रतीक के रूप में कोहली की भूमिका को रेखांकित किया।

# खबरें व्यापार जगत की

## डायरेक्ट सेलिंग भी देश की अर्थव्यवस्था में दे रहा है योगदानः पीयूष गोयल



**एजेंसी। नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता, खाद्य एवं कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि डायरेक्ट सेलिंग बिजनेस भी देश की अर्थव्यस्था में योगदान दे रहा है। गोयल ने कहा कि आजादी के सौ साल पूरे होने पर 2047 में देश में सभी तरह की सुख-सुविधाएं सबको उपलब्ध हों। गोयल ने यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में विराट महिला उद्यमी सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), फेडरेशन ऑफ डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (एफडीएसए) और एसोसिएशन ऑफ डायरेक्ट सेलिंग एंटिटीज ऑफ इंडिया (एडीएसईआई) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सम्मेलन में हजारों की संख्या में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सही मायने में राम राज्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पूरा होगा।

इससे पहले केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने स्टेडियम में मौजूद लखपति महिला उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगले 5 साल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में एफडीएसए और एडीएसईआई भी 31 हजार करोड़पति दीदी बनाएं, जो देश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दें, ताकि प्रधानमंत्री का संकल्प पूरा हो। स्मृति ईरानी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं।

इस अवसर पर चांदनी चौक से भाजपा प्रत्याशी और कारोबारी संगठन कैट के महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने पीयूष गोयल को धन्यवाद देते हुए कहा कि वाणिज्य एवं उपभोक्ता और खाद्य मामलों के मंत्री के डायरेक्ट सेलिंग से संबंधित नियम और कानून बनाने में मदद करने से 16 हजार करोड़ रुपये का यह कारोबार आज 25 हजार करोड़ रुपये का हो गया है। जो आने वाले दो साल में सवा लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा।

इस अवसर पर लखपति महिला उद्यमियों को गुलदस्ता, शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा नई दिल्ली में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में देश के अधिकांश राज्यों की करीब 25 हजार लखपति दीदी महिला उद्यमियों ने भाग लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद मोदी जी जयघोष किया।

## शेयर बाजार में शिवरात्रि की छुट्टी

**नई दिल्ली।** महाशिवरात्रि की छुट्टी होने की वजह से आज घरेलू शेयर बाजार में कोई कारोबार नहीं हो रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के साथ आज इक्विटी डेरिवेटिव्स, इंटरेस्ट रेट डेरिवेटिव्स और करेंसी डेरिवेटिव्स मार्केट भी बंद रहेंगे। हालांकि कमोडिटी डेरिवेटिव सेगमेंट आज सिर्फ दिन के पहले सत्र में ही बंद रहेगा, दूसरे सत्र में सामान्य कारोबार होगा। आज शिवरात्रि होने और इसके बाद शनिवार और रविवार की छुट्टी होने की वजह से अब शेयर बाजार में 11 मार्च को कारोबार होगा।

## अब नेपाल में भी भारतीय यूपीआई के जरिए कर सकेंगे भुगतान




**मुंबई।** नेपाल घूमने और कारोबार करने जाने वालों को अब भारतीय मुद्रा रुपया लेकर जाने की जरूरत नहीं होगी। वह यूपीआई से नेपाल में भी आसानी से पेमेंट कर पाएंगे। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) अब पड़ोसी देश नेपाल में भी उपलब्ध है। एनपीसीआई ने एक्स पोस्ट पर जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यूपीआई उपयोगकर्ता नेपाली व्यापारियों को क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान कर सकते हैं। बयान के अनुसार पहले चरण में भारतीय उपभोक्ता यूपीआई-सक्षम ऐप का इस्तेमाल कर नेपाल के विभिन्न व्यावसायिक दुकानों में तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यूपीआई भुगतान कर सकेंगे। फोनपे नेटवर्क में शामिल व्यापारी भारतीय ग्राहकों से यूपीआई भुगतान ले सकते हैं। एनपीसीआई ने कहा कि यह मील का पत्थर न केवल दो भुगतान प्रणाली ऑपरेटरों के बीच एक सफल साझेदारी का प्रतीक है, बल्कि दो मित्र देशों के बीच डिजिटल कनेक्शन और सहयोग के एक नए युग का भी प्रतीक है।

## स्पेक्ट्रम नीलामी 20 मई से होगी शुरू, 96 हजार करोड़ रुपये का होगा बेस प्राइस



**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी 20 मई से शुरू करेगा। कंपनियां इस नीलामी में हिस्सा लेने के लिए 22 अप्रैल, 2024 तक आवेदन कर सकती हैं। स्पेक्ट्रम का बेस प्राइस 96 हजार करोड़ रुपये का होगा। दूरसंचार विभाग को इस नीलामी से करीब 10 हजार करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। दूरसंचार विभाग ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि अगली स्पेक्ट्रम नीलामी 20 मई, 2024 को शुरू होगी। दूरसंचार विभाग ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी का आवेदन आमंत्रित करने से संबंधित एक नोटिस आमंत्रण दस्तावेज (एनआईए) जारी किया है। अधिसूचना के मुताबिक सरकार मोबाइल फोन सेवाओं के लिए 96,317.65 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। विभाग के मुताबिक दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही कुछ कंपनियों के पास मौजूद स्पेक्ट्रम के साथ ही इस साल खत्म होने वाली फ्रीक्वेंसी को भी नीलामी में रखा जाएगा। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि वार्षिक स्पेक्ट्रम नीलामी कैलेंडर एक बड़ा सुधार है। इससे अब दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पारदर्शी तरीके से नियमित रूप से स्पेक्ट्रम खरीदने का अवसर मिलेगा।

## केंद्र ने जमशेदपुर के लिए 936 करोड़ रुपये की एलिवेटेड रोड परियोजना को मंजूरी दी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को घोषणा की कि झारखंड के जमशेदपुर शहर में 936.26 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग-33 (नया-18) के कालीमंदिर-डिमना चौक-बालीगुमा खंड पर 10 किमी लंबे 4-लेन एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दी गई है। मंत्री ने कहा कि नई सड़क पर स्थानीय यातायात को अलग करने के लिए चार-लेन सिंगल-एलिवेटेड सड़क के रूप में विकसित करने की परिकल्पना की गई है, जिससे शहर में ट्रैफिक जाम कम होगा और सड़कें सुरक्षित होंगी। इससे पहले, मंत्री ने कहा था कि गुजरात में नई राजमार्ग परियोजनाएं शुरू करने के लिए 1,532.97 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है, जिससे प्रमुख इलाकों में भीड़ कम होगी।

# पलामू में महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं का सैलाब

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पलामू जिला मुख्यालय समेत जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थित शिवालयों में शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।शिव मंदिर में धूमधाम से भगवान भोलेनाथ का पूजा अर्चना किया गया। महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर कहीं भक्ति जागरण का तो कहीं शिव बरात निकालकर इस त्योहार को मनाया गया।वही अन्य जगहों पर दुगोला कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित मेला एवं जागरण का उद्घाटन समाजसेवी, स्थानीय प्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। वही पलामू जिले के राजवाडीह में स्थित भैसाखुर मंदिर, गांधीपूर स्थित शिव घाट समेत विभिन्न प्रखंडों में महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों को विशेष रुप से सजाया गया था।भगवान शिव की बरात निकाली गई।जिसमें सैकड़ों महिला पुरुष शिव के बरात में भाग लिये। शिवरात्रि पर्व के मौके पर मेला एवं भक्ति जागरण को सफल बनाने में आयोजक एवं पूजा समिति के लोग सक्रिय रहे।वही महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने व्रत रखकर विभिन्न शिवालयों मंदिरों व यत्र तत्र स्थापित शिव चबूतरों पर आस्था पूर्वक भगवान शिव की पूजा आराधना की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया । उसके बाद अक्षत चंदन बिल्वपत्र आदि से पूजा अर्चना कर मनोवांछित फल का वरदान मांगा।शुक्रवार के दिन सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव व मां पार्वती का विवाह हुआ था । इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है । महाशिवरात्रि को ले सिंगरा और चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में पूरे दिन शिव आस्था कि बयार बहती रही। वातावरण भक्तिमय रहा। वहीं महाशिवरात्रि को ले पलामू जिले में कई स्थानों पर मेला का आयोजन हुआ।



### सभी मंदिरों में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

हुसैनाबाद। शुक्रवार को प्रखंड के लंगरकोट गांव के श्रद्धालुओं ने मुरली पहाड़ी पर अवस्थित महाकालेश्वर शिव धाम पर जलाभिषेक को लेकर बाजे-गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं ने हाथ में कलश लेकर जपला हरही नदी से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल लिया। इस मुरली पहाड़ी लंगरकोट महाकालेश्वर शिव धाम परिसर में कलश यात्रा में सैकड़ों महिला, पुरुषों ने शिवलिगं पर जलाभिषेक किये। बराही धाम, ऊपरी स्थित प्राचीन शिव मंदिर, देवरी व देवरी खुर्द शिव मंदिर, मंगलडीह शिव मंदिर आदि क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर समिति व ग्रामीणों द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। रेलवे कॉलोनी स्थित आशुतोष धाम मंदिर परिसर में अनवरत 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। आशुतोष धाम परिसर में पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ राधा कृष्ण की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा के साथ महाशिवरात्रि का पर्व भव्य भंडारा के साथ समापन किया गया। जपला रेलवे सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर राकेश रंजन, राजेश्वर सिंह, एनआर सिंह, बिजय कुमार, कुंदन कुमार, विपिन यादव, राकेश कुमार,मंहत विनय कुमार सिहं त्यागी, रामचंद्र चौधरी,शिवपूजन चौधरी, रंजन कुमार सिंह, विहारी चौधरी, संदीप कुमार, रविन्द्र विश्वकर्मा, जयगोविन्द चौधरी, बिक्रमा पासवान, भरदुल ठाकुर, हेमन्त ठाकुर, सबिता, बबीता, कंचन, सुनीता समेत लंगरकोट मेला समिति के कई सदस्य शामिल थे।

### महाशिवरात्रि पर कीर्तन व भंडारा का आयोजन

**हरिहरगंज।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड के ढाब खुर्द चौकटवा तथा चंदा गांव परिसर स्थित शिव मंदिर में शुक्रवार को 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन व भव्य भंडारे का आयोजन किया गया. अखंड कीर्तन के बतौर मुख्य अतिथि मुखिया जितेंद्र पासवान ने शुभारंभ किया. इससे पूर्व पूजारी मकसूदन पाठक ने पूजा संपन्न करायी. शिव मंदिर अखंड कीर्तन समिति द्वारा हरि कीर्तन किया गया. इस दौरान हरे रामा, हरे कृष्णा के बोल से क्षेत्र गूंजायमान रहा. वहीं पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने अखंड कीर्तन में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया. इस मौके पर अध्यक्ष राजकुमार मेहता, सचिव लक्ष्मण यादव, कोषाध्यक्ष अमेरिका मेहता, प्रमुख प्रतिनिधि अनिल पासवान, अवधेश मेहता, श्रोता राजकिशोर पासवान, अनिल पासवान, डीलर अशोक यादव, राणा पासवान, पिंटू सिंह, संजीत मेहता, दीपक यादव, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थ।

## एक नजर

### कई दिनों से लापता है महिला पुलिस और परिजन कर रहे हैं तलाश

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के विश्रामपुर प्रखंड के नौगढ़ा के बरीगावां के कमलेश पासवान की पत्नी समुंद्री देवी कई दिनो से लापता हैं। कई स्तरों पर खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। उनके परिजनों के द्वारा बताया जा रहा है कि वो मॉर्निंग वॉक के लिए प्रतिदिन की तरह 30 जनवरी को समय सुबह 5 बजे लगभग निकली थी पर अभी तक घर वापस लौट कर नहीं आईं हैं। दवा रांची मेंटल हॉस्पिटल से चल भी रहा था। ये पहले भी घर में बिना बताए कहीं निकल जाती थी पर कुछ दिनों बाद पुनः वापस आ जाया करती थीं लेकिन इस बार अभी तक इनका कोई पता नहीं चल पाया है। इनका रंग-हल्का सांवला, लंबाई-5 फीट 2 इंच, पहनावा -नीली साड़ी, फुल स्वेटर, हरा साल ओढ़ी हुई हैं। पैर में आसमानी रंग का चप्पल पहनी हुई हैं। मुंह के अधिकतर दांत टूटे हुए हैं। खोज कर बताने वाले को उचित इनाम भी दिया जायेगा। लोग मो.न. 7739529653, 8582084592, 9431527058, 7631093792 पर जानकारी दे सकते हैं।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल, स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के अंगरा गांव निवासी महेंद्र राम के पुत्र राहुल कुमार और उसका एक मित्र रूपेश विश्वकर्मा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में राहुल कुमार के परिजनों ने बताया कि गुरुवार की शाम राहुल और उसका मित्र रुपेश विश्वकर्मा बाइक पर सवार होकर किसी काम से तरहसी जा रहे थे।इसी बीच रास्ते में अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक से गिरकर दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए तरहसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी दोनों युवकों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### हरिहरगंज में प्रीशा लाइब्रेरी का हुआ उद्घाटन

**हरिहरगंज।** शहर के सिनेमा हॉल रोड़ देवी मंदिर स्थित प्रीशा लाइब्रेरी का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने फीता काटकर किया. इस मौके पर श्री मेहता ने कहा कि इस पुस्तकालय में बच्चों को पठन-पाठन में सहायता मिलेगी. वही संचालक प्रेम सौरभ ने कहा कि पुस्तकालय में वातानुकूलित परिवेश, फ्री वाईफाई, सीसीटीवी कैमरा सहित लाइब्रेरी में कई तरह के सुविधा उपलब्ध हैं. मौके पर आजसू के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, केंद्रीय समिति सदस्य रामजी पासवान, प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष प्रेम गौरव, आदित्य तिवारी, डॉ. लक्ष्मण मेहता, राकेश प्रसाद, शिव यादव, राजू रंजन, अरविंद बोस, विनीत कुशवाहा, रंजीत मेहता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# महिला कर्ज न चुका सकी तो नाबालिग बेटे को बनाया बंधक

## गढ़वा में लोन बांटने वाली माइक्रो फाइनांस कंपनी का दिल दहला देने वाला करतूत

**14 दिन तक नाबालिग से कराया झाड़ू-पोछा, मां के गुहार पर भी नहीं पसीजा दिल**

**सूचना पर स्थानीय नागरिकों की पहल पर नाबालिग को छोड़ा, हरकत में आया प्रशासन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर/भवनाथपुर।** गरीबी के लिये अभिशप्त गढ़वा व पलामू जिले में माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के नित्य हैरतअंगेज कारनामे सामने आ रहे हैं। जिस महाजनी प्रथा से गरीबों को राहत देने एवं समूह के माध्यम से लोगों को छोटे कर्ज देकर उन्हें स्वावलंबी बनने की परिकल्पना की गई थी। माइक्रो फाइनेंस बैंक के कर्मी गरीबों का महाजनों से भी ज्यादा शोषण करने लगे हैं। ऐसा ही मामला श्रीबंशीधर नगर शहर के हेन्हों मोड़ के निकट संचालित सैटिन माइक्रो फाईनेंस बैंक में सामने आया है। यहां एक मां के कर्ज नहीं चुका पाने पर उसके नाबालिग लड़के को 14 दिनों तक बैंक में बंधक बना कर रखा गया। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप एवं कर्जदार मां के द्वारा किसी तरह जुगाड़ कर तीन हजार रुपये बैंक मैनेजर को देने के बाद बच्चे को मुक्त किया गया। नाबालिग भवनाथपुर थाना क्षेत्र के रोहनिया गांव का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक बच्चे की मां आशा देवी समूह के माध्यम से बैंक से कर्ज ली थी। कर्ज का पैसा समय पर वापस करने में देरी होने पर बैंक मैनेजर निगम यादव के द्वारा उन पर दबाव बनाया गया,किंतु पैसा जुगाड़ नहीं होने पर मैनेजर के द्वारा उसके 12 वर्षीय पुत्र को भवनाथपुर थाने के रोहिनियां गांव से श्रीबंशीधर नगर लाकर बैंक में बंधक बना लिया गया। उसकी मां को बोला गया कि जब तक पैसा वापस नहीं होगा तब तक बेटा बंधक रहेगा। मैनेजर के द्वारा 14 दिनों तक उक्त नाबालिग बच्चे को बैंक में रखा गया तथा उससे काम लिया गया। यहां तक की उससे जूठा बर्तन भी साफ कराया गया। इस दौरान उसकी मां ने बैंक पहुंच कर बैंक कर्मियों से अपने कलेजे के टुकड़े को छोड़ने की गुहार लगाई, लेकिन कर्मियों ने उनकी एक नहीं सुनी। बुधवार को इसकी भनक जब स्थानीय लोगों को लगी तो लोगों ने बैंक पहुंच कर नाबालिग को मुक्त करने का दबाव बनाया तो बैंक कर्मियों में हड़कंप मच गया। बैंक कर्मियों के द्वारा बच्चे की मां से तीन हजार रुपये लेकर एवं शेष राशि को वापस करने का लिखित आश्वासन लेकर बच्चे को मुक्त किया गया। उधर गुरुवार की शाम इसकी जानकारी मिलने पर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के निर्देश पर पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने बैंक पहुंच कर मामले की छानबीन की। बैंक के मैनेजर निगम यादव से थाने में पूछताछ की गयी। इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने कहा कि बच्चे को 14 दिनों तक बंधक बनाया जाना गंभीर मामला है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।



### आठ हजार बकाया के लिये पशुवत व्यवहार

भवनाथपुर थाना क्षेत्र के रोहनिया गांव के बैगही टोला निवासी आशा देवी पति संतोष राम ने बताया कि दो वर्ष पूर्व सेटिंग माइक्रो फाइनेंस कंपनी से 40 हजार का लोन लिया था। जिसमें से 32 हजार जमा कर दिए थे। सिर्फ आठ हजार रुपया बकाया था। इसी बीच 15 दिन पूर्व जब हम घर में नहीं थे तो हमें खोजने के बहाने आए बैंक मैनेजर उनके नाबालिग पुत्र को अपने साथ लेते गये।

### किडनी और आंख निकालने की धमकी

मुक्त होने के बाद नाबालिग ने बताया कि बंधक बनाने के एक सप्ताह तक तो सब ठीक ठाक रहा, किंतु उसके बाद बैंक कर्मचारी उमाशंकर तिवारी मारपीट करने लगे। साथ ही गला भी दबाने लगे, कपड़ा साफ करने, बर्तन साफ करने के लिए बोलते थे और शराब पीने के बाद बोतल भी फेंकवाते थे। इतना ही नहीं धमकी दिया करते थे कि पैसा नहीं जमा करवाओगे तो किडनी और आंख निकाल कर बेच देंगे।

### मैनेजर गिरफ्तार, अन्य की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी

नाबालिग की मां आशा देवी के लिखित आवेदन पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर शाखा प्रबंधक निगम यादव को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि बैंक कर्मचारी उमाशंकर तिवारी के विरुद्ध छापेमारी जारी है।

## सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता को मुआवजे के रूप में दो लाख 50 हजार रुपये मिलेगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अंतर्गत बिश्रामपुर में नर्तकी के साथ हुए सामुहिक दुष्कर्म के मामले में डालसा पलामू के द्वारा पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में विक्टिम कम्पनशेषन कमिटी की एक बैठक शुक्रवार को हुई। इसमे कमिटी ने पीड़िता को तत्काल दो लाख 50 हजार रुपये इंटरिम विक्टिम कम्पनशेषन की राशि देने पर सहमति बनी। बिदित हो कि सोमवार को पीड़िता के खाते में कम्पनशेषन की राशि हस्तनान्तरित कर दी जाएगी। ताकि वह आर्केस्ट्रा में डांसर का काम नही करे। बिदित हो कि पलामू जिले के बिश्रामपुर में आर्केस्ट्रा डांसर के साथ सामुहिक दुष्कर्म की घटना का अंजाम तीन युवकों द्वारा दिया गया था। तीनो युवक अभी केन्दीय कारा मेदिनीनगर में बंद है। पीड़िता को जिला प्रशासन के सहयोग से सखी वन स्टॉप सेंटर में पीड़िता को शिफ्ट कराया गया था। साथ ही पीड़िता के देख रहे के लिए एक महिला कर्मी को लगाया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पलामू को सूचित किया गया है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पीड़ित प्रतिकर के तहत अंतरिम राहत के तौर पर प्रतिकर की राशि दो लाख 50 हजार सोमवार को पीड़िता के खाते में हस्तनान्तरित करा दी जाएगी।

## आयोजन | राष्ट्रीय लोक अदालत नव मार्च को तैयारी पूरी

# 25 हजार से अधिक मामले का निस्तारण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में 9 मार्च शनिवार को 10,30 बजे से किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले निस्तारण के लिए 13 पीठो का गठन किया गया है ।इसमें सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछली बार की तुलना में इस बार डिस्पोजल का दर ज्यादा होगा। जो आंकड़ा 25 हजार को पार करेगा। उन्होंने बताया कि पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत में 23हजार से अधिक मामले का निस्तारण किया गया था। यह आंकड़ा इस बार 25 हजार के पार होगा। उन्होंने बताया कि राषटीय लोक अदालत में चेक बाउंस से सम्बंधित बाद,सुल्हनीय प्रव्रीति के फौजदारी मामले, सभी प्रकार के दीवानी मामले, बिधुत अधिनियम के बाद, विवाहोत्तर प्रताड़ना के बाद,राजस्व न्यायालय में लंबित मामले, अंतिम प्रपत्र से सम्बंधित बाद,श्रम बाद, रेलवे न्यायालय में लंबित मामले,छोटे आपराधिक बाद, बैंक ऋण के मामले,बी एस एन एल, बिजली से सम्बंधित ,भूमि अधिग्रहण के मामले, एम ए सी टी , पारिवारिक विवाद, सर्विस से सम्बंधित आदि मामले निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में प्रथम पीठ में कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामले का निस्तारण किया जाएगा।इसमें मामले का निस्तारण कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता छाया सिंह करेंगे। दूसरे पीठ में क्रिमनल अपील क्रिमनल रिवीजन सिविल अपील से संबंधित मामले का निस्तारण जिला एवंअतिरिक्त सत्र न्यायाधीश छह अमरेश कुमार व अधिवक्ता शशि भूषण करेंगे ।पीठ संख्या तीन में बिधुत विभाग से संबंधित मामले का निस्तारण प्रेमनाथ पाण्डेय जिला और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चतुर्थ व अधिवक्ता अमिताभ चन्द सिंह करेंगे ।पीठ संख्या चार में मोटर एक्सीडेंट क्लेम केस से संबंधित मामले का निस्तारण अभिमन्यु कुमार जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे करेंगे ।पीठ संख्या पाँच में वन विभाग ,उत्पाद विभाग से संबंधित मामले का निस्तारण आनंद सिंह व अधिवक्ता बीना मिश्रा करेंगे। पीठ संख्या छह में सिविल केस सीनियर डिवीजन कोर्ट से संबंधित मामले का निस्तारण सिविल जज सीनियर डिवीजन शिखा अग्रवाल व अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्रा करेंगे ।पीठ संख्या सात में क्रिमिनल कंपाउंडेबल केस वन विभाग, उत्पाद विभाग व 138 एन आई एक्ट से संबंधित मामले का निस्तारण अमित गुप्ता एसडीजेएम व अधिवक्ता वीर विक्रम वक्स रॉय करेंगे ।




# महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।**आज महिला दिवस के अवसर पर जहाँ एक ओर महिलाओं को सम्मानित करने, परिचर्चा और महिलाओं के शान में कविताएं लिखने और पढ़ने का सिलसिला चल रहा है, वहीं दूसरी ओर आज की बच्चियाँ जो कि कल की महिला है, उनकी समुचित शिक्षा की व्यवस्था की गई। आज नावाटोली स्थित जूनियर जंक्शन स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती रूपा सिंह ने स्लम की पांच बच्चियों को निः शुल्क शिक्षा देने की इच्छा वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा से जाहिर की। तत्पश्चात शर्मिला वर्मा ने तत्परता दिखाते हुए स्लम की पांच जरुरतमंद बच्चियों का चयन किया और आज महिला दिवस के पावन अवसर पर इन बच्चियों का एडमिशन हुआ। इन बच्चियों को दसवीं तक निः शुल्क शिक्षा की जिम्मेदारी जूनियर जंक्शन स्कूल ने उठाया है। बच्चियों को कॉपी, पेन, किताबें, यूनिफॉर्म सब मुफ्त में मुहैया कराए जाएंगे ताकि अथार्भाव उनकी शिक्षा में बाधक न बने। रूपा सिंह जी से बाकी स्कूल प्रबंधन को भी प्रेरणा लेने की जरूरत है ताकि जरूरतमंद बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

## बैंक ऑफ इंडिया लगातार दूसरी बार पुरस्कृत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार, राजभाषा विभाग द्वारा बैंक ऑफ इंडिया को लगातार दूसरी बार पुरस्कृत किया गया है। राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 'क' क्षेत्र के बैंक श्रेणी में संघ सरकार की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए 2022-23 का द्वितीय पुरस्कार बैंक ऑफ इंडिया रांची आंचलिक कार्यालय को प्राप्त हुआ है। सिलीगुड़ी में आयोजित संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह' में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, निशित प्रामाणिक ने बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल के प्रबंधक संजीव कुमार सिंह को शील्ड प्रदान कर तथा प्रबंधक राजेश यादव को प्रमाणपत्र देकर कर सम्मानित किया गया है।

## महाशिवरात्रि पर अहर्निश शिव नाम संकीर्तन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को पुराना विधानसभा मैदान, एचईसी, धुर्वा में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ अहर्निश शिव नाम संकीर्तन अष्टयाम का शुभारंभ हुआ। 'हर भोला, हर शिव' के नाम की धुनी के साथ मंत्रोच्चार से माहौल सुवासित हो उठा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 'महागुरु महादेव' के गुरु स्वरूप से जुड़ने का आह्वान किया गया। आयोजन प्रमुख अर्चित आनंद ने बताया कि देश सहित विदेशों के अनेक शहरों में और लाखों घरों में महाशिवरात्रि और संकीर्तन का आयोजन शिव शिष्यों द्वारा किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य है कि साहब/दीदी के उद्घोष 'आओ चलें शिव की ओर' को जन जन तक पहुंचाना है।

## सेंट्रल बैंक में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय रांची ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही हर्ष के साथ मनाया। इस अवसर पर देश की जानी मानी अंतरराष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी मसीरा सुरीन को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम जीवन के सभी पहलुओं में महिला शक्ति का सम्मान करें तथा महिलाओं के अधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट करें। इस अवसर पर समारोह की मुख्य अतिथि मसीरा सुरीन हॉकी से संबंधित रोचक घटनाओं का जिक्र किया। समारोह में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की सभी महिला सहकर्मियों को सम्मानित किया गया।

## यूनियन बैंक में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, रांची ने महिला दिवस के उपलक्ष्य में 'इम्पावर हर' पहल के अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन किया। इसमें 'पिंकथॉन' एवं रांची के विभिन्न स्थानों में 'स्वास्थ्य शिविर' का आयोजन शामिल है। स्वास्थ्य शिविर में यूनियनाइट्स एवं यूनियन बैंक के ग्राहकों ने अपनी जांच करवाई। इसके अलावा, यूनियन बैंक द्वारा महिला यूनियनाइट्स, यूनियनाइट्स के परिवार से महिलाओं एवं यूनियन बैंक के ग्राहकों के लिए महिला संगोष्ठी एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक विजय कुमार रॉय, उप-अंचल प्रमुख, आलोक कुमार, उप-अंचल प्रमुख, सुश्री सोनालिका, क्षेत्र प्रमुख, सुश्री सुनीता यादव, सहायक महाप्रबंधक, सुश्री चारु सिन्हा, सहायक महाप्रबंधक, सुश्री दीपमाला लकड़ा, सहायक महाप्रबंधक भी शामिल हुए।

## पेज एक के शेष

### कांग्रेस ने 39 नामों ...

डॉ. शिवकुमार डहरिया, कोरबा से ज्योत्सना महंत, राजनांदगांव से भूपेश बघेल, दुर्ग से राजेंद्र साहू, रायपुर से विकास उपाध्याय, महासमुंद से ताम्रध्वज साहू बीजापुर (एससी) से एचआर अलगुर (राजू), हावेरी से आनंदस्वामी गद्दादेवरा मठ, शिमोगा से गीता शिवराजकुमार, हासन से श्रेयस पटेल, मांड्या से एसपी मुद्दाहनुमेगौड़ा वेंकटरामेगौड़ा (स्टार चंद्रू), बेंगलुरु ग्रामीण डीके सुरेश, कासरगोड से राजमोहन उन्नीथन, कन्नूर से के. सुधाकरन, वडकारा से शफी परम्बिल का नाम है। वायनाड से राहुल गांधी कोझिकोड से एमके राघवन, पलक्कड़ से वीके श्रीकंदन, अलाथुर (एससी) से राम्या हरिदास, त्रिशूर से के. मुरलीधरन, चलाकुडी से बेनी बेहनन, एनार्कुलम से हिबी ईडन, इडुक्की से डीन कुरियाकोस, अलप्पुझा से केसी वेणुगोपाल, मावेलिककारा (एससी) से कोडिकुन्निल सुरेश, पथानमथिट्टा से एंटो एंटनी, अट्टिंगल से अदूर प्रकाश तिरुवनंतपुरम से डॉ. शशि थरूर, लक्षद्वीप (एसटी) से मो. हमदुल्लाह सईद, शिलांग (एसटी) से विंसेंट एच. पाला, तुरा (एसटी) से सालेंग ए. संगमा, नगालैंड से एस. सुपोंगमेरेन जमीर, सिक्किम से गोपाल छेत्री, जहीराबाद से सुरेश कुमार शेटकर, नलगोंडा से रघुवीर कुंडुरु, महबूबनगर से चल्ला वामशी चंद रेड्डी, महबुबाबाद (एसटी) से बलराम नाइक पोरिका और त्रिपुरा पश्चिम आशीष कुमार साहा का नाम है।

### हर ग्रेजुएट को अप्रेंटिसशिप का ...

उन्होंने कहा, आदिवासियों की जल, जंगल की लड़ाई हमारी लड़ाई है। आपके साथ हम खड़े हैं। राहुल ने कहा, हम हिंदुस्तान के सब युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अधिकार देने जा रहे हैं। यह अधिकार हर ग्रेजुएट युवा को मिलेगा। कॉलेज डिप्लोमा के बाद एक साल के लिए हर ग्रेजुएट को सरकारी व प्राइवेट कंपनी में एक साल के अप्रेंटिसशिप दी जाएगी, साथ ही एक लाख रुपये दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कॉलेज के अगले दिन अप्रेंटिसशिप का अधिकार मनरेगा के अधिकार की तरह होगा।

### कोल डंप पर वर्चस्व की...

कोल डंप में कोयला लोडिंग का काम बंद करा दिया था और मैनुअल लोडिंग की मांग को लेकर धरना दे रहा था। शुक्रवार को दोनों गुट आमने-सामने हो गए। नारेबाजी के बीच फायरिंग होने लगी और बमों के धमाके गूंजने लगे, जिससे पूरा इलाका थर्रा उठा। इस दौरान दोनों ओर से कई वाहनों में भी जमकर तोड़फोड़ की गई। इसमें मजिस्ट्रेट और मीडिया के वाहन भी शामिल हैं।

मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके से छह जिंदा बम और कई खोखा बरामद किया है। घटना को देखते हुए मौके पर कई थानों की पुलिस और सीआईएसएफ जवानों की तैनाती की गई।

बताया जा रहा है कि कई दिनों से लोडिंग को लेकर कोलडंप में टकराव की स्थिति बनी हुई थी। जिसे रोकने में बीसीसीएल और पुलिस असफल रही है। वही घटना को लेकर बाघमारा सीओ विकास आनंद ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में कर ली गई है। हंगामा करने वालों के ऊपर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

### अबु बकर सिद्दीकी फिर ...

अब राज्य सरकार ने इसे विलोपित कर दिया है। इसके अलावा पशुपालन निदेशक के पद पर पदस्थापित किरण कुमारी पासी को उत्पाद आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। बोकारो के उपायुक्त पद पर पदस्थापित जाधव विजया नारायण राव को क्षेत्रीय निदेशक, जियाडा, बोकारो प्रक्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी के निदेशक उत्कर्ष गुप्ता को माध्यमिक शिक्षा निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### ओहो बाबा ...

दोनों हाथ जोड़कर अभिवादन किया। महिला हीं नहीं पुरुष द्वारा पैर छूने की घटना के बाद प्रधानमंत्री असहज हो चुके हैं। दो साल पहले प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल के दौरे पर थे तभी एक कार्यकर्ता मंच पर चढ़कर उनके पैर छू लिए। इसके बाद प्रधानमंत्री ने अभिवादन के प्रतिस्वरूप खुद दंडवत होकर अभिवादन किया और फिर कार्यकर्ता को कंधे से पकड़कर उठाया। पहले पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे भी भावविभोर होकर प्रधानमंत्री के पैर छूते नजर आए थे प्रधानमंत्री ने तुरंत उनके बाजू में थाम लिया और गले लगा लिया।




## एक नजर

### ओडिशा के सुंदरगढ़ में सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के मुंडाजोर से दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना सामने आई है। दरअसल, वाहन पलटने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। मृतक और घायल झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में अनापासीता के हैं। बता दें कि गुरुवार की रात लाठीकटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अटलघाट गांव में 20 लोग शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। पुलिस अधिकारी ने कहा, जिस पिकअप वैन में यह सभी सवार होकर जा रहे थे, वो ओवरस्पीडिंग की वजह से अपना संतुलन खो बैठी और और सड़क किनारे 10 फीट गहरी जगह में लुढ़क गई। इसके बाद घायलों को राउरकेला स्थित अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल, 11 घायलों का राउरकेला स्थित सरकारी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### बांग्लादेश में बस पलटी, 3 की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के फरीदपुर के भांगा उपजिला में शुक्रवार की सुबह एक यात्री बस पलट गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम 10 अन्य घायल हो गए। ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार, यह हादसा ढाका-बारिसल राजमार्ग पर बबनाटाला बस स्टैंड के पास हुआ। सूचना मिलते ही अग्निशमन सेवा और राजमार्ग पुलिस के सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को भांगा उपजिला स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। भांगा फायर सर्विस स्टेशन के प्रबंधक अबू जफर ने कहा कि सभी शव पुलिस स्टेशन भेज दिए गए हैं।

### भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर पाक घुसपैठिए को मार गिराया

**श्रीगंगानगर/जयपुर।** सीमा सुरक्षा बल ने गुरुवार देर रात भारत-पाकिस्तान सीमा पर एक पाक घुसपैठिया को मार गिराया। घुसपैठिया पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश कर रहा था। उस दौरान उसे चेतावनी दी गई लेकिन नहीं मानने पर उससे सीमा प्रहरियों ने मार गिराया। सूचना मिलने पर शुक्रवार सुबह बीएसएफ और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटना श्रीगंगानगर जिले के केसरीसिंहपुर थाना क्षेत्र के सुंदरपुरा बीओपी में बीती रात एक बजे की है। रात को बीएसएफ के जवान गश्त कर रहे थे। पाकिस्तानी घुसपैठिया खेतों के बीच में से होकर भारत की सीमा की तरफ आ रहा था। जवानों को हलचल महसूस होने पर उसे रोकने का प्रयास किया और चेतावनी दी गई लेकिन वह नहीं माना। वह फैंसिंग लांघने का प्रयास कर रहा था तभी बीएसएफ के जवानों ने गोली चला दी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



महाशिवरात्रि





# बाबा विश्वनाथ में उमड़ा आस्था का सैलाब, भक्तों पर पुष्पवर्षा

**एजेंसी। वाराणसी**

महाशिवरात्रि पर्व पर शुक्रवार को सर्वार्थ सिद्धि योग, शिव योग, सिद्ध योग, श्रवण व घनिष्ठा नक्षत्र के दुर्लभ संयोग में काशीपुराधिपति के स्वर्णिम दरबार में सुरक्षा के अभेद्य किलेबन्दी के बीच दर्शन पूजन के लिए आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। दरबार में मंगला आरती के बाद से शुरू हुआ दर्शन पूजन का सिलसिला अनवरत जारी है।

बाबा की चौखट से गंगा तट तक 'हर-हर महादेव' का कालजयी उदघोष गूंज रहा है। मंदिर के गर्भगृह में बाबा के प्रति श्रद्धा अनुराग की अखंड जलधार बेलपत्र, मदार, धतुरा, दुग्ध जल ज्योर्तिलिंग पर निरंतर गिर रही है। दरबार में भक्तों को झांकी दर्शन मिल रहा है। जल एवं दूध अर्पण करने के लिए गर्भगृह के चारों द्वारों के बाहर पीतल के विशाल पात्र लगाए गए है। पात्र के नीचे तांबे की प्लेट के जरिये जल एवं दूध बाबा के ज्योर्तिलिंग तक पहुंच रहा है। मंदिर प्रशासन के अनुसार मंगला आरती के बाद पुष्पवर्षा के बीच बाबा धाम में सुबह 09 बजे तक ही तीन लाख 88 हजार से अधिक शिवभक्त दर्शन पूजन कर चुके थे। मंदिर के पांचों प्रवेश द्वार पर दर्शन पूजन के लिए लाखों शिवभक्तों की लम्बी कतार अपनी बारी की प्रतीक्षा में बैरिकेडिंग में डटी हुई है। महादेव और आदि शक्ति के मिलन के महापर्व में शामिल होने के लिए शिवभक्तों में बेकरारी भी दिख रही है। जिले और शहर के प्रमुख शिवालयों से लेकर छोटे-छोटे शिवमंदिरों में भी जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों की भीड़ है। शिवमय हुई नगरी में कंकर-कंकर शंकर का नजारा है। इसके पूर्व गुरुवार शाम से ही शिवभक्त बाबा विश्वनाथ के दरबार में कतारबद्ध होते चले गये। जैसे-जैसे रात चढ़ती गयी कतार का दायरा भी बढ़ता गया। मंगला आरती के बाद सुबह तक बाबा दरबार में जाने के लिए दो किमी से अधिक लम्बी लाइन लग गई। मंदिर में श्रद्धालुओं को पांचों गेट से प्रवेश दिया जा रहा है। तीन से चार घंटे तक लाइन में खड़ा होने के बावजूद शिवभक्तों के चेहरे पर थकान नहीं दिख रही। थकान मिटाने में 'हर हर महादेव' का गगनभेदी उद्घोष रामबाण साबित हो रहा है।

## गंगा समेत सभी नदी तटों और शिवालयों में जनसैलाब

**नई दिल्ली।** समूचे देश में आज महाशिवरात्रि की धूम है। बनारस, प्रयागराज, अयोध्याधाम, चित्रकूट, उज्जैन, हरिद्वार, ऋषिकेश, नासिक, मंडी समेत सभी देवालयों और शिवालयों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। गंगा और अन्य नदियों के पावन तटों पर स्त्री, पुरुष, वृद्ध और बच्चे पवित्र स्नान कर भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर रहे हैं। पूरी काशी बाबा विश्वनाथ के रंग में रंगी है। समूचे बनारस में पर्व का उल्लास हर ओर छलक रहा है। स्नान-ध्यान पूजा-अर्चना से लेकर भोग-आरती भंग की तरंग व विविध धार्मिक-सांस्कृतिक अनुष्ठान शुरू हो चुके हैं। मैदागिन से बाबा विश्वनाथ की भव्य-दिव्य एवं अनोखी बरात निकलनी है। इसमें देवी-देवता, साधु-संत, यक्ष, गंधर्व, किन्नर, भूत-पिशाच, सर्प, बिच्छू आदि सभी शामिल होंगे। डेढ़सी पुल पर बरात का पारंपरिक तरीके से भंग व ठंडई से स्वागत करने की तैयारी की गई है। मध्य प्रदेश के संस्कृति विभाग ने भोजपुर सहित 10 स्थानों पर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 'महादेव' महोत्सव मनाने की तैयारी की है। इन स्थानों में मंदसौर, टीकमगढ़, महू, ग्राम बिल्हा (पन्ना), ओंकारेश्वर, बासौदा (विदिशा), मुरैना, मऊगंज एवं दमोह शामिल हैं।

### काशी के हर शिवालय में भीड़

महाशिवरात्रि पर्व पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के अलावा शहर और आस- पास के सभी प्रमुख शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। गौरी केदारेश्वर, महामृत्युंजय, कृतिविशेश्वर, बैजनत्था, शूलटंकेश्वर,कैथी स्थित मार्कण्डेय महादेव, रामेश्वर, ऋणमुक्तेश्वर महादेव समेत सभी शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ जलाभिषेक के लिए उमड़ रही है। इसके अलावा बीएचयू स्थित नये काशी विश्वनाथ मंदिर में भी लाखों भक्त हाजिरी लगा चुके है। महाशिवरात्रि पर्व पर प्रशासन भी खासा चौकस है। बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर की निगरानी ड्रोन कैमरे और सीसीटीवी से हो रही है। इसके अलावा मंदिर परिक्षेत्र में लगाये गए वॉच टॉवर पर पुलिस के जवान दूरबीन और हाईटेक वेपेन्स के साथ मुस्तैद है। मंदिर से जुड़ने वाली हर सड़क पर आरएएफ, पीएसी के जवान तैनात है। ट्रैफिक डायवर्जन भी लागू किया गया है।

## महाशिवरात्रि पर पशुपतिनाथ मंदिर में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



**एजेंसी। नेपाल**

करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र पवित्र पशुपतिनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पूजा-अर्चना की। बीती रात करीब 12 बजे से ही मंदिर परिसर के पास श्रद्धालुओं की कतार लगनी शुरू हो गई। शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक 11 लाख से अधिक भक्तों के पशुपतिनाथ दर्शन की जानकारी दी गई। पशुपति क्षेत्र विकास कोष के सदस्य सचिव राजू खत्री द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक महाशिवरात्रि के दिन पूरे समय मंदिर के चारों कपाट खोल दिए जाते हैं ताकि भक्तों को दर्शन की सुविधा हो सके। मंदिर परिसर में 10 स्थानों से श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जा रहा है।

शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए आसपास की सड़कों पर वाहनों के प्रवेश को रोक दिया गया है। काठमांडू के चार मुख्य सडकों पर ट्रैफिक डाइवर्जन किया गया है। पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नेपाल पुलिस, सशस्त्र प्रहरी बल और सेना के जवानों की तैनाती की गई है। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता भीम प्रसाद ढकाल ने बताया कि पशुपतिनाथ मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में करीब 10 हजार सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है।

सीसीटीवी और ड्रोन से भी चारों तरफ नजर रखी जा रही है। पुलिस और सेना की तरफ से एंबुलेंस, पेयजल, घुम्ती अस्पताल और स्वास्थ्य शिविर की भी व्यवस्था है। पशुपति क्षेत्र विकास कोष के तरफ से बताया गया है कि भारत से करीब 3 से 4 लाख लोगों का काठमांडू आना हुआ है। हजारों की संख्या में नागा साधु और कई अखाड़ा के साधु काठमांडू पहुंचे हैं। गुजरात, महाराष्ट्र सहित दक्षिण भारत से सबसे अधिक श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं।

## 'आप' ने शुरू किया लोकसभा चुनाव अभियान, स्लोगन जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को प्रचार अभियान का आगाज कर दिया। इसके साथ ही केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव के लिए नारा भी जारी किया। जिसका नाम है: संसद में भी केजरीवाल, तभी दिल्ली होगी खुशहाल। इस बीच आम आदमी पार्टी ने इंडिया गठबंधन और कांग्रेस के साथ सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है। आप ने इस बात पर जोर दिया कि आगामी दिनों में दिल्ली, गुजरात और हरियाणा के लिए सीट शेयरिंग पर भी फैसला कर लिया जाएगा। हालांकि, पंजाब में दोनों ही पार्टियों ने स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने सात में चार सीट पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है, तो कांग्रेस ने तीन पर। इसी तरह से गुजरात और हरियाणा में आम आदमी पार्टी को दो सीटें आवंटित की गई हैं। बता दें कि गुजरात की भरूच और जामनगर, तो वहीं हरियाणा की कुरूक्षेत्र सीट आप को आवंटित की गई है। इसके अलावा आम आदमी पार्टी ने गुवाहाटी, डिब्रूगढ़ और सोनितपुर सीट के लिए भी उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है।

## अमित शाह ने राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का लोकार्पण किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने 'राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस 2023: एक रिपोर्ट' का भी विमोचन किया। केंद्रीय मंत्री शाह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि डेटाबेस सहकारिता क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। डाटा को एक कंपास के समान बताते हुए उन्होंने कहा कि ये डाटाबेस भारत की सभी रजिस्टर्ड कंपनियों की जन्म कुंडली है। मंत्री ने कहा कि इससे हितधारकों को भी मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर अलग से सहकारिता मंत्रालय बनाने की लम्बे समय से मांग थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से ही सहकारिता मंत्रालय बन पाया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने सहकारिता मंत्रालय को आगे बढ़ाने के लिए कई प्रयास किये हैं। उन्होंने कहा कि साहसिक निर्णय लेना और उसे अंजाम तक पहुंचाना प्रधानमंत्री मोदी का चरित्र है। मोदी ने सिर्फ 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। शाह ने बताया कि आज जिस राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का लोकार्पण किया गया है। इसके लिए सहकारी समितियों के डेटा को विभिन्न हितधारकों से तीन चरणों में एकत्र किया गया है। पहले चरण में तीन क्षेत्रों को समाहित किया गया जिनमें प्राथमिक कृषि ऋण समिति, डेयरी और मत्स्य पालन की लगभग 2.64 लाख प्राथमिक सहकारी समितियों की मैपिंग पूरी की गई। दूसरे चरण में विभिन्न राष्ट्रीय संघों, राज्य संघों, राज्य सहकारी बैंक, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, शहरी सहकारी बैंक, राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, प्राथमिक कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, सहकारी चीनी मिलों, जिला यूनियनों और बहुराज्य सहकारी समितियों के आंकड़े एकत्रित किए गए। तीसरे चरण में सभी आठ लाख प्राथमिक सहकारी समितियों का डेटा एकत्र किया।

### राजस्थान : कोटा में शिव बारात में फैला करंट

## 14 बच्चे झुलसे, तीन की हालत गंभीर

**एजेंसी। कोटा**



राजस्थान के कोटा शहर के नदी पार क्षेत्र में कुन्हाड़ी थर्मल चौराहे पर शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व पर निकाली गई शिव बारात में शामिल बच्चों के समूह के अचानक बिजली के करंट की चपेट में आने से उसमें शामिल 14 बच्चे गम्भीर रूप से झुलस गए। इनमें से तीन बच्चों की हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना मिलते ही सांसद ओम बिरला व ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर अस्पताल पहुंचे और बच्चों से मिलकर घटना की जानकारी ली। धार्मिक आयोजन में बड़ा हादसा होने की खबर ने सभी श्रद्धालुओं को हिलाकर रख दिया। यह हादसा शुक्रवार दोपहर में हुआ, जब कुछ बच्चे धार्मिक झंडा लेकर शिव यात्रा में सड़क पर चल रहे थे। इसी दौरान ये झंडा हाईटेंशन लाइन से टच हो गया। बताया जा रहा है कि जहां से शिव बारात गुजर रही थी, वहां पानी भी फैला हुआ था। इस कारण करंट तेजी से फैला। देखते ही देखते धार्मिक उल्लास के बीच हड़कंप की स्थिति बन गई। यह घटना कुन्हाड़ी क्षेत्र में थर्मल चौराहे के पास हुई है। सभी घायलों को महाराव भीमसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### भारत ने कड़ाई से उठाया मुद्दा, रूस से कहा

## सेना से भारतीय सहायकों को जल्द करें कार्यमुक्त

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत ने रूस के साथ उनकी सेना में भारतीयों की भर्ती किए जाने का मुद्दा सख्ती से उठाया है और जल्द से जल्द उन्हें कार्यमुक्त किए जाने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि कई भारतीय नागरिकों को धोखे से रूसी सेना के साथ काम करने के लिए भेजा गया है। हमने कड़ाई के साथ रूस के साथ मामले को उठाया है। साथ ही प्रवक्ता ने फिर भारतीय नागरिकों से अपील की कि वे रूसी सेना में सहायक नौकरियों के लिए एजेंटों द्वारा दिए गए प्रस्तावों से प्रभावित न हों। यह जीवन के लिए खतरे और जोखिम से भरा है। हम रूसी सेना में सहायक स्टाफ के रूप में कार्यरत अपने नागरिकों की शीघ्र रिहाई और अंततः उनकी घर वापसी के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि झूठे बहानों और वादों पर भर्ती करने वाले एजेंटों और बेईमान तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की गई है।

सीबीआई ने कल कई शहरोंमें तलाशी लेकर और आपत्तिजनक साक्ष्य एकत्र करके एक प्रमुख मानव तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। कई एजेंटों के खिलाफ मानव तस्करी का मामला दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ऐसी ही एक नौकरी पर गए हैदराबाद के एक भारतीय नागरिक की रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान मौत हो गई थी।

### पीएमएल-एन सीनेटर इशाक डार हो सकते हैं पाक के अगले विदेश मंत्री



**इस्लामाबाद।** पाक मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सीनेटर इशाक डार देश के विदेश मंत्री हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्टों में ये बात कही गई है। उनकी पार्टी जब सत्ता में पहले थी तो वो वित्त मंत्री थे। सूत्रों ने कहा कि डार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कैबिनेट में विदेश मंत्रालय सौंपा जा सकता है। हालांकि, कार्यवाहक विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी विदेशी मामलों पर प्रधानमंत्री के सलाहकार के रूप में काम करने के लिए तैयार हैं, जबकि तारिक फातेमी को विदेशी मामलों पर विशेष सहायक के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

## आईएएफ का नवीनतम परिवहन विमान सी-295 एमडब्ल्यू पहली बार अगत्ती हवाई अड्डे पर उतरा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय वायु सेना के सबसे बड़े परिवहन विमानों में से एक सी-295 एमडब्ल्यू ने लक्षद्वीप के अगत्ती हवाई अड्डे पर अपनी पहली लैंडिंग की। आईएएफ ने कहा कि एक प्रशिक्षण मिशन के हिस्से के रूप में, आईएएफ सी-295 एमडब्ल्यू विमान ने हाल ही में हवाई अड्डे पर अपनी पहली लैंडिंग की। आईएएफ ने कहा, आंतरिक इलाकों से उड़ान भरने के बाद दूरस्थ स्थान पर उतरना, यह हमारे देश की हवाई क्षमताओं को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। गौरतलब है कि भारत ने 2021 में 56 सी-295 विमानों के लिए एयरबस के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए थे और पिछले साल पहला विमान प्राप्त किया था। ये विमान भारतीय वायुसेना के बेड़े में ब्रिटिश मूल के एवीआरओ की जगह ले रहे हैं, जो 1960 के दशक में शामिल किया गया एक जुड़वा इंजन वाला टर्बोप्रॉप है। डील के मुताबिक, पहले 16 विमान स्पेन के सेविले में असेंबल किए जाएंगे। शेष 40 विमानों का निर्माण और असेंबल गुजरात के वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स (टीएएसएल) द्वारा किया जाएगा।